भोपाल
गुरुवार, 5 फरवरी 2026
फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष–04
वर्ष : 12, अंक : 306
पृष्ठ : 16 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 24
न्यून. 14

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केंद्रीय वन मंत्री यादव से की दिल्ली में भेंट

# 28 फरवरी को मध्यप्रदेश में बोत्सवाना से आएंगे 8 चीते

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने असम से जंगली भैंसा मध्यप्रदेश लाने की सभी आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी करने के लिए बुधवार को नई दिल्ली में केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव से विभिन्न विषयों पर चर्चा की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 28 फरवरी को बोत्सवाना से 8 चीते मध्यप्रदेश लाए जाएंगे। चीतों के पुनर्स्थापन के लिए केंद्रीय मंत्री यादव से आवश्यक सहयोग और व्यवस्थाओं पर भी विस्तृत रूप से बात की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वन्य जीव संरक्षण और ▶▶ शेष पेज 6 पर


मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बुके भेंट करते हुए

## असम से जंगली भैंसा लाकर मध्यप्रदेश के वनों में बसाने पर भी हुई चर्चा

### मप्र में पर्यटन क्षेत्र के विकास की असीम संभावनाएं

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में पर्यटन क्षेत्र के विकास, रिजर्व फॉरेस्ट के विस्तार और वन्य जीव संरक्षण की असीम संभावनाएं हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं केंद्र सरकार के सहयोग से राज्य सरकार वन्य जीवों के संरक्षण की दिशा में अभूतपूर्व कदम उठा रही है। श्योपुर के कूनो नेशनल पार्क में चीतों की बसाहट के बाद अब असम का जंगली भैंसा भी मध्यप्रदेश के जंगलों में स्वच्छंद विचरण करता दिखाई देगा। ▶▶ पढ़ें पेज 05 भी

## सीएम ने केंद्रीय खाद्य मंत्री प्रह्लाद जोशी से की मुलाकात

डॉ. यादव ने बुधवार को नई दिल्ली में केंद्रीय नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा, उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रह्लाद जोशी से भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जोशी से मध्यप्रदेश में मनाए जा रहे किसान कल्याण वर्ष और गेहूं उपार्जन एवं भंडारण व्यवस्था को लेकर विस्तृत चर्चा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में गेहूं का उपार्जन सरलता से पर्याप्त भंडारण व्यवस्था के साथ होता है। जोशी ने मध्यप्रदेश ▶▶ शेष पेज 6 पर


प्रह्लाद जोशी

बड़ी मुश्किल में मंत्री विजय शाह

# शाह का फैसला सुप्रीम कोर्ट में 9 को, भोपाल से जाएगी फाइल

## अभियोजन की मंजूरी की फाइल मंत्रालय में ही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सेना की महिला कर्नल सोफिया कुरैशी पर की गई विवादित टिप्पणी मंत्री विजय शाह के गले की फांस बन गई है। सुप्रीम कोर्ट के सख्त रुख और एसआईटी की सिफारिश के बाद सरकार के पास अभियोजन की फाइल है। एसआईटी ने केस चलाने की सिफारिश की है। माना जा रहा है कि 9 फरवरी तक यह फाइल सुप्रीम कोर्ट भेज दी जाएगी। अब सबकी नजरें 9 फरवरी को होने वाली सुनवाई पर हैं। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर गठित एसआईटी ने छह महीने पहले ही अपनी रिपोर्ट में आरोपों की पुष्टि करते हुए मंत्री पर मुकदमा चलाने की सिफारिश कर दी थी, लेकिन यह फाइल अभी भी मंत्रालय में अनुमोदन के इंतजार में है। यह मामला सिर्फ राजनीतिक नहीं, बल्कि सेना के सम्मान से जुड़ा है। कर्नल सोफिया कुरैशी ▶▶ शेष पेज 6 पर


विजय शाह

1984 से निरंतर सेवा...
MSN माता श्री नेत्रालय
मल्टीस्पेशलिटी नेत्र संस्थान
माताश्री नेत्रालय विगत 42 वर्षों से नेत्र सेवा में तन्मयता से सेवारत...
नेत्र सेवा में विश्वास
डॉ. पी.एस. बिन्द्रा
M.B.B.S., M.D., D.O.M.S.
डॉ. प्रीति बिन्द्रा M.B.B.S., M.S., FCRS लेजर विशेषज्ञ
डॉ. चाहवीर बिन्द्रा M.B.B.S., M.S., FRVS रेटिना विशेषज्ञ
जी–2, मनोरा होम्स के पास (ओरा मॉल के पीछे) गुलमोहर कॉलोनी, भोपाल
समय : सुबह 10.30–3 बजे तक शाम 4.30–6.30 बजे (रविवार अवकाश)
फोन : 0755–2562222, 2562233
मो.: 9826084896

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

नरवणे की किताब पर विवाद का मुद्दा अब 'सरदार बनाम गद्दार' के विषय पर घूम गया

1 संसद परिसर में नेता प्रतिपक्ष और केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू के बीच तीखी बहस

2 केंद्रीय मंत्री पुरी ने कहा कि यह सिख समुदाय के लिए एक गंभीर विषय है

# राहुल: मेरे गद्दार दोस्त कांग्रेस में फिर आओगे

- ▶▶ केंद्रीय मंत्री बिट्टू ने राहुल गांधी को देश का दुश्मन कहा
- ▶▶ बोले- राहुल फिट हैं पर मेरा हाथ भी बहुत भारी है




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद परिसर में बुधवार को विपक्ष के नेता राहुल गांधी और केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू के बीच तीखी बहस हो गई। राहुल गांधी ने बिट्टू पर तीखा हमला करते हुए उन्हें गद्दार कहा। जब केंद्रीय राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू मकर द्वार पर विरोध कर रहे कांग्रेस सांसदों के पास से गुज़रे तो लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा देखो, एक गद्दार यहीं से गुज़र रहा है। इसका चेहरा देखो...। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बिट्टू से हाथ मिलाने की पेशकश करते हुए कहा, ▶▶ शेष पेज 6 पर

# भाजपा: देश में कोई गद्दार है तो वो 'गांधी परिवार' है

- ▶▶ ये वो पापी परिवार है, जिन्होंने सिखों को आतंकी बताया था
- ▶▶ इन्होंने सिखों के गले में टायर डालकर आग लगाने का काम किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि गद्दार का मतलब देश के साथ विश्वासघात करने वाला होता है। यह सिख समुदाय के लिए एक गंभीर विषय है। हरदीप सिंह पुरी ने आगे कहा, राहुल गांधी, रवनीत सिंह बिट्टू के कांग्रेस पार्टी छोड़ने से नाराज हैं, लेकिन उन्होंने बिट्टू से ये भी कहा कि आप वापस आओगे। सिर्फ इसलिए कि एक पगड़ी वाला शख्स आपकी पार्टी छोड़ देगा, तो आप उसको गद्दार कह दोगे। दिल्ली सरकार के मंत्री मनजिंदर ▶▶ शेष पेज 6 पर


हरदीप सिंह पुरी

## प्रियंका ने कहा- हमें एक किताब नहीं दिखाने दे रहे, दुबे 6 किताबें दिखा रहे हैं

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने कहा कि जब मोदी सरकार सदन को बाधित करना चाहती है, तो निशिकांत दुबे को बोलने के लिए खड़ा कर देती है। जहां, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जी को संसद में, एक पब्लिश हो चुकी किताब से कुछ कोट नहीं करने दिया गया, वहीं दुबे 6 किताबें लिए हुए हैं, सामने से दिखा रहे हैं, उनमें से कोट कर रहे हैं, लेकिन उनका माइक बंद नहीं किया जा रहा है। उन्होंने दावा ▶▶ शेष पेज 6 पर ▶▶ पढ़ें पेज 09 भी



### पीएम मोदी का भाषण टला

बुधवार को लोकसभा में भारी शोर-शराबे के कारण सदन की कार्यवाही को गुरुवार तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार शाम लोकसभा को संबोधित करने वाले थे। लेकिन विपक्ष के हंगामे के चलते यह संबोधन नहीं हो सका। इससे पहले, पीयूष गोयल जब ट्रेड डील पर जवाब दे रहे थे, तब भी सदन में विपक्षी सांसदों द्वारा लगातार हंगामा ▶▶ शेष पेज 6 पर


सदन में निशिकांत पुस्तक दिखाते हुए

दुबे के दावों पर विपक्ष का भारी बवाल स्पीकर बिरला तक पहुंची शिकायत

# 6 किताबें लिए दुबे ने नेहरु व इंदिरा पर कर डाली आपत्तिजनक टिप्पणी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में बुधवार को उस वक्त खूब हंगामा हुआ जब धन्यवाद प्रस्ताव के दौरान भाजपा सांसद निशिकांत दुबे 6 किताबें लेकर सदन में आ गए और उनको कोट करते हुए पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और इंदिरा गांधी के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणियां की। विपक्षी सांसद आक्रोशित हो गए और सदन में हंगामा होने के चलते कार्रवाई स्थगित करनी पड़ी। विपक्षी सांसद शिकायत लेकर स्पीकर के पास पहुंचे। स्पीकर ने लिखित शिकायत मांगी है। दरअसल, निशिकांत दुबे जब पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और इंदिरा गांधी के बारे में किताबों वाले दावे कर रहे थे तो उस समय पीठासीन कृष्णा प्रसाद टेनेटी ने उन्हें ▶▶ शेष पेज 6 पर

पीठासीन स्पीकर के रोकने पर भी नहीं रुके

### बिरला ने कहा लिखित में इसकी शिकायत दें

*विपक्षी सांसदों ने निशिकांत दुबे के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में विपक्षी सांसदों ने स्पीकर ओम बिरला से मुलाकात की और पूरी बात रखी। इस पर स्पीकर ने विपक्षी सांसदों ने कहा कि वे लिखित में इसकी शिकायत दें।*

## खबर संक्षेप

### 10 वर्षीय भतीजी के साथ चाचा ने किया रेप

**विदिशा।** गंजबासौदा में मंगलवार रात को चाचा ने अपनी 10 साल की भतीजी से रेप किया। बच्ची खाना देने के लिए गई थी। आरोपी चाचा ने बच्ची को पकड़कर झाड़ियों में ले जाकर वारदात को अंजाम दिया।



### राजा रघुवंशी मर्डर केस में दो आरोपी बरी

**इंदौर।** चर्चित ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी हत्याकांड में गिरफ्तार किए गए दो आरोपियों को अदालत ने बड़ी राहत दी है। सबूतों के अभाव बिल्डिंग मालिक और गार्ड को दोषमुक्त करार दिया गया है।



### सुप्रीम कोर्ट-वांगचुक की जमानत पर विचार करें

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को केंद्र से पूछा कि क्या सरकार क्लाइमेट एक्टिविस्ट और साइंटिस्ट सोनम वांगचुक की तबीयत को देखते हुए उनकी हिरासत पर फिर से विचार कर सकती है?



कोरियन गेम के टास्क के चक्कर में जान देने की बात निकली झूठी

# गाजियाबाद में तीन नाबालिग सगी बहनों ने नौवीं मंजिल से कूद कर की आत्महत्या

एजेंसी ▶▶ गाजियाबाद

उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। यहां तीन नाबालिग सगी बहनों ने नौवीं मंजिल से कूद कर आत्महत्या कर ली है। पुलिस के मुताबिक, गेम खेलने को लेकर परिवार के मना करने पर आत्महत्या जैसा कदम उठा लिया। तीनों बहनों की उम्र 16, 14 और 12 साल बताई जा रही है। गाजियाबाद के थाना टीला मोड़ के भारत सिटी का मामला है। पुलिस छानबीन में जुट गई है। कोरियन ऑनलाइन गेम और टास्क के चक्कर में सुसाइड की बात झूठी निकली है। तीनों बच्चियां कोरियन कल्चर और कोरियन म्यूजिक से प्रभावित जरूर थीं लेकिन उनके टास्क पूरा करने के लिए बिल्डिंग की 9वीं मंजिल से कूदने का अबतक कोई सबूत नहीं मिला ▶▶ शेष पेज 6 पर


इसी बिल्डिंग से कूदी थी


मृतक बहनें



मणिपुर में फिर एनडीए सरकार

## सीएम युमनाम खेमचंद समेत दो डिप्टी सीएम ने ली शपथ

**इंफाल।** मणिपुर में एक बार फिर एनडीए सरकार बन गई है। इस नई सरकार के मुख्यमंत्री युमनाम खेमचंद हैं। उन्हें बुधवार को राज्यपाल अजय कुमार भल्ला ने शपथ दिलाई। साथ ही, कुकी भाजपा ▶▶ शेष पेज 6 पर

- पिछले साल के फरवरी से राष्ट्रपति शासन था

नए अवतार में दिखीं ममता, सुप्रीम कोर्ट में पहली बार किसी सीएम ने की बहस

# जज साहब, हमें इंसाफ नहीं मिल रहा... मैं सामान्य परिवार से हूं, लेकिन अपनी पार्टी के लिए लड़ रही हूं

ममता- मुझे 5 मिनट दीजिए... सीजेआई बोले- हम 15 मिनट देंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट में पहली बार किसी सीएम ने वकील के रूप में केस की बहस करते हुए हिस्सा लिया। ममता बेनर्जी ने बंगाल एसआईआर मामले में न्याय न मिलने की शिकायत करते हुए लोकतंत्र की सुरक्षा की अपील की। ममता ने कहा कि कुछ बेटियां शादी के बाद ससुराल चली गई, लेकिन उनके नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं किए गए। सीजेआई ने कहा- आपने बहुत अच्छा वकील चुना है, आप उनको बहस करने दें। इस पर सीएम ममता ने हाथ जोड़कर कहा- सेव डैमोक्रेसी। सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को ममता एक अलग ही रूप में नजर आईं। वह वकीलों ▶▶ शेष पेज 6 पर ▶▶ पढ़ें पेज 09 भी


सुप्रीम कोर्ट में ममता बेनर्जी लाल घेरे में

सागर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में वारदात

# ड्यूटी के दौरान नर्स की गोली मारकर हत्या..., आरोपी फरार

गोली लगने से नर्स की मौके पर ही मौत एकतरफा प्रेम प्रसंग की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

शाहगढ़ थाना क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात एक नर्स की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। घटना बुधवार रात करीब 8.30 बजे की है।

नर्स की पहचान 25 वर्षीय दीपशिखा चढ़ार के रूप में हुई है। गोली लगते ही नर्स की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस की प्रारंभिक जांच में पता चला है कि हत्यारा जबलपुर के कटंगी पाटन क्षेत्र का रहने वाला है। आरोपी शाहगढ़ में अपने दोस्त के साथ रहता था। नर्स दीपशिखा भी इसी क्षेत्र में बीते करीब दो साल से रह रही थी। लड़का और युवती दोनों एक दूसरे से परिचित थे। बताया गया है कि गोली चलाने वाला आरोपी युवक नर्स पर शादी को लेकर दबाव डाल रहा था। युवती ने उसकी बात मानने से इंकार किया होगा। माना जा रहा है कि इसी के चलते युवक ने वारदात को अंजाम दिया गया है। जानकारी के मुताबिक आरोपी ने तीन गोलियां चलाईं हैं जिनमें से एक नर्स दीपशिखा की पीठ में लगी और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के समय नर्स ड्यूटी पर थीं। अस्पताल परिसर के बाहर जैसे ही वह पहुंची, तभी हमलावर ने फायरिंग कर दी। स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारियों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी।


दीपशिखा चढ़ार (मृतक)

पूर्वी मप्र के अधिकांश जिलों में रात के तापमान में और कमी आएगी

पश्चिमी विक्षोभ हरियाणा के ऊपर सकुर्लेशन के रूप में सक्रिय, तीन दिन बाद नया सिस्टम

# आज दो दर्जन से अधिक जिलों में कोहरा रहेगा...रात का पारा गिरेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित कई जिलों में बुधवार को सुबह मध्यम से घना कोहरा रहा। अब सिस्टम आगे बढ़ने से गुरुवार से मौसम साफ होने लगेगा। इससे रात के तापमान में कमी आएगी। 8 फरवरी तक आमतौर पर मौसम साफ रहेगा। इसके बाद एक बाद फिर बदलाव के संकेत हैं।

मौसम केंद्र के अनुसार गुरुवार को दो दर्जन से अधिक जिलों में कोहरा रहेगा। रात का पारा गिरेगा। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार ▶▶ शेष पेज 6 पर


राजधानी में बड़खेड़ा पठानी से कटारा हिल्स रोड का दृश्य, 4:15 बजे

### आज यहां मध्यम कोहरा

विशेषज्ञ शुक्ला के अनुसार गुरुवार को शिवपुरी, ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, श्योपुरकलां, रीवा, सतना, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी जिलों में मध्यम से घना कोहरा रहेगा। भोपाल, विदिशा, रायसेन, राजगढ़, रतलाम, उज्जैन, शाजापुर, आगर, मंदसौर, नीमच, गुना, अशोकनगर, सिंगरौली, सीधी, शहडोल, कटनी, दमोह, सागर, मैहर आदि जिलों में मध्यम कोहरा रहेगा।

### बढ़ेगी रात में सर्दी

बुधवार को प्रदेश के अधिकांश जिलों में दिन-रात के तापमान में औसतन एक डिग्री की कमी आई। औसत पारा 23.5 डिग्री रहा, जबकि न्यूनतम तापमान 12 डिग्री के करीब दर्ज हुआ। भोपाल में दिन का पारा 1.4 डिग्री गिरकर 22.8 डिग्री रहा, जो सामान्य 3.4 डिग्री कम रहा। रात में दशमलव 6 डिग्री बढ़कर 14 डिग्री रहा, जो नॉर्मल से 2.5 डिग्री अधिक है। गुरुवार से पूर्वी मप्र के अधिकांश जिलों में रात के तापमान में और कमी आएगी।

# राजधानी में धूमधाम से मनाया पोंगल महोत्सव, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

तमिल संगम भोपाल, कला केंद्र भोपाल, जीएम इंटरनेशनल ग्रुप ऑफ स्कूल तथा दिल्ली कलाई इलक्किया पेरवई के संयुक्त तत्वावधान में पोंगल पर्व बड़े हर्षोल्लास और पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम में समाज की महिलाओं और बच्चों ने समूह नृत्य, गायन एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। इस अवसर पर मणिकंडन स्वामी (अपर आयुक्त, जीएसटी विभाग), एस. चंद्रशेखर (अध्यक्ष, तमिल संगम), डॉ. शांता अय्यर (अध्यक्ष, कला केंद्र), डॉ. सुरेश कुमार (जीएम स्कूल), नीरज स्वामी (अध्यक्ष, मध्यप्रदेश तमिल संगम), के. शंकर एवं सुब्रमण्यम (महासचिव, मध्यप्रदेश तमिल संगम) सहित हरिकृष्णन, रामदास द्रविड़ एवं कार्तिक स्वामी शहर बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

**समाज की महिलाओं और बच्चों ने समूह नृत्य, गायन एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी**



पोंगल महोत्सव के दौरान स्कूली बच्चों ने उत्साह से भाग लिया।


चार दिवसीय फसल उत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देते कलाकार।

### सूर्य देव और प्रकृति को समर्पित पर्व

पोंगल तमिलनाडु का प्रमुख चार दिवसीय फसल उत्सव है, तमिल हिंदुओं द्वारा श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाता है। यह पर्व सूर्य देव और प्रकृति को समर्पित होता है, जिसमें अच्छी फसल के लिए आभार व्यक्त किया जाता है।

### सात दिवसीय महामृत्युंजय महायज्ञ का शुभारंभ

## बाबा महाकाल को पालकी में विराजित कर निकाली शोभायात्रा

आनंद नगर स्थित मानक विहार में सात दिवसीय महामृत्युंजय महायज्ञ का शुभारंभ बुधवार को विशाल शोभा यात्रा निकालकर किया गया। शोभायात्रा में नगर के सभी श्रद्धालु शामिल हुए। बता दें कि यह कलश यात्रा के वल एक परंपरा नहीं है बल्कि यज्ञ का महत्वपूर्ण अंग है। कलशों में भरा तीर्थ धाम का जल और विधि विधान के साथ पूजन किया। मान्यता है कि नगर के जिस मार्ग से होकर कलश यात्रा निकलती है तो वहां से नकारात्मकता दूर हो जाती है और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। बाबा महाकाल को पालकी में विराजित कर बाबा के जयकारों के साथ डीजे और ढ़ोल नागाड़ों की धुन पर झूमते नाचते भोलेनाथ के भक्त यज्ञ स्थली पर पहुंचे। आयोजन समिति के सदस्य नीलेश साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि आयोजन इस सात दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान में प्रतिदिन सुबह आठ बजे से यज्ञ पूजन एवं बाबा भोलेनाथ का रुद्राभिषेक होगा। यह महायज्ञ को आयोजित करने का उद्देश्य जनसेवा के निहित सभी को दीर्घायु प्राप्त हो और आरोग्यता है। समिति के सदस्य मिथलेश साहू ने बताया कि समारोह के अंतिम दिन 10 फरवरी को सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन कर भंडारा आयोजित किया जाएगा।


शोभायात्रा निकालते श्रद्धालु।

### 13 फरवरी को सूर्य देव कुंभ राशि में करेंगे प्रवेश

## कल शुक्र ग्रह बदलेंगे अपनी चाल, कई राशियों की पलटेगी किस्मत, बरसेगी शुक्रदेव की कृपा

शुक्र ग्रह को प्रेम, सुख-सुविधा, सौंदर्य और भौतिक आनंद का प्रतीक माना जाता है, जब भी शुक्र अपनी चाल बदलते हैं, तो इसका असर सीधे रिश्तों, आराम और लाइफस्टाइल पर दिखाई देता है। इस माह 6 फरवरी को शुक्रदेव शनि की राशि कुंभ में प्रवेश करेंगे, जोकि 2 मार्च तक रहेंगे। कुंभ राशि स्वतंत्र सोच और आधुनिक विचारों से जुड़ी मानी जाती है, ऐसे में यह गोचर भावनाओं से ज्यादा समझदारी और दोस्ती को महत्व देगा। मां चामुंडा दरबार के पुजारी पंड़ित रामजीवन दुबे ने बताया कि 6 फरवरी को शुक्र ग्रह भी इसी राशि में अपना स्थान लेंगे। इसके बाद 13 फरवरी को सूर्य देव कुंभ राशि में एंट्री करेंगे। तो वहीं माह के अंतिम दिनों में 23 फरवरी को मंगल ग्रह भी इसी राशि में आ जाएंगे।

### इन राशियों पर पड़ेगा यह असर

**मेष**: आय और कॅरियर से जुड़े नए मौके मिलेंगे। दोस्तों और नेटवर्किंग से फायदा होगा।
**मिथुन**: भाग्य का साथ मिलेगा। विदेश यात्रा, पढ़ाई और धार्मिक कार्यों में सफलता के योग हैं।
**तुला**: पढ़ाई, क्रिएटिव फील्ड और प्रेम जीवन के लिए शानदार समय रहेगा।
**कुंभ**: व्यक्तित्व में निखार आएगा। बिजनेस और रिश्तों में संतुलन और लाभ मिलेगा।
**वृषभ** : राशि वालों को धन लाभ होने के योग बनेंगे।
**कर्क** : राशि वालों का भाग्योदय हो सकता है।
**सिंह** : आपके लिए समय सकारात्मक रहने वाला है।
**कन्या** : माह के प्रारंभ में कुछ चुनौतियां आएंगी।
**तुला** : धन लाभ हो सकता है और कोई वाहन आप खरीद सकते हैं।

### श्रीराम कथा में मनाया श्रीराम जन्मोत्सव

मनुष्य के शरीर में ही सारा ब्रह्मांड समाया हुआ है। अगर खोज करना ही है तो श्रीराम कथा के पात्रों की खोज मनुष्य को अपने शरीर में ही करना चाहिए। यह उद्गार श्रीराम जानकी मंदिर शिक्षक कांग्रेस कॉलोनी समिति द्वारा आयोजित श्रीराम कथा के दूसरे दिन बुधवार को कथावाचक पंडित सुशील महाराज ने व्यक्त किए। कथा में धूमधाम से श्रद्धालुओं मंगल भजन गाकर भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव मनाया। मंच से सुशील महाराज ने सभी को राम जन्मोत्सव की बधाई दी और अपनी सुमधुर वाणी से भजनों की प्रस्तुतियां दी।

### स्वास्थ्य संचालक ने सीएमएचओ से 24 घंटे में तलब किए दस्तावेज

भोपाल। स्वास्थ्य विभाग में व्याप्त अनियमितताओं को लेकर एक बड़ा प्रशासनिक कदम सामने आया है। स्वास्थ्य सेवाओं की क्षेत्रीय संचालक द्वारा सीएमएचओ डॉ मनीष शर्मा से एनआरआई इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एवं पेरेंटल अरनव अस्पताल के पंजीयन से संबंधित समस्त दस्तावेज 24 घंटे के भीतर प्रस्तुत करने के निर्देश जारी किए गए हैं। यह कार्रवाई शिकायतकर्ता एनएसयूआई प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार द्वारा प्रस्तुत शिकायत के आधार पर की गई है। उन्होंने शिकायत में कहा कि मामले की जांच कर आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की जाए।

- फर्जी निरीक्षण रिपोर्ट मामला: डॉ. रितेश रावत व डॉ. अभिषेक सेन पर जल्द होगी कार्रवाई

शिकायत में परमार ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि सीएमएचओ कार्यालय में पदस्थ अधिकारियों द्वारा फर्जी एवं कूटरचित भौतिक निरीक्षण रिपोर्ट तैयार कर शासन-प्रशासन को गुमराह किया गया, जिसके आधार पर संस्थानों को अनुचित लाभ पहुंचाया गया। प्रारंभिक जांच में डॉ. रितेश रावत एवं डॉ. अभिषेक सेन की भूमिका संदिग्ध पाई गई है। फर्जी निरीक्षण रिपोर्ट तैयार करने के मामले में दोनों अधिकारियों के विरुद्ध शीघ्र विभागीय एवं कानूनी कार्रवाई किए जाने की तैयारी की जा रही है। एनएसयूआई ने मांग की कि जांच के बाद निलंबन एवं एफआईआर दर्ज की जाए।

### जेपी नगर, छोला, काजी कैंप के बच्चे भी कैंसर से प्रभावित

# यूका फैक्ट्री के आसपास 334 कैंसर पीड़ित मरीज, नई पीढ़ी में भी कैंसर के लक्षण मिले

» *महिलाओं की अपेक्षा गैस पीड़ित पुरुषों में कैंसर की दर अधिक*

» *गैस पीड़ित आबादी में खून, फेफड़े और गले के कैंसर की दर सबसे ज्यादा*

» *कैंसर दिवस के मौके पर संभावना ट्रस्ट क्लीनिक ने दी जानकारी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री के आसपास जेपी नगर, कैंची छोला और काजी कैंप में गैस प्रभावित 21 हजार 276 लोगों में से कैंसर के 334 मरीज हैं। नई पीड़ी में भी कैंसर के लक्षण मिले हैं। बुधवार को यह आंकड़े गैस पीड़ितों को लेकर काम और इलाज करने वाले संभावना ट्रस्ट क्लिनिक ने बुधवार को जारी किए। विश्व कैंसर दिवस के मौके पर संभावना ट्रस्ट क्लिनिक ने मीडिया को जानकारी दी।

वर्ष 1984 के यूनियन कार्बाइड हादसे से प्रभावित आबादी में कैंसर की दर, अपीड़ित आबादी की तुलना में लगभग 13 गुना ज्यादा है। आंकड़ों से यह भी पता चलता है कि गैस पीड़ित महिलाओं की अपेक्षा गैस पीड़ित पुरुषों में कैंसर की दर अधिक है। यह भी देखा गया है कि गैस पीड़ित आबादी में खून, फेफड़े और गले के कैंसर की दर सबसे ज्यादा है। संभावना क्लिनिक की सामुदायिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण यूनिट के सदस्य राधेलाल नापित ने बताया कि 21 हजार 276 गैस पीड़ितों और 25 हजार 528 अपीड़ित व्यक्तियों के स्वास्थ्य की स्थिति के बारे में जानकारी इकट्ठा की है। जिन्हें साल 1992 और 2012 के बीच कैंसर का पता चला था।


विश्व कैंसर दिवस पर लोगों को कैंसर से बचाव के लिए जागरूक करते विद्यार्थी।

### विश्व कैंसर दिवस पर चिरायु कैंसर अस्पताल में जागरूकता एवं सम्मान समारोह




विश्व कैंसर दिवस पर चिरायु कैंसर अस्पताल में जागरूकता एवं सम्मान कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाना, इलाज में आधुनिक प्रगति तथा कैंसर से जंग जीत चुके मरीजों के साहस, संघर्ष और सफलता को समाज के सामने प्रस्तुत करना रहा। इस अवसर पर चिरायु कैंसर अस्पताल द्वारा भोपाल में कैंसर देखभाल के 10 सफल वर्ष पूरे होने का उत्सव भी मनाया गया। अस्पताल के चेयरमैन एवं संस्थापक डॉ. अजय गोयंका ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में चिरायु कैंसर अस्पताल ने भोपाल और आसपास के क्षेत्रों के हजारों मरीजों को आधुनिक, सुलभ और भरोसेमंद कैंसर उपचार प्रदान किया है। मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. अनिकेत गोयंका ने कैंसर उपचार में हुई नई प्रगति पर जानकारी दी। कार्यक्रम का सबसे प्रेरणादायक क्षण तब आया जब 50 से अधिक कैंसर को मात दे चुके मरीजों (कैंसर विजेताओं) ने चिरायु कैंसर अस्पताल में मिले इलाजको सफलता का मुख्य आधार बताया।

### विश्व कैंसर दिवस पर निकाली जागरूकता रैली, आयोजित हुए विशेष स्क्रीनिंग शिविर


रैली को हरी झंडी दिखाते सीएमएचओ डॉ. शर्मा।

विश्व कैंसर दिवस पर बुधवार जेपी अस्पताल से जागरुकता रैली को सीएमएचओ डॉ. मनीष शर्मा ने हरी झंडी देकर रवाना किया। रैली के माध्यम से कैंसर के विभिन्न प्रकारों, लक्षणों की पहचान और उपचार के संदेश दिए गए। कैंसर दिवस पर स्वास्थ्य संस्थाओं में आयोजित परामर्श एवं जागरूकता शिविरों में मुख, स्तन कैंसर, सर्वाइकल कैंसर तथा अन्य कैंसर के लक्षणों की जानकारी दी गई। आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में तंबाकू के दुष्प्रभावों एवं कैंसर जागरुकता हेतु प्रश्नोत्तरी, रैली निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। जेपी अस्पताल में आयोजित कार्यक्रम में कैन किड्स किड्स कैन संस्था के प्रतिनिधियों द्वारा चाइल्डहुड कैंसर की जानकारी दी गई। संस्था द्वारा जन्म से 19 साल तक के बच्चों को उपचार के दौरान निःशुल्क आवास, पोषण सहायता, शिक्षा, मनोवैज्ञानिक परामर्श, चिकित्सकीय जांच-इलाज में सहयोग तथा सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। संस्था के स्टेट प्रोजेक्ट मैनेजर सौरभ सिंह चौहान ने बताया कि बाल कैंसर के लक्षणों को सही समय पर पहचान और उपचार किया जा सकता है।

**इन इलाकों में कराया सर्वे**

टीम ने जयप्रकाश नगर, कैंची छोला, काजी कैंप और यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री से 3 किलोमीटर के दायरे में आने वाले इलाकों का सर्वे किया था। वहीं, अन्ना नगर, भीम नगर और वल्लभ नगर में 25 हजार 528 गैस पीड़ितों में से 30 में कैंसर के लक्षण मिले हैं।

### प्रदेश भर में 12 हजार 920 परीक्षा केंद्र बनाए

## बोर्ड पैटर्न पर होगी कक्षा 5वीं, 8वीं की परीक्षाएं, 20 फरवरी से होगी शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में शिक्षण सत्र 2025-26 की कक्षा 5वीं एंव 8वीं की परीक्षा बोर्ड पैटर्न पर होगी। परीक्षा 20 फरवरी से शुरू होगी और 28 फरवरी तक चलेगी। परीक्षा के लिए प्रदेश भर में 12 हजार 920 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। इन परीक्षा केंद्रों पर लगभग 25 लाख विद्यार्थी परीक्षा देंगे। राज्य शिक्षा केंद्र ने मंगलवार को इस संबंध में दिशा निर्देश भी जारी कर दिए हैं।

राज्य शिक्षा केन्द्र के संचालक हरजिंदर सिंह ने बताया कि परीक्षा केन्द्रों पर विद्यार्थियों की संख्या के अनुसार आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इन परीक्षाओं में शासकीय विद्यालयों के साथ-साथ निजी स्कूलों एवं मदरसों के विद्यार्थी भी शामिल होंगे। इस वर्ष 1 लाख 10 हजार 615 शासकीय, निजी शालाओं एवं मदरसों के लगभग 24 लाख 90 हजार विद्यार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। इसमें से 522 निजी विद्यालयों के 20 हजार 736 विद्यार्थियों के लिए एनसीईआरटी पाठ्यक्रम के अनुसार भाषा विषय के पृथक प्रश्न पत्र तैयार किए गए हैं। अन्य विषयों के प्रश्न पत्र राज्य द्वारा निर्धारित पाठ्यपुस्तकों के आधार पर बनाए गए हैं। परीक्षा में 86 हजार 109 शासकीय शालाओं, 23 हजार 980 अशासकीय शालाओं एवं 525 मदरसों के विद्यार्थी भाग लेंगे।

### बीयू: संबद्ध कॉलेजों को सूचना जारी

## एमबीए के फार्मों में दस्तावेजों की कमी विवि प्रशासन ने जारी किया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित बरकतउल्ला विश्वविद्यालय ने बुधवार को संबद्ध कॉलेजों को सूचना जारी कर एमबीए के परीक्षा आवेदनों में दस्तावेजों की कमी के संबंध में ताकीद किया है।

बीयू प्रशासन के अनुसार विवि से संबद्ध प्रबंध संकाय संचालित महाविद्यालयों के प्राचार्यों को सूचित किया गया है कि डीटीई द्वारा एमबीए में प्रवेशित छात्रों के नामांकन फार्म महाविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय में जमा कराए गए हैं। इन फार्मों की जांच के बाद पता चला है कि इनमें से अधिकांश छात्रों के फार्मों में वांछित दस्तावेजों की कमी पाई गई है, जिसमें मूल आब्रजन पत्र (इमिग्रेशन सर्टीफिकेट) मुख्य है। बीयू के परीक्षा नियंत्रक द्वारा जारी अधिसूचना में कॉलेजों के प्राचार्यों से कहा है कि 7 दिन के अंदर प्रवेशित छात्रों के नामांकन संबंधी वांछित दस्तावेजों को विवि की नामांकन शाखा में जमा कराया जाए अन्यथा ऐसे छात्र परीक्षा में शामिल नहीं हो सकेंगे, जिसकी संपूर्ण जबावदेही संबंधित महाविद्यालय के प्राचार्य की होगी।

## एलएनसीटी यूनिवर्सिटी करेगा गाम्बिया के 61वें स्वतंत्रता दिवस की मेजबानी




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारत और विशेष रूप से मध्य प्रदेश के लिए यह एक ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण क्षण होने जा रहा है, जब मध्य भारत की सबसे बड़ी प्राइवेट यूनिवर्सिटी एलएनसीटी यूनिवर्सिटी अंतरराष्ट्रीय स्तर के एक बड़े आयोजन की मेजबानी करेगी। आगामी 14 फरवरी 2026 को एलएनसीटी यूनिवर्सिटी में गाम्बिया देश का 61वां स्वतंत्रता दिवस भव्य रूप से मनाया जाएगा। यह पहली बार होगा जब गाम्बिया जैसे अफ्रीकी देश का राष्ट्रीय स्वतंत्रता दिवस भारत की किसी निजी यूनिवर्सिटी परिसर में आयोजित किया जाएगा। इस विशेष अवसर पर दोनों देशों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा। अजी फॉतुमाता जूफ, फर्स्ट सेक्रेटरी गाम्बिया दूतावास, उमर सम्पो सीसे, द्वातीय सेक्रेटरी गाम्बिया दूतावास और इंद्राणी मूले, सलाहकार, अफ्रीकन स्टूडेंट असोसिएशन, गाम्बिया दूतावास भी मौजूद रहेंगी।

### गाम्बिया दूतावास का एलएनसीटी विवि पर भरोसा

पश्चिमी अफ्रीका में स्थित गाम्बिया देश के इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय पर्व के आयोजन के लिए गाम्बिया दूतावास के हाई कमिश्नर अंशु जावर ने स्वयं एलएनसीटी यूनिवर्सिटी का चयन किया है। यह चयन न केवल एलएनसीटी यूनिवर्सिटी की शैक्षणिक गुणवत्ता और वैश्विक पहचान को दर्शाता है, बल्कि भारत और अफ्रीकी देशों के बीच मजबूत होते शैक्षणिक और सांस्कृतिक संबंधों का भी प्रतीक है।

## संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती पर 5 फरवरी को होगा समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की 649वीं जयंती पर भारतीय जनता पार्टी, अनुसूचित जाति मोर्चा द्वारा 5 फरवरी को सुबह 11 बजे से हिन्दी भवन, पॉलिटेक्निक चौराहा, भोपाल में समारोह का आयोजन किया गया है। भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालसिंह आर्य के मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। समारोह में विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी, भगवान दास सबनानी, जिला अध्यक्ष रविन्द्र यति, रामस्वरूप शुक्रवारे सहित बड़ी संख्या में संत, महात्मा शामिल होंगे।

## हथाईखेड़ा डैम के कैचमेंट में दो अवैध कॉलोनी पर चली जेसीबी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हुजूर क्षेत्र के अरेड़ी गांव में हथाईखेड़ा डैम के केचमेंट एरिया में बुधवार को अवैध कॉलोनियों पर कार्रवाई की गई। दो कॉलोनी में जेसीबी की मदद से बाउंड्रीवॉल तोड़ दी गई, जबकि सड़कें उखाड़ दी। ये अवैध तरीके से डेवलप हो रही थी। यहां पर पिछले कुछ दिन से अवैध कॉलोनियां काटी जा रही हैं। एसडीएम विनोद सोनकिया ने बताया कि अतिरिक्त तहसीलदार अतुल शर्मा के साथ टीम ने अयोध्या नगर थाना पुलिस के साथ कार्रवाई की। यहां हरिदेव लेक सिटी और सियाराम सिटी पर कार्रवाई की गई है। इन कॉलोनियों में सीमेंट क्रांकीट की सड़कें भी बना दी गई थी। वहीं, मुरम-बोल्डर से बनी सड़कें भी उखाड़ दी गई।

**टीम ने बाउंड्रीवॉल तोड़ी, सड़कें उखाड़ी**


हथाईखेड़ा डैम के कैचमेंट में जेसीबी की मदद से सड़क उखाड़ते हुए।


### अयोध्या बायपास 10 लेन प्रोजेक्ट...

### एनजीटी की रोक से पहले जहां पेड़ काटे, वहां हो रहा चौड़ीकरण, वर्तमान में लगी है रोक

## करोंद के पास दूसरे बड़े फ्लाईओवर का काम शुरू, ट्रैफिक किया डायवर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर के अयोध्या बायपास रोड को 10 लेन करने 836.91 करोड के प्रोजेक्ट के लिए भले ही पेड़ों की कटाई पर एनजीटी की रोक लगी हो, लेकिन करोंद के पास दूसरे बडे फ्लाईओवर का काम शुरू हो गया है जबकि एनजीटी से रोक के पहले जिन स्थानों से पेड काटे गए हैं वहां रोड चौड़ीकरण काम चल रहा है। इस काम के लिए ट्रैफिक को डायवर्ट किया है, जबकि तीसरा फ्लाइओवर पीपुल्स माल के पास बनना है। उक्त प्रोजेक्ट के दायरे में आ रहे पेड़ों की कटाई के मामले की सुनवाई अब नई दिल्ली की प्रिंसिपल बैंच के सामने 25 फरवरी को होना है। फिलहाल यहां पेड़ों को काटने पर रोक लगी हुई है। रत्नागिरी से गांधी नगर तक 10 लेन प्रोजेक्ट के तहत बिना पेड़ों को नुकसान पहुंचाए एनएचएआई ने रोड चौडीकरण और फ्लाइओवर बनाने का काम शुरू कर दिया है। यह काम तेज गति से चल रहे हैं, लेकिन एनएचएआई का मानना है कि अभी काम की गति बेहद धीमी है, पूरी तरह से काम शुरू होने के लिए अभी इंतजार करना होगा, क्योंकि मामला एनजीटी में चल रहा है। फिलहाल बिना पेड़ों को नुकसान पहुंचाए जो काम हो सकते हैं उन्हें किया जा रहा है।


अयोध्या बायपास रोड को 10 लेन का कार्य प्रगति पर।

### लागत न बढ़ जाए, इसलिए पहले बना रहे फ्लाईओवर

उक्त पूरे प्रोजेक्ट की लागत 836.91 करोड रुपए है। यह काम दो साल में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है, लेकिन रोड के दायरे में आ रहे पेडों की कटाई को लेकर लगी रोक के चलते प्रोजेक्ट की लागत बढ़ना तय है। इसे देखते हुए एनएचएआई ने फ्लाइओवर जैसे बडे काम को पहले चरण में पूरा करने का लक्ष्य रखा है। यह रोड के बीचोंबीच बनाए जा रहे हैं, जबकि जिन स्थानों पर जगह है वहां रोड चौड़ा भी किया जा रहा है।

### फ्लाईओवर का काम जारी, सुनवाई के बाद आएगी काम में तेजी

एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर देवांश नुवल का कहना है कि एनजीटी की नई दिल्ली में प्रिंसिपल बैंच के सामने 25 फरवरी को पेडों की कटाई मामले में सुनवाई होना है। अभी निर्माण कार्य धीमी गति से चल रहा है। मामला स्पष्ट होने के बाद तेजी से काम होगा। निर्माण कार्य जितना देर से होगा उतनी लागत बढ़ जाएगी।



# कोहरे से बड़ी झील सोने सी चमकी.... शाम होते ही हवाओं में घुली ठंडक

वीआईपी रोड से शाम 4 .58 बजे लिया गया चित्र।

5 धान के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि से ...



12 कृतज्ञता और उत्सवधर्मिता की थीम पर सजेगा...








हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में दिन में धूप-बादलों के बीच शाम को हवाओं में ठंडक घुल गई। दिन के तापमान में कमी और रात में बढ़ोतरी से दिन-रात का पारा मात्र 8 डिग्री के अंतर पर दर्ज हुआ। दिन का पारा 22 और रात का 14 डिग्री रहा। अलसुबह शहर में मध्यम कोहरा रहा, जो धीरे- धीरे 9 बजे तक छंट गया। ऐसे में दोपहर बाद से सैलानियों ने बोट क्लब सहित अलग_अलग पिकनिक स्पॉट्स का रूख किया, जो देर शाम तक चांदनी रात का आनंद लेते देखे गए। दिन में शिकारे की सवारी और शाम को हल्की सर्दी से सुहाने मौसम का आनंद बीते दो दिन से सैलानी शहर के पिकनिक स्पॉट्स पर पहुंचकर ले रहे हैं। बुधवार को सबसे अधिक सैलानियों की भीड़ बोट क्लब पर रही, यहां सैलानियों ने शाम तक शिकारे की सवारी की। चाय-कॉफी और अन्य खाद्य सामग्री का आनंद लिया और देर शाम तक झील की शांत फिजा को निहारते दिखे।

**चांदनी रात में बोट क्लब से मनुआभान तक सैलानियों की भीड़**

**दिन-रात के पारे में 8 डिग्री का अंतर, दिन में पारा 22 तो रात का 14 डिग्री**

### बुधवार को धूप-छांव के बीच तापमान भी नरम-गर्म रहा



बुधवार को धूप-छांव के बीच तापमान भी नरम-गर्म रहा। फाल्गुन में आमतौर पर ऐसा ही मौसम का मिजाज होता है। जिससे बागों में फूलों की बहार और हवाओं में गुलाबी सर्दी फिजा को और खूबसूरत बना देती है। बुधवार को केरवा डैम से लेकर बोट क्लब, मनुआभान से लेकर सैरसपाटे और चिड़ियाटोल तक लोगों ने ऐसी खूबसूरज फिजा का नजारा लिया। सैलानियों की संख्या बढ़ने से शाम को बोट क्लब से गुजरने वाली रोड़ पर कुछ देर जाम की स्थिति भी बन गई।

## इधर, कोहरा पड़ने से ट्रेनें फिर होने लगीं लेट, लंबी दूरी की ज्यादा प्रभावित

### मालवा एक्सप्रेस 7 घंटे देर से तो भोपाल एक्सप्रेस आई करीब 3.30 घंटे की देरी से

एक बार फिर भी मौसम ने करवट ली है। इसके चलते इन दिनों दिल्ली और उत्तर भारत में बढ़ते कोहरे और शीतलहर के कारण रेल यात्रा प्रभावित होने लगा है, जिससे लंबी दूरी की अधिकांश ट्रेनें अपने निर्धारित समय से देरी से गंतव्य तक पहुंच रही हैं, वहीं यात्रियों को असुविधा हो रही है। बुधवार को भोपाल आने वाली करीब 50 फीसदी ट्रेनें देरी से पहुंची। इसमें जहां मालवा एक्सप्रेस करीब सात घंटे की देरी से पहुंची,तो वहीं भोपाल एक्सप्रेस भी करीब साढ़े तीन घंटे की देरी से आई। ऐसे में रेल यात्री सहित परिजन भी परेशान हो रहे हैं।

### यह ट्रेनें पहुंची देरी से



- 12626 केरल एक्सप्रेस 3:22 घंटे लेट आई
- 12162 लश्कर सुपरफास्ट एक्सप्रेस 3.09 घंटे लेट आई
- 12920 मालवा एक्सप्रेस 7:10 घंटे लेट आई
- 11078 झेलम एक्सप्रेस 1:55 घंटे लेट आई
- 12804 हजरत निजामुद्दीन - विशाखपट्टणम स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस 1:20 घंटे लेट आई
- 22692 बेंगलौर राजधानी एक्सप्रेस 2:20 घंटे लेट आई
- 11058 अमृतसर एक्सप्रेस 3:22 घंटे लेट आई
- 12618 हजरत निजामुद्दीन-एनार्कुलम एक्सप्रेस 2:16 घंटे लेट आई
- 12722 दक्षिण एक्सप्रेस 4:09 घंटे लेट आई
- 18238 छतीसगढ़ एक्स. 0.42 घंटे लेट आई
- 12002 शताब्दी एक्सप्रेस 1.40 घंटे लेट आई
- 12156 भोपाल एक्सप्रेस 3:29 घंटे लेट आई
- 12628 कर्नाटक एक्सप्रेस 4:24 घंटे लेट आई
- 22537 कुशीनगर एक्सप्रेस 3:03 घंटे लेट आई
- 12138 पंजाब मेल 1:21 घंटे लेट आई

### निगम आयुक्त ने 4.30 घंटे की टीएल बैठक में लिया सख्त एक्शन

# पोर्टल में जानकारी अपडेट नहीं करने पर ननि के 60 से ज्यादा इंजीनियरों का वेतन रोका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम आयुक्त संस्कृति जैन ने बुधवार को आईएसबीटी परिसर में हुई टीएल की बैठक में सख्त एक्शन मोड में नजर आईं। करीब साढे चार घंटे चली बैठक में उन्होंने यांत्रिक विभाग के सभी इंजीनियरों का अगली टीएल की बैठक तक वेतन रोकने के निर्देश दिए। इसके अलावा कम राजस्व वसूली को लेकर एक वार्ड प्रभारी को नोटिस, एक का तबादला और एक वार्ड प्रभारी का वेतन काटने के निर्देश दिए।

**यांत्रिक विभाग में पहली बार लापरवाही पर ऐसी कार्रवाई**

**राजस्व, सम्पतिकर की वसूली की समीक्षा वीडियो कान्फ्रेंसिंग से की**

**1 वार्ड प्रभारी को नोटिस, 1 का तबादला,1 का वेतन काटने का निर्देश**

### सीएम हेल्पलाइन पर पेंडिंग शिकायतों को लेकर भी निगमायुक्त हुई नाराज



निगम आयुक्त ने समय सीमा प्रकरणों, राजस्व-सम्पत्तिकर वसूली, यांत्रिक कार्यों एवं जन कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की। यांत्रिक विभाग के निर्माण एवं विकास कार्यों की जानकारी पोर्टल पर प्रविष्ट न करने पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए समस्त यंत्रियों को समस्त स्वीकृत निर्माण एवं विकास कार्यों की जानकारी पोर्टल पर अपडेट करने और अंकित जानकारी पूर्णतः सत्य और प्रमाणित है, का शपथ पत्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व, सम्पत्तिकर की वसूली की समीक्षा करते हुए वीसी के जरिए वार्ड प्रभारियों से वसूली व योजनाओं की जानकारी प्राप्त की तथा कार्य ठीक न होने पर वार्ड प्रभारियों को नोटिस जारी करने, उन्हें स्थानांतरित करने तथा वेतन काटने के निर्देश दिए। वहीं, सीएम हेल्पलाइन पर पेंडिंग शिकायतों को लेकर भी उन्होंने अधिकारियों से जवाब तलब करते हुए निर्देश दिए कि कोई भी शिकायत बिना मौके पर जाए विलोपित न की जाए, वर्ना कार्रवाई होगी।

### पोर्टल पर जानकारी दर्ज नहीं करने पर कार्रवाई

निगम आयुक्त ने पीएमआईएस पोर्टल पर जानकारी दर्ज न करने पर अगली टीएल बैठक तक यांत्रिक के सभी इंजीनियरों का वेतन रोकने के निर्देश दिए। ऑपरेटर गौरव सिंह को सामान्य प्रशासन में स्थानांतरित करने के निर्देश भी दिए।

### इन वार्ड प्रभारियों पर कार्रवाई

संपत्तिकर वसूली में लापरवाही पर वार्ड-47 के वार्ड प्रभारी को नोटिस, वार्ड-24 और वार्ड-14 के वार्ड प्रभारी का स्थानांतरण करने, वार्ड-11 के वार्ड प्रभारी का 5 दिवस का वेतन काटने (नो वर्क-नो पे) के निर्देश दिए।

### 582 करोड़ की अमृत 2.0 योजना के हैं ये हाल

## सीवेज लाइन बिछाने बीच से खोद रहे सीसी सड़कें, रेस्टोरेशन न होने से मुश्किल में लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में 582 करोड़ की अमृत 2.0 योजना के तहत इन दिनों सीवेज लाइन बिछाने का काम चल रहा है। यह लाइन रोड के बीचों-बीच बिछाई जा रही है, लेकिन काम पूरा होने के बाद रेस्टोरशन नहीं हो रहा है। इससे न सिर्फ आवाजाही बाधित हो रही है बल्कि कई जगह पर पानी का बहाव होने से दुर्घटना की आशंका बनी हुई है।

एमपी नगर में सीसी सड़कों के खोदे जाने से लोग नाराज हैं। उनका कहना है कि मजबूत सड़कों को बीच से खोदा तो जा रहा है, अगर रेस्टोरेशन ठीक ढंग से समय पर नहीं हुआ तो रोड खराब हो जाएगा। हॉकर्स कॉर्नर के व्यवसायी अरविंद कुमार ने बताया कि सीवेज लाइनें बिछाई तो जा रही हैं, लेकिन काम पूरा होने के बाद रेस्टोरेशन ठीक ढंग से किया जाए। कई दिनों बाद भी रेस्टोरेशन नहीं हो रहा है। इससे लोग परेशान हैं।



एमपी नगर जोन-2 के सीसी सड़क के बीच में खुदाई कर दी गई है।

### अरेरा कॉलोनी, गुलमोहर, कोलार में भी चल रहा है काम

अरेरा कॉलोनी के ई-6, ई-7, गुलमोहर और कोलार स्थित राजहर्ष कॉलोनी में सीवेज लाइन बिछाने के लिए सड़कें खोदी जा रही हैं। इससे रहवासी परेशान हैं। लोगों की आवाजाही मुश्किल भरी बनी हुई है। हालांकि निगम के अधिकारियों का कहना है कि जिन क्षेत्रों में सीवेज लाइन बिछाने का काम चल रहा है वहां काम पर अधिकारियों की नजर बनी हुई है और जल्द ही रेस्टोरेशन का काम करवाया जाएगा।

### 700 किमी लंबी पाइप लाइन भी बिछेगी

इस योजना के तहत वाटर सप्लाई नेटवर्क मजबूत करने के लिए 700 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन बिछाई जाएगी, जबकि 36 नए ओवरहेड टैंक बनेंगे और 30 हजार से ज्यादा घरों को नया नल कनेक्शन मिलेगा। शहर में कई जगह ओवरहैड टैंक का निर्माण भी शुरू हो गया है।

## वल्लभ भवन जा रहे आईएसएस वरवड़े की गाड़ी में बेकाबू कार ने मारी टक्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अरेरा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित वल्लभ भवन गेट नंबर-1 के पास गुरुवार सुबह बिरला मंदिर की तरफ से आ रही तेज रफ्तार कार ने इनोवा गाड़ी में टक्कर मार दी। टक्कर लगने के समय गाड़ी में आईएएस निशांत वरवड़े मौजूद थे। गनीमत रही कि उन्हें कोई चोट नहीं आई है। पुलिस ने ड्राइवर की शिकायत पर आरोपी कार चालक पर मामला दर्ज कर लिया है। दरअसल, राजेश वानखेड़े (50) डी-94 नेहरु नगर में रहते हैं। गुरुवार सुबह वे इनोवा से आईएएस निशांत वरवड़े को लेकर वल्लभ भवन जा रहे थे। वे सुबह साढ़े दस बजे गेट नंबर-1 के पास पहुंचे ही थे कि बिरला मंदिर की तरफ से आ रही तेज रफ्तार कार के चालक ने तेजी से गाड़ी चलाकर इनोवा में सामने से टक्कर मार दी। टक्कर से इनोवा का हेडलाइट और बंपर टूट गया। इस हादसे में आईएएस निशांत वरवड़े को कोई चोट नहीं आई है।



## पीक ऑवर्स में वरिष्ठ अधिकारी व थाना प्रभारी यातायात व्यवस्था बनाएं

### नए पुलिस आयुक्त संजय कुमार ने कमिश्नर कार्यालय में ली परिचयात्मक बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नवागत पुलिस आयुक्त संजय कुमार द्वारा बुधवार दोपहर कमिश्नर कार्यालय सभागार में सभी राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों की परिचयात्मक बैठक ली गई। नवागत पुलिस आयुक्त संजय कुमार ने परिचय उपरांत जोनवार थाना क्षेत्रों की भौगोलिक स्थिति, चुनौतियों एवं अपराधों की प्रवत्ति के संबंध में विस्तृत जानकारी ली एवं निर्देशित किया कि पीक आवर्स में वरिष्ठ अधिकारी एवं थाना प्रभारी अनिवार्य रूप से व्यस्ततम स्थानों पर रहकर यातायात व्यवस्था बनाएंगे।



### संवेदनशील इलाक़ों क्षेत्रों में हो नियमित पेट्रोलिंग

संवेदनशील इलाक़ों एवं भीड़भाड़, बाजार वाले क्षेत्रों में नियमित पेट्रोलिंग, वाहन चेकिंग, हिस्ट्रीशीटर की चेकिंग, माइक्रो बीट सिस्टम के माध्यम से जन संवाद कर लोगों को हैलमेट, शीट बेल्ट, साइबर अपराध, महिला सुरक्षा इत्यादि विषयों पर जागरूक कर पुलिस सूचनातंत्र मजबूत करेंगे। बैठक में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अवधेश गोस्वामी एवं समस्त पुलिस उपायुक्त, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त, सहायक पुलिस आयुक्त एवं थाना प्रभारी तथा अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### 12,500 अंकों में 10,500 अंक स्थल आधारित मूल्यांकन के, लोगों की राय होगी अहम

# स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26: पान-गुटखा से बने रेड स्पॉट मिले तो कटेंगे अंक, रैंकिंग होगी प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए केंद्र सरकार के आवास और शहरी कार्य मंत्रालय के अंतर्गत स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) की टीम सर्वेक्षण के लिए आने के पूर्व निगम प्रशासन तैयारियों में जुट गया है। इस बार निगम के सामने बड़ी चुनौती स्थल आधारित मूल्यांकन की होगी, जिसके अंक भी सर्वाधिक हैं। 12,500 अंकों में से 10,500 अंक स्थल निरीक्षण पर आधारित होंगे। अगर पान-गुटखे के रेड स्पॉट मिले तो अंक कटेंगे और रैंकिंग प्रभावित होगी। स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए टीम फरवरी माह में कभी भी आ सकती है। इसके पहले निगम अपनी तैयारियों को मजबूत करने में जुटा है।

केंद्रीय टीम शहरों में स्वच्छता, कचरा प्रबंधन और नागरिक प्रतिक्रिया के आधार पर मूल्यांकन करती है। पिछली बार निगम को सेकेंड रैंक और 7-स्टार रैंकिंग मिली थी। भौतिक सर्वेक्षण के आधार पर होने वाले निरीक्षण के लिए यलो और रेड स्पाट के लिए अलग-अलग 75 अंक तय किए गए हैं। सर्वेक्षण टीम आवासीय व्यावसायिक और सार्वजनिक इलाकों में जाकर खुद स्थिति का निरीक्षण करेगी। खुद निगम प्रशासन को भी इस बात की जानकारी नहीं होती कि टीम किस क्षेत्र में कब निरीक्षण करने पहुंचेगी।

**स्थल आधारित मूल्यांकन में नंबरों में कटौती से मुश्किल में पड़ सकती है रैंकिंग**

**निगम का जमीन स्तर पर स्वच्छता पर फोकस, लेकिन रिहायशी इलाकों में अब भी डंपिंग यार्ड**



यह तस्वीर पुराने शहर के करोंद क्षेत्र की है। जहां अक्सर कचरे में इस तरह आग लगाई जाती है। इससे स्वच्छता रैंकिंग प्रभावित हो सकती हैं।

### देश का सबसे स्वच्छ शहर बनाने की तैयारी

महापौर मालती राय का कहना है कि भोपाल को देश का सबसे स्वच्छ शहर बनाने के लिए मैदानी स्तर पर पूरा फोकस है। स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर हर संभव कदम उठाए गए हैं। इस दिशा में लगातार नवाचार हो रहे हैं। तैयारियों में कोई कमी नहीं है। हमे आशा है कि भोपाल को देश का सबसे स्वच्छ शहर होने का गौरव हासिल होगा।

### ऐसा है निगम का कचरा कलेक्शन सिस्टम

शहर में रोज 517 डीटीडीसी व्हीकल, 719 सीएनजी व्हीकल गीला-सूखा कचरा एकत्र करके उसे कचरा निष्पादन केन्द्र तक पहुंचाते हैं। 250 नए सीएनजी वाहन, 6 मैकेनाइज्ड रोड स्वीपिंग वाहनों की संख्या बढ गई है। शहर से रोजाना करीब 800 टन कचरा निकलता है।

### निगम की तैयारियां जो तय करेंगी रैंकिंग

आदमपुर छावनी में लगभग 6 करोड़ की लागत से रेंडरिंग प्लांट लगाया गया है। अन्ना नगर गारबेज कलेक्शन प्लांट में ही नगर निगम ग्रीन वेस्ट प्लांट लगाया है। जबकि दानापानी गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन में फूलों से अगरबत्ती बनाई जा रही है। शहर के सभी मंदिरों के अलावा राजनैतिक कार्यक्रम, शादी-पार्टी से निकलने वाले फूलों को एकत्रित कर इस प्लांट भेजा जाता है। इसके लिए रोजाना चार मैजिक वाहन पूरे शहर से फूलों का कलेक्शन कर रहे हैं। इन्हें सुखाने के बाद प्लांट में अगरबत्ती बनाई जा रही हैं। आदमपुर छावनी में पीपीपी मोड पर प्लास्टिक वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट लगाया गया है। इसकी क्षमता 5 टन प्रतिदिन है। इसके अलावा सीएंडडी वेस्ट प्लांट और थर्माकोल वेस्ट प्लांट भी लगाया गया है।

गुनगा थाना क्षेत्र स्थित गांव दुपाड़िया में हुआ हादसा, पुलिस ने दर्ज किया मामला

# घर के बाहर खेल रहे चार साल के बच्चे के ऊपर से निकला जीप का पहिया, गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गुनगा थाना क्षेत्र स्थित गांव दुपाड़िया में गुरुवार सुबह तूफान जीप ने घर के बाहर खेल रहे बच्चे को चपेट में ले लिया। बच्चे के पैर से ड्राइवर साइड का टायर गुजरने के कारण उसका पैर दो जगह से फैक्चर हुआ है। तूफान जीप के चालक ने ही उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया। बच्चे के परिजन ने उससे इलाज के पैसे मांगे तो वह कहने लगा कि गाड़ी का इंश्यौरेंस और पेपर कंपलीट है वह किसी तरह का भुगतान नहीं करेगा। परिजन ने ड्राइवर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी चालक की तलाश शुरू कर दी है।

**पैर में दो जगह हुए फैक्चर, निजी अस्पताल में भर्ती**



अस्पताल में भर्ती पीड़ित बच्चा।

**ड्राइवर ने कहा, उसकी जीप के दस्तावेज पूरे हैं, वह खर्च वहन नहीं कर सकेगा**

### निजी अस्पताल में चल रहा इलाज

*मनोज ने बताया कि हादसे के बाद उन्होंने जीप को रोक लिया था। वे जीप के ड्राइवर के साथ कार्तिक को लेकर निजी अस्पताल पहुंचे। वहां कार्तिक को भर्ती कराने के बाद जीप चालक जाने लगा। पैसों की व्यवस्था नहीं होने के कारण मनोज ने उससे मदद मांगी। इस पर वह कहने लगा कि उसकी जीप के दस्तावेज पूरे है। वह खर्च वहन नहीं कर सकेगा।*

### तेज रफ्तार से आई जीप

*पुलिस के अनुसार मनोज मेहर गांव दुपाड़िया में रहते हैं और मजदूरी करते हैं। उन्होंने बताया कि उनका चार साल का बेटा कार्तिक मेहर गुरुवार सुबह घर के बाहर खेल रहा था। इस दौरान विनियम युवक हिनौती सड़क की तूफान जीप घर के सामने से गुजरी और लौट कर आई। लौटते समय जीप के ड्राइवर ने तेजी और लापरवाही पूर्वक जीप चलाते हुए उसे टक्कर मार दी। टक्कर लगने से कार्तिक सड़क पर गिर गया। सड़क पर गिरते ही जीप का ड्राइवर साइड का पहिया कार्तिक के सीधे पैर से होता हुआ गुजर गया। इससे उसका सीधा पैर घुटने के नीचे से दो जगह फैक्चर हो गया।*

भोपाल विकास प्राधिकरण के नाम पर धोखाधड़ी

# धोखाधड़ी कर प्लॉट बेचने वाले दोषियों को 7 वर्ष का कारावास

**आईएसबीटी में व्यावसायिक प्लॉट के नाम पर की थी ठगी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कुशाभाऊ ठाकरे परिसर आईएसबीटी में धोखाधड़ी कर भोपाल विकास प्राधिकरण के अधिकारियों के फर्जी हस्ताक्षर कर फर्जी सील लगाकर फरियादी जगदीश सिंह से 20,51000 रुपए की ठगी कर जाली आवंटन पत्र और जाली रसीदें थमाने वाले आरोपी रूपेश शिरोडे, मधुकर शिरोडे, लक्ष्मीचंद्र कुंभकार उर्फ लखन, रवि कुमार माहेश्वरी और कमर खान को अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सुरेखा मिश्रा ने भादंसं की धारा-120 बी, 420, 467, 468 एवं 471 के अंतर्गत दोषी ठहराते हुए 7-7 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 5000-5000 रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश ने आरोपी अतुल श्रीवास्तव तथा गया प्रसाद पाल को दोषमुक्त कर दिया।

अभियोजन की ओर से प्रकरण में अतिरिक्त जिला लोक अभियोजक संतोष शर्मा द्वारा पैरवी की गई थी। अभियोजन के अनुसार आरोपीगण ने 24 जनवरी 2017 से लेकर 17 जनवरी 2018 के मध्य भोपाल विकास प्राधिकरण की परियोजना कुशाभाऊ ठाकरे परिसर आईएसबीटी में व्यावसायिक प्लॉट उपलब्ध कराए जाने के नाम पर फरियादी दीपक वर्मा से 43 लाख एवं जगदीश सिंह से 20,51000 रुपए की ठगी कर उन्हें भोपाल विकास प्राधिकरण के अधिकारियों के फर्जी हस्ताक्षर कर फर्जी सील लगाकर जाली आवंटन पत्र और जाली रसीदें थमा दी थीं। जब फरियादी को प्लॉट नहीं मिले तो उन्होंने क्राइम ब्रांच में आरोपियों के विरुद्ध शिकायत की थी। क्राइम ब्रांच थाना ने फरियादी की शिकायत पर 18 जनवरी 2018 को भादंसं की धारा-120 बी ,420,467, 468 एवं 471 के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। संपूर्ण विवेचना के उपरांत विवेचना अधिकारी के द्वारा प्रकरण न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया था।

## खबर संक्षेप



### विधायक पटवा से कोठारी ने की सौजन्य भेंट

**औबेदुल्लागंज।** भोजपुर मीडिया प्रभारी पंकज कोठारी ने बुधवार को विधायक सुरेंद्र पटवा से सौजन्य भेंट की। इस दौरान औबेदुल्लागंज की समस्याओं के निवाराण के लिए पटवा से चर्चा की।

### पार्षदों को नहीं दी जाती परिषद की जानकारी

**औबेदुल्लागंज।** भाजपा संगठन एवं नगर परिषद औबेदुल्लागंज में चर्चा गरम है। भाजपा के वरिष्ठ नेता कहते हैं कि नगर परिषद में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं एवं संगठन के पदाधिकारीयों को नगर परिषद के कार्य में तवज्जो नहीं दे रहे हैं। कई पार्षदों ने बताया कि पार्षदों को महत्वपूर्ण जानकारियां नहीं दी जाती। विधायक सुरेंद्र पटवा के संगठन और नगर परिषद दोनों में पटवा के समर्थक हैं। पार्षदों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि पार्षदों को और नपा उपाध्यक्ष को नगर परिषद की कोई भी सूचना नहीं दी जाती है। इसीलिए पार्षदों में एवं भाजपा संगठन के लोगों में दूरियां बढ़ रही है। नगर में एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप का दौर चल रहा है। कुछ वरिष्ठ भाजपा के नेताओं ने विधायक पटवा से मांग की है कि शीघ्र ही इस पर ध्यान दें।

### अध्यक्ष पद के लिए गौर को मिला समर्थन

**औबेदुल्लागंज।** गल्ला व्यापारी संघ के नेता पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष रमेश गौर सक्रिय हो गए हैं। गौर कृषि उपज मंडी समिति के अध्यक्ष की तैयारी कर रहे हैं। वहीं डॉक्टर कैलाश विनय, कन्हैया नंदवंशी, सुदामा तिवारी, कमलेश लोधी, महेश जैन, प्रेम नारायण सोनी आदि ने रमेश गौर से कहा कि आप औबेदुल्लागंज नगर परिषद का अध्यक्ष का चुनाव लड़े।



**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 9438 | | |
| दिन: | 279 | 82 | 138 |
| रात: | 356 | 40 | 244 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 134 | 83 | 490 |
| रात: | 233 | 85 | 889 |

शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर ठगी करने का मामला

# क्राइम ब्रांच ने की कार्रवाई... 12वां आरोपी कालीकट केरल से गिरफ्तार

- दुबई भागने की फिराक में था आरोपी, पासपोर्ट, मोबाइल सहित सिम बरामद
- दुबई में गिरोह को खाता बेचता था आरोपी

*आरोपी ने शेयर मार्केट में सहज सोलर नाम की कंपनी में निवेश करने का प्रलोभन देकर 9 लाख 35 हजार रुपए निवेश कराया था*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह को खाता बेचने वाले एक अन्य आरोपी को साइबर क्राइम ब्रांच की टीम ने केरल के कालीकट ऐयरपोर्ट से गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से पासपोर्ट, मोबाइल और सिम बरामद की गई है। उक्त मामले में सायबर क्राइम ब्रांच की यह 12वीं गिरफ्तारी है। इससे पूर्व साइबर क्राइम ब्रांच 11 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। साइबर क्राइम ब्रांच में कोहेफिजा निवासी मोहम्मद जैनुल ने लिखित शिकायत की थी। शिकायत में बताया कि करन बिरला नाम के व्यक्ति ने उन्हें वाट्सएप पर संपर्क किया और एमपीएचडीएफसी नाम के एप्लीकेशन के माध्यम से शेयर मार्केट में सहज सोलर नाम की कंपनी में निवेश करने का प्रलोभन दिया। उसने बताया कि कंपनी के शेयर में लगातार चढ़ाव चल रहा है और अच्छा फायदा मिलेगा।

उसकी बातों में आकर मोहम्मद जैनुल ने अलग-अलग बैंक अकाउंट में आनलाइन पैसा निवेश कर दिया। उन्होंने कुल 9 लाख 35 हजार रुपए निवेश किए थे। निवेश के बाद उन्हें पता चला कि उनके साथ ठगी हुई है। इधर, साइबर क्राइम ब्रांच ने शिकायत दर्ज कर जांच की। साक्ष्यों और तकनीकी जांच के आधार पर पुलिस ने वाट्सएप नंबर, एप्लीकेशन और बैंक अकाउंट के वास्तविक उपयोगकर्ता की जानकारी जुटाई। इस दौरान बैंक अकाउंट बेचने वाले 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया।



निजामुद्दीन, आरोपी

### दुबई के एटीएम से निकाली राशि

साइबर क्राइम ब्रांच की जांच में पता चला कि आरोपियों द्वारा धोखाधड़ी की राशि दुबई के एटीएम में निकाला जा रहा है। इससे तय हो गया कि मुख्य आरोपी दुबई में है। पुलिस ने गिरोह को अपना अकाउंट बेचने वाले आरोपी को को पैसे लेकर दुबई में भारतीय बैंक अकाउंट बेचने वाले आरोपी निजामुद्दीन निवासी कासरगोड केरल को कालीकट से दबोच लिया। आरोपी 12वीं पास है और फर्जी अकाउंट खरीदकर आरोपियों को बेचता था। इसी अकाउंट में साइबर ठगी की रकम आती थी, जिसे आरोपी दुबई में बैठकर एटीएम के माध्यम से निकाल लिया करते थे।

### इन सभी आरोपियों की हो चुकी है गिरफ्तारी

*निजामुद्दीन कासरगोड केरल, अनिकेत दत्तात्रेय बरहटे, भुसावल महाराष्ट्र, ऋषिकेश प्रवीण बाविस्कर जलगांव महाराष्ट्र, आकाश चनाडे निवासी भुसावल, महाराष्ट्र, रियाज, बड़करा जिला कोझिकोड केरल, रसल, केरल, रसल मोहम्मद मुबाशिरको पैसे लेकर अकाउंट बेचता था। सच्चु केरल, मोहम्मद मुबाशिर केरल, राकेश जाधव, भुसावल महाराष्ट्र, मोहम्मद नबील केरला, शमशाद केरला, आशिक सजीर केरला, दानिश सीके कोझिकोड केरल के रूप में की गई।*

पुलिस को उसके पास से नहीं मिला सुसाइड नोट

# आर्थिक तंगी से जूझ रहे युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**पीएम के बाद परिजन शव लखनऊ लेकर चले गए**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



गोविंदपुरा थाना क्षेत्र स्थित पुराना नगर गोविंदपुरा में बुधवार शाम एक युवक ने फांसी लगा ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्राथमिक जांच में यह बात सामने आई कि वह औद्योगिक क्षेत्र में मजदूरी करता था और आर्थिक तंगी से परेशान था। पुलिस ने शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। परिजन उसका शव लखनऊ लेकर चले गए। पुलिस के अनुसार मनोज कुमार पिता अरुण कुमार (35) बदली खेड़ा ट्रांसपोर्ट नगर, लखनऊ उत्तर प्रदेश का रहने वाला था। इन दिनों वह पुराना नगर गोविंदपुरा में भेल के पुराने क्वार्टर में रह रहा था और औद्योगिक क्षेत्र अशोका गार्डन में मजदूरी करता था। उसके परिवार में पत्नी के अलावा सात साल की बेटी और पांच साल का बेटा है। परिवार लखनऊ में रहता है। मनोज के घर के बगल में ससुराल है। बुधवार शाम 7 बजे मनोज को काम पर जाना था। करीब साढ़े 5 बजे उसकी सास उसे चाय देने उसके घर पहुंची। इस दौरान दरवाजा अंदर से बंद था। आवाज देने के बाद भी जब दरवाजा नहीं खुला तो सास ने खिड़की से झांककर देखा था। इस दौरान मनोज कुमार का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया, लेकिन सुसाइड नोट नहीं मिला है। मृतक की पत्नी ने बताया कि उसकी दोपहर में मनोज से बातचीत हुई थी। उसने मनोज से कहा था कि मोबाइल में रिचार्ज खत्म हो गया है। परिजन के बयान से अनुमान लगाया जा रहा है कि वह आर्थिक तंगी से जूझ रहा था।

## अरेरा कॉलोनी की सर्वेंट क्वार्टर में ड्राइवर ने लगाई फांसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हबीबगंज थाना क्षेत्र स्थित ई-2/3, अरेरा कॉलोनी में बुधवार सुबह बिजनेस मैन अरुण गुप्ता के बंगले के पास सर्वेंट क्वार्टर में ड्राइवर ने फांसी लगा ली। घटना के समय उसकी पत्नी बाहर गई हुई थी, जबकि चार साल बेटा क्वार्टर में ही मौजूद था। सूचना पर पहुंची पुलिस को मृतक के पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया है। मृतक के पिता गुरुवार को लखनऊ से भोपाल पहुंचेगे। इसके बाद शव का पीएम कराया जाएगा। पुलिस के अनुसार दामोदर भंडारी पिता लेखनाथ भंडारी (30) मूलतः नेपाल का रहने वाला था। लंबे समय से वह भोपाल में रह रहा है। इन दिनों वह बिजनेस मैन अरुण गुप्ता के ई-2/3, में सर्वेंट क्वार्टर में रह रहा था और उनकी गाड़ी चलाता था।

सर्वेंट क्वार्टर में उसके साथ उसकी पत्नी और चार साल का बेटा रहता था। उसकी पत्नी रिश्तेदारी में गई हुई है। बुधवार रात में दामोदर और उसका चार साल का बेटा घर पर था। बुधवार सुबह बंगले पर काम करने वाले अन्य नौकर पहुंचे। इस दौरान दरवाजा खुला हुआ था, जबकि अंदर कमरे में दो कपड़ों को आपस में बांधकर दामोदर ने पंखे पर फांसी लगा ली थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया। पुलिस का कहना है कि एफएसएल की टीम से घटनास्थल का निरीक्षण कराया गया था, लेकिन सुसाइड नोट नहीं मिला है। दामोदर के पिता लखनऊ में काम करते हैं। वे भोपाल के लिए निकल गए हैं। पिता और पत्नी की मौजूदगी में शव का पीएम कराया जाएगा।

हिंदू संगठन ने की शिकायत, पीएम के बाद कराया दाह संस्कार

# वीआईपी गेस्ट हाउस के पास मुख्य सड़क पर मिला मवेशी का धड़

- पीएम कराने के बाद हिंदू संगठन ने आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की
- पुलिस घटनास्थल और मुख्य सड़क पर लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज चेक कर रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शाहजहांनाबाद थाना क्षेत्र स्थित वीआईपी गेस्ट हाउस के पास मुख्य सड़क पर मंगलवार देर रात सड़क पर मवेशी का धड़ मिलने से सनसनी फैल गई। हिंदू संगठन की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के लिए मर्चूरी भेजा।

बुधवार सुबह शव का पीएम कराने के बाद हिंदू संगठन ने अंतिम संस्कार किया और मवेशी का वध करने वाले आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की। पुलिस ने अज्ञात आरोपी पर पशु अतिचार अधिनियम की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस घटनास्थल और मुख्य सड़क पर लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज चेक कर रही है। अनुमान है कि मवेशी का धड़ किसी वाहन में तस्करी के समय गिरा है। जानकारी के अनुसार राम जी ठाकुर (40) मल्टी सी-3, वाजपेयी नगर ईदगाह हिल्स में रहते हैं। वे संत गोरक्षा उत्थान समिति में जिलाध्यक्ष हैं। उन्होंने बताया कि मंगलवार रात बैरागढ़ में समिति का कार्यक्रम था, वे कार्यक्रम में था। इसी बीच उनके परिचित कपिल भावसार, अखिलेश सिंह चौहान, शुभम यादव ने जानकारी दी कि वीआईपी गेस्ट हाउस के पास मुख्य सड़क पर मवेशी का धड़ पड़ा हुआ है। वे मौके पर पहुंचे तो मवेशी का सिर और धड़ सहित एक पैर पड़ा था। उन्होंने पुलिस को तत्काल घटना की जानकारी दी। इसके बाद पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई करते हुए शव पीएम के लिए भेजा। शव पुराना लग रहा है। अनुमान है कि किसी वाहन से मवेशी की तस्करी की जा रही थी। इसी दौरान सड़क पर गिर गया।

## ढाबे पर युवक ने खाया जहर, अस्पताल में मौत

**भोपाल।** अयोध्या नगर थाना क्षेत्र स्थित युवराज ढाबा पर बुधवार रात एक युवक ने जहर खा लिया। उसे निजी अस्पताल ले जाया गया, वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मरने से पूर्व उसके बयान नहीं हो सके थे। साथ ही परिजन के बयान दर्ज नहीं होने से आत्महत्या के कारण का पता नहीं चल सका है। पुलिस का कहना है कि ढाबा मालिक, कर्मचारी और उसके साथ मौजूद दोस्त सहित परिजन के बयान के बाद ही आत्महत्या के कारण का पता चल सकेगा।

पुलिस के अनुसार अभिषेक साहू पिता संतोष साहू (26) श्रीधर कॉलोनी, छोला मंदिर में रहता था और बेरोजगार था। गुरुवार रात वह अयोध्या बाइपास स्थित ढाबा पर खाना खाने आया था। पौने दस बजे के आसपास ढाबा पर उसने जहर खा लिया। घटना के समय उसका दोस्त भी साथ था। दोस्त उसे भानपुर स्थित निजी अस्पताल लेकर पहुंचा, वहां इलाज के दौरान देर रात अभिषेक की मौत हो गई। हेड कांस्टेबल मनीष मिश्रा ने बताया कि अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव मर्चूरी भेज दिया था। गुरुवार सुबह शव का पीएम करा दिया गया। परिजन शोकाकुल थे और बयान देने की स्थिति में नहीं थे। पुलिस ने उसके दोस्त से संपर्क कर बयान के लिए बुलाया है। दोस्त और परिजन के बयान के बाद ही आत्महत्या के कारण का पता चल सकेगा।

## नगर परिषद के जिम्मेदार विकास कार्य पर नहीं दे रहे ध्यान

**औबेदुल्लागंज।** नगर में कई वरिष्ठ व्यापारियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने कहा कि नगर के नेता जो पदों पर बैठे हैं, वे नगर का विकास नहीं चाहते। नगर परिषद चुनाव हुए साढ़े तीन साल हो गए हैं, आज तक न तो ट्रेनों के स्टॉपेज हुए और न ही भोपाल से नर्मदापुरम जाने वाली बसों में औबेदुल्लागंज की सवारी नहीं बैठाते इस मुद्दे पर कोई कार्रवाई हुई। वहीं अतिक्रमण के नाम पर 300 दुकान तोड़ दी, वे सभी लोगों बेरोजगार घूम रहे हैं। उनकी सुध लेने वाला भी कोई नहीं है।

नगर में सड़कों पर आवारा मवेशी बैठे रहते हैं, जिससे दुर्घटनाएं हो रही है इस पर भी कोई ध्यान नहीं दे रहा है। नगर में प्रतिदिन 10 बार दिन में जाम लगता है। सड़कों पर बसे, ट्रैक्टर ट्रॉली, स्कूल बस, डंपर, भारी वाहन सड़कों पर खड़े रहते हैं, उनपर भी कोई कार्रवाई नहीं की जाती। विधायक सुरेंद्र पटवा भी कई बार स्पष्ट कह चुके हैं कि औबेदुल्लागंज को स्वच्छ और सुन्दर बनाया जाए, लेकिन उनके निर्देश का भी आज तक पालन नहीं हुआ है।

हितग्राहियों के पास आ रहा संपत्ति कुर्क करने का नोटिस

# आवास योजना के तहत दी गई राशि माफ करने की अपील



आवास योजना की राशि माफ कराने के लिए तहसील कार्यालय पहुंचे कांग्रेसी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

एक और बड़े उद्योगपति करोड़ों रुपए का लोन लेकर देश छोड़कर चले गए। वहीं गरीब मजदूर और किसानों से सरकार आवास योजना में दिए गए लोन को वसूलने के नाम पर गरीबों की संपति कुर्की करने की नोटिस जारी कर रही है।

युवा कांग्रेस के पूर्व जिला परेश नागर एवं सरपंच राजू मेहरा ने बताया कि 2016 में मध्यप्रदेश में भाजपा सरकार द्वारा आवास योजना के तहत 1 लाख 20,000 रुपए की सहायता राशि दी गई थी, अब हितग्राहियों से वही पैसे ब्याज के साथ जमा करने के नोटिस आ रहे हैं। नोटिस में उल्लेख है कि पैसे जमा नहीं किए गए तो संपति कुर्क की जाएगी। बुधवार को युवा कांग्रेस के सदस्यों ने गौहरगंज तहसील कार्यालय पहुंच कर सरकार से निवेदन किया कि आवास योजना के तहत हितग्राहियों दी गई राशि माफ की जाए।

## 27 राज्यों में साइबर फॉरेंसिक लैब, एमपी में अब तक कोई प्रस्ताव नहीं

सरकारी आंकड़ों और पुलिस रिकॉर्ड्स के अनुसार प्रदेश का हर दसवां व्यक्ति हुआ ठगी का शिकार

# मध्य प्रदेश में साइबर फ्रॉड का कहर... 5 साल में लोगों ने गंवाए करोड़ों रुपए, जांच की रफ्तार में पिछड़ी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

डिजिटल इंडिया के दौर में जहां साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं, वहीं मध्य प्रदेश इस चुनौती से निपटने के लिए बुनियादी ढांचे के स्तर पर पिछड़ता नजर आ रहा है। बीते पांच वर्षों में प्रदेश में साइबर फ्रॉड, ऑनलाइन ठगी और हैकिंग के मामलों में लगातार बढ़ोतरी हुई है और लोगों ने करोड़ों रुपए गंवाए हैं। इसके बावजूद मध्य प्रदेश में अब तक साइबर फॉरेंसिक लैब स्थापित करने का कोई ठोस प्रस्ताव तक नहीं बन पाया है।

सरकारी आंकड़ों और पुलिस रिकॉर्ड्स की मानें तो प्रदेश में लगभग हर दसवां व्यक्ति किसी न किसी रूप में साइबर ठगी का शिकार हो चुका है। ऑनलाइन बैंकिंग फ्रॉड, फर्जी कॉल, लिंक के जरिए ठगी, सोशल मीडिया अकाउंट हैकिंग और फर्जी निवेश योजनाएं आम होती जा रही हैं। शिकायतें दर्ज तो हो रही हैं, लेकिन जांच की रफ्तार और तकनीकी साक्ष्य जुटाने में प्रदेश पुलिस को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।




### जांच में सबसे बड़ी बाधा

विशेषज्ञों का कहना है कि साइबर फॉरेंसिक लैब के अभाव में मोबाइल, लैपटॉप, सर्वर, ई-मेल और डिजिटल ट्रांजेक्शन से जुड़े सबूतों की जांच में देरी होती है। कई मामलों में तकनीकी रिपोर्ट बाहर के राज्यों से मंगानी पड़ती है, जिससे केस कमजोर हो जाता है और आरोपी बच निकलते हैं।

### लगातार बढ़ रहा अपराध का ग्राफ

*चौंकाने वाली बात यह है कि देश के 27 राज्यों और कई केंद्र शासित प्रदेशों में साइबर फॉरेंसिक लैब स्थापित की जा चुकी हैं। हिमाचल प्रदेश, मिजोरम, पुडुचेरी, उत्तराखंड, असम, मणिपुर, जम्मू-कश्मीर, मेघालय और गोवा जैसे छोटे राज्यों में भी साइबर फॉरेंसिक लैब काम कर रही हैं। यहां तक कि अरुणाचल प्रदेश जैसे सीमावर्ती राज्य में भी फॉरेंसिक लैब स्थापित की जा चुकी है। इसके उलट, मध्य प्रदेश की स्थिति सिक्किम, नागालैंड और अंडमान-निकोबार जैसे कुछ ही राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के साथ गिनी जा रही है, जहां अब तक साइबर फॉरेंसिक लैब नहीं बन पाई है। यह तब है जब मध्य प्रदेश देश के बड़े राज्यों में शामिल है और साइबर अपराध के मामलों का ग्राफ लगातार ऊपर की ओर बढ़ रहा है।*

भागवत कथा में बह रही भक्ति की बयार

# भगवान श्रीकृष्ण और देवी रुक्मिणी के विवाह की सुनाई कथा, गूंजे जयकारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

नगर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में बुधवार को भगवान श्रीकृष्ण और देवी रुक्मिणी के विवाह की कथा सुनाई। कथावाचक मनोज शास्त्री ने बताया कि माता रुक्मिणी भगवान श्रीकृष्ण की परम भक्त थीं और उन्होंने कृष्ण को ही अपना पति स्वीकार किया था। कथा सुन पंडाल में मौजूद श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। कथा स्थल को फूलों व रोशनी से सजाया गया। भजनों और जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालुओं ने कथा का लाभ लिया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉक्टर भूपेंद्र नागर, भोजपुरी नारी शक्ति अध्यक्ष आरती यादव, प्रियंका गुप्ता, राधा मालवीय, जानकी शर्मा, पार्वती यादव, दीपा चौकशे, सीमा मालवी, गीता शाहू, प्रियंका गुप्ता, उमा ठाकुर आदि लोग शामिल हुए।



महावीर कॉलोनी में भागवत कथा सुनाते कथा वाचक।

### कथा वाचक पंडित मनोज शास्त्री का शॉल-श्रीफल देकर किया सम्मान



वार्ड नंबर 2 महावीर कॉलोनी में चल रही भागवत कथा के छठवें दिन में पंडित मनोज शास्त्री का सेवा दल के ब्लॉक महासचिव पंकज शर्मा ने शॉल श्रीफल देकर सम्मान किया और उनसे आशीर्वाद लिया। इसके बाद भागवत कथा की आरती प्रारंभ हुई।

# धान के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि से किसानों को मिली बड़ी राहत: मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि अन्नदाताओं को समर्थ बनाना हमारी प्राथमिकता है।



राज्य सरकार किसानों के हितों की रक्षा एवं उनकी आय बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का संकल्प है कि किसानों को बगैर बाधा के उनकी उपज का पूरा मूल्य, समय पर मिले।

डॉ. यादव ने कहा कि खरीफ सीजन 2025-26 में 51.74 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान का उपार्जन हुआ। उपार्जन के आंकड़े नीतियों की सफलता दर्शाते हैं।

## 51.74 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान उपार्जित, किसानों से उपार्जित धान का समय पर भुगतान भी हुआ सुनिश्चित

### प्रदेश में 8 लाख 59 हजार 822 धान उत्पादक किसानों का पंजीयन



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि खरीफ सत्र में प्रदेश में 8 लाख 59 हजार 822 धान उत्पादक किसानों का पंजीयन किया गया था। इनमें से 7 लाख 89 हजार 757 किसानों (करीब 92 प्रतिशत) ने स्लॉट बुक कर धान उपार्जन प्रक्रिया में भाग लिया। इन किसानों में से 7 लाख 62 हजार 620 किसान (89 प्रतिशत) धान विक्रेता के रूप में उपार्जन केंद्रों पर पहुंचे। इस वर्ष धान उपार्जन के लिए प्रदेश में 1,436 उपार्जन केंद्र स्थापित किए गए। इन केंद्रों के जरिए इस सीजन में 51 लाख 74 हजार 792 मीट्रिक टन धान का उपार्जन किया गया। उपार्जित धान में से 48 लाख 38 हजार 637 मीट्रिक टन से अधिक धान का परिवहन भी पूरा कर लिया गया है। परिवहन किए गए धान में से 46 लाख 30 हजार 21 मीट्रिक टन धान गुणवत्ता परीक्षण के उपरांत स्वीकार कर लिया गया है।

### तकनीक आधारित भुगतान प्रणाली लागू

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि किसानों को शीघ्र भुगतान सुनिश्चित करने के लिए तकनीक आधारित भुगतान प्रणाली लागू की गई है। न्यूनतम समर्थन मूल्य की राशि सीधे किसानों के बैंक खातों में अंतरित की जा रही है। उन्होंने बताया कि खरीफ सीजन में धान उपार्जन की प्रक्रिया को पारदर्शी, सुचारु और किसान-हितैषी बनाया गया है। इसके बेहद सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि खरीफ सीजन में धान (कॉमन) का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2,369 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया था, जो पिछले सत्र के एमएसपी से 69 रुपए अधिक है। न्यूनतम समर्थन मूल्य में की गई यह वृद्धि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य प्रदान करने की दिशा में राज्य सरकार का ठोस प्रयास है। पिछले खरीफ सीजन में धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2300 रुपए प्रति क्विंटल था। गत सत्र में तय न्यूनतम समर्थन मूल्य पर 6 लाख 69 हजार 272 धान उत्पादक किसानों से कुल 43 लाख 52 हजार 905 मीट्रिक टन धान उपार्जित किया गया।

### *किसानों को 11 हजार करोड़ रु. हुए ट्रांसफर*

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस सीजन में उपार्जित धान के आधार पर न्यूनतम समर्थन मूल्य कुल 12 हजार 259 करोड़ रुपए आंकलित किया गया। इस आंकलित मूल्य में से करीब 11 हजार करोड़ रुपए किसानों के बैंक खातों में सीधे अंतरित किए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उपार्जन मूल्य से किसानों को आर्थिक संबल मिला है और वे अगली फसल से जुड़े कार्यों की तैयारी भी बड़े आत्मविश्वास के साथ कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा धान उपार्जन की संपूर्ण प्रक्रिया की निरंतर निगरानी की गई, ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और उन्हें शासन की योजनाओं का पूरा लाभ भी समय पर प्राप्त हो सके।*

## खबर संक्षेप

### कैंसर सुरक्षा का प्रभावी कवच जागरूकता

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विश्व कैंसर दिवस पर कहा है कि कैंसर से सुरक्षा का सबसे प्रभावी कवच जागरूकता, समय पर जांच और उपचार है। संतुलित आहार और नियमित व्यायाम स्वस्थ जीवन का आधार है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेशवासियों से स्वस्थ जीवन शैली अपनाने और इस गंभीर बीमारी तथा उससे बचाव के उपायों के बारे में लोगों में जागरूकता फैलाने का आह्वान किया है।

### अफसर व कर्मचारी न छोड़ें जिला मुख्यालय

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में विधानसभा का बजट सत्र प्रारंभ होने वाला है। विधानसभा सचिवालय द्वारा सत्र के संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है। प्रदेश विधानसभा का सत्र 16 फरवरी से प्रारंभ होगा। बजट सत्र 6 मार्च तक चलेगा। इस दौरान विधानसभा में प्रदेश का बजट प्रस्तुत किया जाएगा। इसको देखते हुए एमपी में अधिकारियों-कर्मचारियों को हर हाल में मुख्यालय पर ही रहने के लिए सरकार सख्ती दिखा रही है। बिना मंजूरी के मुख्यालय छोड़ने पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश हैं। प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र को देखते हुए इस संबंध में एक और आदेश जारी किया गया है। इसमें खासतौर पर अधिकारियों के किसी भी हाल में मुख्यालय छोड़ने पर कड़ी पाबंदी लगाई गई है। प्रदेश भर के कलेक्टर ने अपने जिलों में इस संबंध में सख्त निर्देश जारी किए हैं। अपरिहार्य कारणों से मुख्यालय छोड़ने के लिए अधिकारियों को अपर कलेक्टर की अनुमति अनिवार्य किया गया है। लेना अनिवार्य कर दिया गया है। इसके उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

## राजधानी आए भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष ने ली संगठनात्मक बैठक

# केंद्रीय बजट और वीबी जी रामजी योजना का मंडल, विधानसभा स्तर तक हो प्रचार-प्रसार

1. दिल्ली से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन प्रदेशाध्यक्ष हेमंत ऑनलाइन बैठक में शामिल हुए
2. कांग्रेस के फैलाए जा रहे भ्रम को दूर करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश भाजपा संगठन में हाल ही में बड़े बदलाव के बाद संगठन के केंद्रीय नेतृत्व का फोकस प्रदेश में बढ़ गया है। इसी बीच बुधवार को भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष भोपाल प्रवास पर आए हैं। भोपाल पहुंचे राष्ट्रीय संगठन महामंत्री की अगवानी भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह ने की। इसके बाद प्रदेश कार्यालय में राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष की मौजूदगी में संगठनात्मक बैठक हुई।



बताया जा रहा है कि दिल्ली से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल भी ऑनलाइन बैठक में शामिल हुए। बीएल संतोष ने इस दौरान कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के साथ केंद्रीय बजट के प्रचार-प्रसार और वीबी जी रामजी योजना के प्रचार-प्रसार को लेकर चर्चा की। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि मंडल और विधानसभा स्तर पर जाकर इसका प्रचार-प्रसार किया जाए। कांग्रेस द्वारा फैलाए जा रहे भ्रम को दूर करने का काम किया जाए। इस दौरान पार्टी के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह के साथ ही प्रदेश पदाधिकारी राहुल कोठारी प्रदेश महामंत्री, सुरेन्द्र शर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष, श्याम महाजन प्रदेश कार्यालय मंत्री सहित अन्य मौजूद रहे।



### बीएल संतोष ने हितानंद शर्मा की माताजी के स्वास्थ्य की जानकारी ली



भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष ने बुधवार को भोपाल के निजी अस्पताल पहुंचकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मध्य क्षेत्र सह बौद्धिक शिक्षण प्रमुख हितानंद शर्मा की माताजी के स्वास्थ्य की जानकारी ली तथा उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की।



### *केंद्रीय बजट पर बनी रंगोली की तारीफ की*

*बैठक के पहले राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष ने प्रदेश भाजपा कार्यालय में केन्द्रीय बजट को लेकर भाजपा महिला मोर्चा द्वारा बनाई रंगोली की सराहना की। इस अवसर पर प्रदेश प्रभारी महेंद्र सिंह, महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष अश्वनी, प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी, प्रदेश उपाध्यक्ष रणवीर रावत एवं प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा एवं नंदिता पाठक उपस्थित रही।*

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केंद्रीय रेल मंत्री वैष्णव से की सौजन्य भेंट



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नई दिल्ली में केंद्रीय रेल एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव से संसद भवन में बुधवार को सौजन्य मुलाकात की। उन्होंने मध्यप्रदेश में रेल से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश में संचालित एवं प्रगतिरत रेलवे परियोजनाओं के लिए केंद्र सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इन परियोजनाओं से मध्यप्रदेश के विकास, कनेक्टिविटी और आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी।

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन ने नई दिल्ली में केंद्रीय वस्त्र मंत्री सिंह से की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को नई दिल्ली में केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह से उद्योग भवन में मुलाकात की। भेंट में विभाग से जुड़े केंद्र में लंबित मुद्दों पर चर्चा की और शीघ्र निर्णय लेने का आग्रह किया। इस अवसर पर सचिव केंद्रीय वस्त्र मंत्रालय नीलम शमी राव सहित मंत्रालय और राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

### कार्यकर्ताओं की समस्याओं को सुनकर किया निराकरण



## झूठ-फरेब की राजनीति करना कांग्रेस पार्टी की पुरानी आदत : मंत्री विश्वास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र शासन के मंत्री विश्वास सारंग ने बुधवार को भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय में कार्यकर्ताओं की जनसमस्याओं को सुना और अनेक मामलों का मौके पर ही समाधान किया। जिन समस्याओं का तत्काल समाधान संभव नहीं हो सका, उन्हें संबंधित विभागों को प्रेषित कर निराकरण के निर्देश दिए गए।

जनसमस्याओं की सुनवाई के बाद मंत्री विश्वास सारंग ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी सहित पूरी कांग्रेस सुर्खियों में बने रहने के लिए असत्य और तथ्यहीन बयान देकर जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रही हैं। झूठ, फरेब की राजनीति करना कांग्रेस पार्टी की पुरानी आदत रही है, जिसे जनता अब भली-भांति समझ चुकी है। मध्यप्रदेश सरकार पूर्ण आर्थिक अनुशासन का पालन करते हुए कार्य कर रही है।

### आर्थिक अनुशासन का पालन कर रही है सरकार

मंत्री सारंग ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा मध्यप्रदेश के कर्ज को लेकर लगाए गए आरोपों को पूरी तरह तथ्यहीन और भ्रामक बताया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश की भाजपा सरकार पूर्ण आर्थिक अनुशासन का पालन करते हुए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा लिया गया कर्ज पूरी तरह पूंजीगत व्यय के लिए उपयोग किया जा रहा है। मंत्री सारंग ने राहुल गांधी द्वारा केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू के साथ किए गए व्यवहार की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि यह व्यवहार अत्यंत निंदनीय और अपमानजनक है। कांग्रेस ने हमेशा देश के शहीदों और उनके परिवारों के सम्मान को ठेस पहुंचाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को देश के इतिहास, बलिदानों के योगदान की समझ नहीं है।

## बिजली मीटर से छेड़छाड़ करने पर धारा 136 में होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है कि यदि बिजली के मीटर में अनावश्यक छेड़छाड़ पाई जाती है तो ऐसा करने वालों के विरूद्ध धारा 136 के तहत कार्रवाई होगी।

किसी उपभोक्ता को मीटर, उसकी रीडिंग, बिलिंग या बिजली व्यवधान जैसी कोई शिकायत हो तो वे तुरंत कॉल सेंटर के फोन नंबर 1912 पर या ऑनलाइन वेबसाइट अथवा उपाय एप या बिजली वितरण केंद्र, जोन कार्यालय में शिकायत दर्ज करा सकते हैं। यदि उपभोक्ता शरारती तत्वों के बहकावे में आकर मीटर में तोड़फोड़ या उखाड़कर अन्यत्र स्थापित करने या सर्विस लाइन को नुकसान पहुंचाने का कार्य करते हैं तो उनके विरूद्ध विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 136 के तहत कार्रवाई होगी, जिसमें तीन वर्ष का कारावास अथवा 10 हजार रुपए का जुर्माना अथवा दोनों सजाओं से दण्डित करने का प्रावधान है।

जीतू बोले- मंत्री विजयवर्गीय, शाह, और शुक्ला इस्तीफा दें

## पीसीसी चीफ पटवारी ने कहा, तीन मंत्री अपराधों से जुड़े मामलों में घिरे, इस्तीफा लिया जाना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने कहा कि तीन मंत्री अपराधों से जुड़े मामलों में घिरे हुए हैं, जिनसे तत्काल इस्तीफा लिया जाना चाहिए. पहले मंत्री विजय शाह हैं, जिनसे इस्तीफा लिया जाना चाहिए, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ने उनके बारे में कहा है कि वे मंत्री पद पर रहने योग्य नहीं हैं।. दूसरे स्वास्थ्य मंत्री हैं। छिंदवाड़ा के कफ सिरप मामले का जिक्र करते हुए पटवारी ने कहा कि 26 मौतों के जिम्मेदार व्यक्ति को मंत्री बने रहने का कोई अधिकार नहीं है।



### अमेरिका से हुई डील किसानों के हित में नहीं'

पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने भारत-अमेरिका डील को लेकर केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार अमेरिका की शर्तों के आगे झुक गई है, जिसका सीधा नुकसान देश के किसानों को होगा। भाजपा सरकार ने खेती को लाभ का धंधा बनाने का वादा किया था, लेकिन आज सबसे ज्यादा आत्महत्याएं किसान ही कर रहे हैं। अमेरिका से हुई डील के बाद वहां का उत्पादन भारत आएगा और भारत का उत्पादन अमेरिका जाएगा, जहां ज्यादा टैरिफ लगाया जाएगा।

### *मंत्री पद पर रहने के योग्य नहीं हैं*

*तीसरे मंत्री नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय हैं, जिनके शहर में दूषित पानी से 32 लोगों की मौत हुई। ऐसे मंत्री पद पर रहने के योग्य नहीं हैं। पटवारी ने यह बातें मीडिया से चर्चा के दौरान कहीं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को घेरते हुए उन्होंने कहा कि अभिनंदन और तालियों से सरकार नहीं चलती, मुख्यमंत्री को अपने पद की गरिमा का ध्यान रखना चाहिए और तीनों मंत्रियों से इस्तीफा लेना चाहिए।*

## पारदर्शिता बढ़ाने के लिए भारतीय जनता पार्टी ने नए नियम किए लागू

# भाजपा में आजीवन सहयोग निधि में सख्ती: 20 हजार रुपए से अधिक पर पैन कार्ड अनिवार्य, 5 हजार रुपए से अधिक नकद भी स्वीकार नहीं होंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

- पांच हजार से अधक राशि चेक या बैंक माध्यम से ही ली जाएगी

भारतीय जनता पार्टी ने आजीवन सहयोग निधि अभियान में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए नए नियम लागू कर दिए हैं। अब 20 हजार रुपये से अधिक की सहयोग राशि देने वाले दानदाताओं से पैन कार्ड लेना अनिवार्य होगा, जबकि 5 हजार रुपए से अधिक की राशि नकद स्वीकार नहीं की जाएगी। पांच हजार से ऊपर की राशि केवल चेक या बैंकिंग माध्यमों से ही ली जाएगी। प्रदेश भाजपा का यह आजीवन सहयोग निधि अभियान 11 फरवरी से शुरू होकर करीब दो महीने तक चलेगा। अभियान को पूरी तरह टारगेट आधारित बनाया गया है। प्रदेश के प्रत्येक जिले को अलग-अलग राशि जुटाने का लक्ष्य दिया जाएगा, जिसे जिले के संगठनात्मक ढांचे, गतिविधियों और सालाना खर्च के अनुमान के आधार पर तय किया जाएगा। जिन जिलों में संगठन बड़ा और गतिविधियां अधिक हैं, वहां लक्ष्य भी उसी अनुपात में ज्यादा रखा जाएगा। अभियान के संचालन के लिए जिलों में जिला प्रभारी और जिला सह-प्रभारियों की नियुक्ति की जा रही है। राज्य स्तर पर भी प्रभारी और सह-प्रभारी बनाए गए हैं। प्रदेश प्रभारी की जिम्मेदारी पूर्व विधायक गोपी कृष्ण नेमा को सौंपी गई है, जबकि पूर्व सांसद आलोक संजर और सतना के महापौर योगेश ताम्रकार को सह-प्रभारी बनाया गया है।



### *दान करने वाले को रसीद देना होगा अनिवार्य, लेखा-जोखा का रिकॉर्ड रखेंगे*

हर दानदाता को रसीद देना अनिवार्य होगा और प्राप्त राशि का पूरा लेखा-जोखा पार्टी के रिकॉर्ड में दर्ज किया जाएगा। नियमों के अनुसार, पांच हजार रुपए तक की राशि नकद या कूपन के माध्यम से ली जा सकेगी। पांच हजार रुपए से अधिक की राशि चेक द्वारा ही स्वीकार की जाएगी, जबकि बीस हजार रुपए से ऊपर सहयोग देने वालों का पैन कार्ड लेना अनिवार्य होगा। पार्टी ने स्पष्ट किया है कि पूरे अभियान में पूर्ण पारदर्शिता रखी जाएगी, ताकि भविष्य में किसी भी तरह के सवाल या आपत्ति की गुंजाइश न रहे।

### *सहयोग राशि एकत्र करने जिलों में प्रभारी, सह-प्रभारी और सदस्यों की टीम बनाई*

भाजपा संगठन ने स्पष्ट किया है कि आजीवन सहयोग निधि के माध्यम से जुटाई गई राशि का उपयोग जिला कार्यालयों के संचालन, संगठन विस्तार, प्रशिक्षण शिविरों, बैठकों, नियमित प्रशासनिक खर्चों और कार्यकर्ताओं के प्रवास आदि पर किया जाएगा। अभियान के दौरान सहयोग राशि एकत्र करने के लिए जिलों में प्रभारी, सह-प्रभारी और सदस्यों की टीम बनाई गई है. ये टीमें दानदाताओं से संपर्क कर सहयोग निधि प्राप्त करेंगी।

## खबर संक्षेप

### इनविक्टा डायग्नोस्टिक का दादर सेंटर शुरू

**मुंबई।** इनविक्टा डायग्नोस्टिक लिमिटेड ने घोषणा की है कि उसके दादर केंद्र में वाणिज्यिक परिचालन प्रारंभ हो गया है। यह केंद्र कंपनी की डायग्नोस्टिक सेवा क्षमताओं के विस्तार और महाराष्ट्र में अपनी उपस्थिति को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस केंद्र पर पीईटी -सीटी स्कैन, सीटी स्कैन, सोनोग्राफी , पैथोलॉजी और एक्स-रे सहित उन्नत एवं नियमित जांच सुविधाएं उपलब्ध होंगी। टाटा मेमोरियल अस्पताल के निकट, लगभग 500 मीटर की दूरी पर स्थित है।

### कोटक ने लांच किया 'कोटक सर्विसेज फंड'

**मुंबई।** कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड ने कोटक सर्विसेज फंड लांच करने की घोषणा की है। यह एक ओपन-एंडेड इक्विटी स्कीम है, जो सर्विस सेक्टर पर आधारित है। यह नया फंड ऑफर 4 फरवरी से 18 फरवरी 2026 तक खुला रहेगा। इसके जरिए निवेशकों को भारत के मुख्य ग्रोथ इंजन यानी सर्विस सेक्टर में निवेश करने का मौका मिलेगा। सर्विस सेक्टर भारत की कुल अर्थव्यवस्था में लगभग 55 फीसदी योगदान देता है और देश की 31.5 फीसदी आबादी को रोजगार देता है।

### सैमसंग ने एयर कंडीशनर्स लाइनअप की घोषणा की

**गुरुग्राम।** सैमसंग ने सौ फीसदी बीस्पोक एआई विंडफ्री एयर कंडीशनर्स के अपने 2026 लाइनअप को लॉन्च किया। इस नई रेंज में अलग-अलग सेगमेंट में 23 मॉडल हैं, जिसमें 4 स्टार एयर कंडीशनर्स को भी शामिल किया गया है। यह नया लाइनअप भारतीय घरों और जलवायु परिस्थितियों को ध्यान में रखकर विशेष रूप से तैयार किया गया है, कंपनी के वाइस प्रेसिडेंट घुफरान आलम ने कहाकि हमारे नए बीस्पोक एआई विंडफ्री एयर कंडीशनर लाइनअप के साथ, हमने होम कूलिंग को फिर से परिभाषित किया है, यह के साथ ही असली कम्फर्ट देता है।

### सेम-डे डिलीवरी ऑर्डर बीते साल से 2.5 गुना बढ़े

**बेंगलुरु।** अमेजन इंडिया ने कंपनी के पहले बड़े शॉपिंग इवेंट–ग्रेट रिपब्लिक डे सेल 2026 में ग्राहकों की मजबूत भागीदारी और सशक्त मांग की जानकारी दी। ग्राहकों ने प्रीमियम उत्पादों में अपग्रेड किया, हेल्दी लाइफस्टाइल को अपनाया और आकांक्षात्मक व आवश्यक दोनों तरह की खरीदारी की, जिसे व्यापक चयन, तेज डिलीवरी और सहज अनुभव ने बढ़ावा दिया। प्राइम ग्राहकों द्वारा सेम-डे डिलीवरी ऑर्डर पिछले साल की तुलना में 2.5 गुना बढ़े।

### सोनालीका ने की 1.51 लाख ट्रैक्टरों की बिक्री

**नई दिल्ली।** भारत से ट्रैक्टर एक्सपोर्ट में नंबर 1 ब्रांड सोनालीका ट्रैक्टर्स ने 10 महीनों (अप्रैल 2025-जनवरी 2026) में 1.51 लाख ट्रैक्टरों की अब तक की सबसे तेज बिक्री दर्ज की है, जो कंपनी द्वारा किसानों को जीतने का दम के वादे को दर्शाता है। भविष्य के लिए तैयार तकनीकों से लैस हैवी-ड्यूटी ट्रैक्टरों द्वारा सोनालीका ने विभिन्न क्षेत्रों में कृषि समृद्धि का नेतृत्व करना जारी रखा है और यह बदलते कृषि परिदृश्य में निरंतर वृद्धि देने की कंपनी की क्षमता को दर्शाता है। सोनालीका ने हाल ही में अपने उद्देश्य जीतने का दम को दोहराया है।

### अपग्रेड ने लांच किया नया लर्निंग सपोर्ट सेंटर

**रायपुर।** ग्लोबल स्किलिंग प्रमुख अपग्रेड ने रायपुर में अपने लर्निंग सपोर्ट सेंटर को लांच किया। जिसका मकसद लोकल युथ और शुरुआती करियर वाले प्रोफेशनल्स को उभरती हुई टेक्नोलॉजी भूमिकाओं के अनुरूप एप्लीकेशन-फर्स्ट स्किल्स से लैस करना है। जयनगर, मराठाहल्ली और एचएसआर लेआउट में हाई-इम्पैक्ट लर्निंग पॉड्स के रूप में डिजाइन किए गए, ये सेंटर डेटा साइंस, एआई/एमएल और फुल स्टैक डेवलपमेंट जैसे हाई-डिमांड डोमेन में 4-6 महीने के कोर्स ऑफर करते हैं।

# विश्व कैंसर दिवसः जीसीआरआई भारत का भरोसेमंद कैंसर उपचार केंद्र बनकर उभरा

## जीसीआरआई में 26,810 से अधिक नए कैंसर मरीज हुए पंजीकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गांधीनगर

गुजरात कैंसर एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट, अहमदाबाद ने एक बार फिर यह सिद्ध किया है कि वह न केवल गुजरात का प्रमुख कैंसर संस्थान है, बल्कि कैंसर उपचार, अनुसंधान, रोकथाम और प्रारंभिक पहचान के क्षेत्र में एक प्रमुख राष्ट्रीय केंद्र के रूप में भी विकसित हो चुका है। जीसीआरआई के सुदृढ़ीकरण और विस्तार की नींव वर्षों पहले पड़ी थी, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री रहते हुए राज्य की स्वास्थ्य अवसंरचना को मजबूत करने पर विशेष ध्यान दिया था।

मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के नेतृत्व में यह संस्थान अब कैंसर उपचार के लिए एक विश्वसनीय राष्ट्रीय रेफरल केंद्र बनकर उभरा है। विश्व कैंसर दिवस 2026 के अवसर पर जारी आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2025 में जीसीआरआई में 26,810 से अधिक नए कैंसर मरीज पंजीकृत हुए, जिनमें से 9,140 से अधिक मरीज भारत के विभिन्न अन्य राज्यों से आए।

जीसीआरआई के सुदृढ़ीकरण और विस्तार की नींव वर्षों पहले पड़ी थी

केवल छह महीनों में जीसीआरआई में 50 रोबोटिक सहायता प्राप्त कैंसर सर्जरी दर्ज की गई

### सबसे अधिक संख्या मध्यप्रदेश की 4,572 मरीजों की रही



*राज्य के बाहर से आने वाले मरीजों में सबसे अधिक संख्या मध्य प्रदेश (4,572) से रही, इसके बाद राजस्थान (2,678), उत्तर प्रदेश (1,094), महाराष्ट्र (279) और बिहार (288) का स्थान रहा। रोबोटिक सर्जरी और हाईपेक के माध्यम से सर्जिकल ऑन्कोलॉजी में क्रांतिकारी कदम जीसीआरआई ने उन्नत तकनीक आधारित कैंसर उपचार प्रदान करने में एक नया मानक स्थापित किया है। संस्थान अब 50 रोबोटिक-सहायता प्राप्त कैंसर सर्जरी और हाईपेक (हाइपरथर्मिक इंट्रापेरिटोनियल कीमोथेरेपी) जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करा रहा है। केवल छह महीनों में जीसीआरआई में 50 रोबोटिक-सहायता प्राप्त कैंसर सर्जरी दर्ज की गईं, जबकि पिछले तीन वर्षों में जटिल उदरीय कैंसर से संबंधित 40 हाईपेक प्रक्रियाएं सफलतापूर्वक की गईं।*

### वर्ष 2025 में संस्थान में 2.59 लाख से अधिक ओपीडी विजिट दर्ज

जीसीआरआई में पीईटी-सीटी स्कैन की संख्या 2021 में 1,813 से बढ़कर 2025 में 6,333 हो गई है। वर्ष 2025 में जीसीआरआई में 2.59 लाख से अधिक ओपीडी विजिट, 17,800 से अधिक सर्जरी और 50,130 से अधिक कीमोथेरेपी प्रक्रियाएं जीसीआरआई की कैंसर उपचार सेवाओं में बढ़ते विश्वास को दर्शाते हुए, वर्ष 2025 में संस्थान में 2.59 लाख से अधिक ओपीडी विजिट दर्ज की गईं। इसी अवधि में 17,800 से अधिक सर्जरी की गईं, जिनमें 50 बोन मैरो ट्रांसप्लांट (बीएमटी) भी शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, 50,130 से अधिक कीमोथेरेपी प्रक्रियाएं, 5,852 रेडिएशन उपचार और 24.6 लाख से अधिक प्रयोगशाला जांचें की गईं। विश्व कैंसर दिवस पर 500 कैंसर सर्वाइवर्स का सम्मान करेगा। जीसीआरआई विश्व कैंसर दिवस 2026 के अवसर पर 4 फरवरी को जीसीआरआई में एक विशेष सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें 10 वर्षों से अधिक समय से कैंसर-मुक्त 500 कैंसर सर्वाइवर्स को सम्मानित किया जाएगा।

**पूर्व मध्य रेल**

**शुद्धिकरण**

**समाचार पत्र में प्रकाशितः** वरीय मंडल संकेत एवं दूर संचार अभियन्ता, पूर्व मध्य रेल, राष्ट्रपति के तरफ से ई–निविदा, अनुभवी ठेकेदार से निर्मित फार्म में नीचे दिए गए कार्यों के लिए आमन्त्रित करती है। प्रोविजन ऑफ ऑटोमैटिक फ्यूज चेंजओवर एंड अलार्म सिस्टम एट 15 स्टेशन्स ऑफ जीसी.। एंड जीसी.॥ सेक्सन ईन डीडीयू डीविजन।

**अब इसे निम्नांकित पढ़ा जायः** वरीय मंडल संकेत एवं दूर संचार अभियन्ता, पूर्व मध्य रेल, राष्ट्रपति के तरफ से ई–निविदा, अनुभवी ठेकेदार से निर्मित फार्म में नीचे दिए गए कार्यों के लिए आमन्त्रित करती है।

मं०सं० एवं दू०सं०अभि०
पूर्व मध्य रेल, पं० दी० द० उपा०
पीआर/1733/डीडीयू/एसएण्डटी/कोरिजेन्डम/25-26/20

### लॉर्ड्स मार्क ने मेडिकल कॉलेज के साथ की साझेदारी

**नई दिल्ली।** लॉर्ड्स मार्क इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल में दुनिया के पहले एआई -आधारित, कॉन्टैक्टलेस रिमोट पेशेंट मॉनिटरिंग सिस्टम की सफल इंस्टॉलेशन की घोषणा की। यह एडवांस्ड सिस्टम नए उद्घाटन किए गए मेडिकल कॉलेज कॉम्प्लेक्स के हिस्से के रूप में एक स्टेप-डाउन आईसीयू वार्ड में लगाया गया है।

## ट्रांसपोर्ट संगठन ने किया भारत-अमेरिका के डील का स्वागत

# भारत और अमेरिका की डील परिवहन एवं लॉजिस्टिक्स के लिए नए युग की शुरुआत

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ गांधीनगर

भारत और अमेरिका के बीच संपन्न हुई ऐतिहासिक डील का सबसे बड़ा और सकारात्मक प्रभाव परिवहन, लॉजिस्टिक्स एवं सप्लाई-चेन सेक्टर पर देखने को मिलेगा। यह समझौता भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के साथ-साथ देश के ट्रांसपोर्ट और लॉजिस्टिक्स व्यापार को वैश्विक मानकों के अनुरूप विकसित करने में निर्णायक भूमिका निभाएगा। यह बात ऑल इंडिया मोटर एंड गुड्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र कपूर ने कही। कपूर ने कहाकि भारत-अमेरिका व्यापार बढ़ने से एक्सपोर्ट-इंपोर्ट कार्गो में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।



इसका सीधा लाभ सड़क परिवहन, कंटेनर ट्रकिंग, वेयरहाउसिंग और मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स को मिलेगा। इसके साथ ही लॉजिस्टिक्स इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश के अवसर बढ़ेगें। आधुनिक वेयरहाउस, लॉजिस्टिक पार्क, आईसीडी और सीएफएस विकसित होंगे। कोल्ड-चेन, फार्मा और हाई-वैल्यू कार्गो के लिए विशेष ट्रांसपोर्ट सिस्टम मजबूत होगा। इससे ट्रांसपोर्ट सेक्टर असंगठित से संगठित दिशा में आगे बढ़ेगा।

### असंगठित से संगठित दिशा में आगे बढ़ेगा : कपूर

**व्यापार से एक्सपोर्ट-इंपोर्ट कार्गो में वृद्धि होगी**

**लॉजिस्टिक पार्क, आईसीडी और सीएफएस विकसित होंगे**

#### ट्रांसपोर्ट लागत में कमी, प्रतिस्पर्धा में बढ़त



उन्होंने कहा कि इस समझौते से बेहतर टेक्नोलॉजी, डिजिटलीकरण और वैश्विक प्रैक्टिस अपनाने से दिशा में लोगों का जोर होगा, जिससे टर्न-अराउंड टाइम घटेगा, ईंधन की बचत होगी, लॉजिस्टिक्स कॉस्ट कम होकर अंतरराष्ट्रीय स्तर के करीब आएगी। जिससे भारतीय उत्पाद और अधिक प्रतिस्पर्धी बनेंगे।

#### ड्राइवरों और श्रमिकों के लिए नए अवसर

भारत-अमेरिका व्यापार बढ़ने से एक्सपोर्ट-इंपोर्ट कार्गो में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। ड्राइवरों, क्लीनर्स और लॉजिस्टिक्स वर्कर्स के लिए रोजगार बढ़ेगा। स्किल डेवलपमेंट, ट्रेनिंग और सुरक्षा मानकों में सुधार होगा, संगठित लॉजिस्टिक्स के चलते सामाजिक सुरक्षा और बेहतर कार्य-परिस्थितियां संभव होंगी। भारत-अमेरिका व्यापार बढ़ने से सड़क, रेल, बंदरगाह और एयर कार्गो के बीच बेहतर तालमेल बनेगा। इससे हाईवे ट्रांसपोर्ट को स्थिर और निरंतर माल मिलेगा,बंदरगाहों से अंदरूनी भारत तक लॉजिस्टिक्स चेन मजबूत होगी।

#### विनिर्माण, नवाचार व सतत विकास की दिशा में मजबूत कदम : बागला

**भारत-अमेरिका व्यापार समझौता वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक मजबूत कदम**



सीआईआई पश्चिमी क्षेत्र के अध्यक्ष ऋषि कुमार बागला ने कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौता भारत को विनिर्माण, नवाचार और सतत विकास के वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक मजबूत कदम है। यह समझौता वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत की बढ़ती भूमिका को उजागर करता है। ऋषि कुमार ने कहा कि यह एक व्यापक व्यापार समझौते की दिशा में पहला कदम है जो निजी क्षेत्र के सहयोग को और भी अधिक बढ़ावा देगा और हम समझौते के विवरण की समीक्षा करने के लिए उत्सुक हैं।

## विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित

### राधारमण इंस्टीट्यूट के छात्रों को मिला एमपीपीएससी और कॅरियर मार्गदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राधारमण इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस के सिविल इंजीनियरिंग विभाग में कॅरियर मार्गदर्शन और एमपीपीएससी तैयारी को लेकर एक विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राजपत्रित अधिकारी एवं आईटीआई बैरसिया के अधिकारी अभिषेक श्रीवास्तव रहे। व्याख्यान में श्रीवास्तव ने सिविल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में करियर की संभावनाओं, सरकारी सेवाओं के अवसरों और सफलता के लिए आवश्यक रणनीतियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने एमपीपीएससी सहित प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, विषय चयन, समय प्रबंधन और अनुशासन के महत्व पर विद्यार्थियों को व्यावहारिक सुझाव दिए। कार्यक्रम में राधारमण ग्रुप के डायरेक्टर डॉ.पी.के. लाहिरी, आरआईटीएस के डायरेक्टर डॉ. अजय सिंह, सिविल इंजीनियरिंग विभागाध्यक्ष प्रो. केजी किरार सहित विभाग के शिक्षक और बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित रहे। राधारमण ग्रुप के अध्यक्ष इंजीनियर संजीव राधारमण सक्सेना ने कहा कि संस्थान का उद्देश्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ प्रभावी करियर मार्गदर्शन देना है, ताकि वे प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं और पेशेवर जीवन में सफल हो सकें।

### सीएजी के सर्वे में खुलासाः भारत की सड़कों पर दौड़ रहे 260 मिलियन टू-व्हीलर

**नई दिल्ली।** भारत की सड़कों पर इस समय लगभग 260 मिलियन टू-व्हीलर दौड़ रहे हैं, जिससे प्रदर्शित होता है कि टू-व्हीलर आवागमन का सबसे आम और सुविधाजनक तरीका बन गए हैं। टू-व्हीलर्स के इतने व्यापक उपयोग के कारण राईडर और पिलियन की सुरक्षा सुनिश्चित करना बहुत महत्वपूर्ण हो गया है। सड़क एवं परिवहन मंत्रालय की वार्षिक रिपोर्ट 2023 के मुताबिक सड़क दुर्घटनाओं में मरने वाले 54,000 राईडर और पिलियन पैसेंजर हेलमेट नहीं पहने हुए थे।

## भारत की विकास यात्रा का खाका पेश

### भारत दो-तीन दशकों में 30 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनेगाः अंबानी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रिलायंस इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर मुकेश डी अंबानी ने कहा कि भारत अगले 20–30 वर्षों में 25 से 30 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की क्षमता रखता है और यह दौर देश की युवा पीढ़ी के लिए निवेश का एक बहुत बड़ा अवसर होगा।

मुंबई में आयोजित जियो–ब्लैकरॉक कार्यक्रम इन्वेस्टिंग फॉर ए न्यू एरा में ब्लैकरॉक के सीईओ लैरी फिंक के साथ फायरसाइड चैट के दौरान अंबानी ने भारत की विकास यात्रा का स्पष्ट खाका पेश किया। जियो ब्लैकरॉक इवेंट में मुकेश अंबानी ने कहा कि भारत



पारंपरिक रूप से बचत का देश रहा है, लेकिन अब समय है कि देश के आगे बढ़ने का फायदा निवेश करके उठाया जाए। बचत को निवेश में बदला जाए। सेविंग्स का पैसा यदि कैपिटल मार्केट्स में निवेश हो, तो इससे न केवल परिवारों की संपत्ति बढ़ेगी बल्कि देश की आर्थिक वृद्धि को भी गति मिलेगी। लैरी फिंक ने भी इस विचार का समर्थन करते हुए कहा कि लॉन्ग-टर्म इक्विटी निवेश भारत जैसे तेजी से बढ़ते देश में संपत्ति सृजन का सबसे प्रभावी जरिया बन सकता है।

#### भारत के विकास की जड़ें इंफ्रास्ट्रक्चर निर्माण और डिजिटल क्रांति से जुड़ी

अंबानी ने कहा कि भारत के विकास की जड़ें मजबूत नीतियों, राजनीतिक स्थिरता, बड़े पैमाने पर इंफ्रास्ट्रक्चर निर्माण और डिजिटल क्रांति से जुड़ी हैं। 5जी, डिजिटल इंडिया और कैपिटल मार्केट्स के विस्तार से भारत दीर्घकालिक निवेश के लिए आकर्षक केंद्र बन गया है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर जोर देते हुए अंबानी ने कहा कि एआई शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में शानदार बदलाव ला सकता है। उनके अनुसार एआई के जरिए उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा, बेहतर हेल्थकेयर और प्रभावी सार्वजनिक सेवाएं 1.4 अरब लोगों तक सुलभ और किफायती रूप में पहुंचाई जा सकती हैं। कार्यक्रम में ब्लैकरॉक के सीईओ लैरी फिंक ने भारत को एरा ऑफ इंडिया बताया कि जिस पर अंबानी ने कहा कि जो लोग भारत की दीर्घकालिक ग्रोथ पर भरोसा करेंगे, वही आने वाले दशकों में सबसे अधिक लाभ पाएंगे।

### जियो-ब्लैकरॉक इंवेस्टमेंट एडवाइजर्स ने लांच की 'पर्सनालाइज्ड इन्वेस्टमेंट एडवाइज'

एजेंसी ▶▶ मुंबई

जियोब्लैकरॉक इंवेस्टमेंट एडवाइज़रस प्राइवेट लिमिटेड ने भारत में 'जियोब्लैकरॉक पर्सनालाइज्ड इन्वेस्टमेंट एडवाइज' की शुरुआत की है। यह एक डिजिटल इन्वेस्टमेंट एडवाइजरी प्लेटफॉर्म है। कंपनी का दावा है कि वह भारतीयों को सिर्फ बचतकर्ता नहीं बल्कि समझदार निवेशक बनाना चाहती है। जियो फाइनेंशियल सर्विसेज और ब्लैकरॉक की 50:50 की जॉइंट वेंचर कंपनी है जियोब्लैकरॉक इंवेस्टमेंट एडवाइजरस प्राइवेट लिमिटेड। जियो फाइनेंशियल सर्विसेज की नॉन-एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर ईशा एम. अंबानी ने कहा कि हर भारतीय की वित्तीय मजबूती देश को 'विकसित भारत 2047' की दिशा में आगे ले जाने के लिए जरूरी है। जियोब्लैकरॉक का लक्ष्य भारत को बचतकर्ताओं के देश से आत्मविश्वासी निवेशकों के देश में बदलना है। उन्होंने बताया कि जियो की डिजिटल पहुंच और ब्लैकरॉक के वैश्विक निवेश अनुभव के जरिए आम लोगों तक विश्वस्तरीय निवेश सलाह पहुंचाई जाएगी। नई डिजिटल एडवाइजरी सेवा के तहत निवेशक मात्र 10 हजार से निवेश की शुरूआत कर सकते हैं।

**केनरा बैंक Canara Bank**
भारत सरकार का उपक्रम — A Govt. of India Undertaking
सिंडिकेट Syndicate

क्षेत्रीय कार्यालय–1
पर्यावास भवन, भोपाल

**ई-नीलामी सूचना**

परिशिष्ट – IV क [ नियम 8(6) का परन्तुक देखें ]

**चल एवं अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**

**वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) के अन्तर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय सूचना**

आम जनता को साधारणतः एवं निम्न वर्णित चल एवं अचल संपत्तियों के ऋणियों एवं जमानतदारों को विशेषतः सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित संपत्तियाँ **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के पास बंधक है तथा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे वर्णित संपत्तियों का उसके **सांकेतिक/भौतिक कब्जा** ले लिया गया है। निम्नवर्णित संपत्तियों का विक्रय दिनांक **20.02.2026** को **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के बकाया राशि को वसूल करने हेतु "जैसा है जहां है, जो है जैसा है" एवं "जो कुछ भी है" के आधार पर किया जा रहा है।

| शाखा एवं खाते/जमानतदार का नाम | बकाया राशि | संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड बढ़ाने की राशि |
|---|---|---|---|
| **केनरा बैंक, कोहेफिजा शाखा, भोपाल फोन : 9993166500 e-mail id : cb2652@canarabank.com Collection A/c for EMD - 209272434, IFSC- CNRB0002652** | | | |
| ऋणी- **श्रीमती सईदा खातून** पत्नि श्री संजय कुमार यादव सहबाध्यकारी/ऋणी/बंधककर्ता श्री संजय कुमार यादव पुत्र श्री गोपाल राम यादव श्री अशोक कुमार मेहता पुत्र श्री मदनलाल मेहता | ₹ 3,63,422.85 + दिनांक 24.08.2024 से ब्याज एवं अन्य खर्चे | फ्लैट स्थित नर्मदा ब्लॉक क्रमांक 3 चतुर्थ तल प्लॉट क्रमांक 10, सेक्टर-डी, इंडस रियलिटी, औद्योगिक क्षेत्र मंडीदीप, वार्ड क्रमांक 13, गोहरगंज रायसेन क्षेत्रफल- 450 वर्गफीट चर्तुसीमाएंः पूर्वः नर्मदा ब्लॉक 03, चतुर्थ तल-04, पश्चिमः नर्मदा ब्लॉक 03, चतुर्थ तल-02, उत्तरः नर्मदा ब्लॉक 02, चतुर्थ तल-07, दक्षिणः कॉरिडोर | ₹ 6,48,000/- / ₹ 64,800/- / ₹ 10000/- |
| **केनरा बैंक मंडीदीप शाखा, फोन : (Ph. No 9575560444) e-mail id : cb4594@canarabank.com Collection A/c for EMD : A/c No 209272434, IFSC Code: CNRB0004594** | | | |
| ऋणी : **सीमा ठाकुर** पत्नि सुरेश ठाकुर जमानतदार- सुरेन्द्र सिंह चौहान पुत्र श्री पर्वत सिंह चौहान | ₹ 8,13,756.43 + ब्याज एवं अन्य खर्चे | 2 बी.एच.के. फ्लैट नं. एम.-7, चतुर्थ तल प्लाट नं. 55, 56, 57, 58, 59, 60, 61 एवं 62, खसरा नं. 473/1/2/1 का भाग, वैष्णौ एवेन्यु, उद्योगपुरी कालोनी, दाहोद रोड, वार्ड नं. 17, मण्डीदीप, तहसील- गौहरगंज, जिला-रायसेन एरिया 500 वर्गफिट (46.46 वर्गमीटर) संपत्ति मालिक- श्रीमती सीमा ठाकुर पत्नि श्री सुरेश ठाकुर चर्तुसीमाएं- उत्तर- फ्लैट नं. एम-6, दक्षिण- फ्लैट नं. एम-8, पूर्व- 30 फिट रोड, पश्चिम- कॉमन कारिडोर | ₹ 5,60,000/- / ₹ 56,000/- / ₹ 10000/- |
| ऋणीः **श्री मंजीत सिंह पुत्र हरनाम सिंह** | ₹ 11,58,506.86 + दिनांक 30.11.2024 से ब्याज एवं अन्य खर्चे | बंधक संपत्ति स्थित फ्लैट नं. 403, चतुर्थ तल, प्लॉट नं. 6, खसरा नं. 454/1/2/1/1, किंग्स पैराडाइज, बेतवा कॉलोनी, मंडीदीप म.प्र.- 462046 मालिक- श्री मंजीत सिंह पुत्र श्री हरनाम सिंह कुल क्षेत्रफल 45 वर्गमीटर। चर्तुसीमाएंः पूर्वः अन्य भूमि, पश्चिमः सामान्य क्षेत्र, उत्तरः फ्लैट नं.402, दक्षिणः फ्लैट नं. 404 | ₹ 8,10,000/ / ₹ 81,000/ / ₹ 10000/- |
| ऋणी- **श्री कुलदीप कुमार तिवारी** पुत्र श्री सालिगराम तिवारी सहऋणी- **श्रीमती लक्ष्मी तिवारी** पत्नि श्री कुलदीप कुमार तिवारी | दिनांक 04.07.2024 को ₹ 12,56,149.12/- + देय ब्याज एवं अन्य खर्चे | बंधक संपत्ति स्थित फ्लैट नं. 603, शिवाली ब्लॉक, छठवीं मंजिल, "किंग पार्क सिटी, पिपल्यिा गज्जू, मण्डीदीप तहसील गौहरगंज, जिला-रायसेन (म.प्र.) 462046 संपत्ति मालिक- श्री कुलदीप कुमार तिवारी पुत्र श्री सालिगराम तिवारी पिलिन्थ एरिया 430.40 वर्गफिट (40 वर्गमीटर) चर्तुसीमाएं- पूर्व- फ्लैट नं. 602, पश्चिम- फ्लैट नं 604,उत्तर- कॉमन एरिया, दक्षिण- रोड, | ₹ 8,50,000/- / ₹ 85,000/- / ₹ 10000/- |
| **केनरा बैंक बीएचईएल शाखा, भोपाल फोन (Ph. No 919836556510) e-mail id : cb2544@canarabank.com Collection A/c for EMD : A/c No 209272434, IFSC Code: CNRB0002544** | | | |
| ऋणी एवं बंधककर्ता- **श्री लीला किशन** सहऋणी एवं बंधककर्ताः श्रीमती सुलोचना बाई पत्नि श्री लीला किशन | ₹ 357523.17/- + दिनांक 30.12.2024 से देय ब्याज एवं अन्य खर्चे | संपत्ति का समस्त भू भाग रिहायशी फ्लैट नं. एस-2, क्षेत्रफल- 280 वर्गफिट द्वितीय तल, आशुतोष परिसर, खसरा नं. 468/1, 469,471/8/3, 468/1/8/3, 468/1/8/1, 468/1/8/4, का भाग, शिवलोक कालोनी, फेस-3, खजूरी कलां, भोपाल (म.प्र.) चर्तुसीमाएं- पूर्व- रोड, पश्चिम- प्लाट नं. 79, उत्तर- फ्लैट नं. एस-03, दक्षिण- फ्लैट नं. एस-01 | ₹ 7,50,000/- / ₹ 75,000/- / ₹ 10000/- |
| **केनरा बैंक, टी.टी. नगर शाखा, भोपाल (Ph. No. 919005199549) e-mail id : cb5443@canarabank.com Collection A/c for EMD - 209272434, IFSC- CNRB0005443** | | | |
| ऋणी- **श्री नरेन्द्र प्रजापति** वास्ते श्री खिल्लन सिंह | ₹ 1519556/- +दि. 25.04.2023 से ब्याज एवं अन्य खर्चे | रिहायशी बंधक संपत्ति स्थित फ्लैट क्रमांक 401 टाइप एमआईजी तल चतुर्थ वैष्णव क्लासिक सर्वे क्रमांक 1/1/2 क और 1/1/2 ख, वार्ड क्रमांक 56 तहसील हुजूर जिला भोपाल चर्तुसीमाएंः पूर्वः खुला, पश्चिमः फ्लैट क्रमांक 410, उत्तरः खुला, दक्षिणः फ्लैट क्रमांक 402 | ₹ 14,05,000/- / ₹ 1,40,500/- / ₹ 10000/- |
| **केनरा बैंक, बाबड़िया कलां शाखा, भोपाल (Ph. No 9934670351) e-mail id : cb5101@canarabank.com EMD Deposit A/c No 209272434 IFSC Code: CNRB0004594,** | | | |
| ऋणी- **मेसर्स आराध्या सेल्स** प्रोपराइटर – श्री संदीप कुमार पुत्र श्री सुधीर कुमार | ₹ 606851.50 + दिनांक 19.05.2021 से ब्याज एवं खर्चे | रिहायशी प्लाट नं. 159, आस्था विहार, हिनोतिया जागीर, पटवारी हल्का 10/8, आर.एन.एम.-01, विकास खंड फन्दा, तहसील- हुजूर, जिला-भोपाल क्षेत्रफल- 74.34 वर्गमीटर चर्तुसीमाएं- उत्तर- प्लाट नं. 158, दक्षिण- प्लाट नं. 160, पूर्व- प्लाट नं. 166, पश्चिम- कालोनी रोड | ₹ 3,00,000/- / ₹ 30,000/- / ₹ 10000/- |
| **केनरा बैंक रायसेन रोड शाखा, भोपाल फोनः 919729373175, e-mail id : cb5276@canarabank.com Collection A/c for EMD - 209272434, IFSC Code: CNRB0005276** | | | |
| ऋणी- **श्री हरिओम प्रसाद मालवीय पुत्र भागीरथ प्रसाद मालवीय** | दिनांक 07.04.2021 को ₹ 7,91,017/- + ब्याज एवं अन्य खर्चे | आवासीय फ्लैट संख्या ई-7/13, चतुर्थ तल, ब्लॉक ई-7, 'महर्षि पतंजलि योजना फेस-1, ग्राम-गोदरमऊ, आशाराम बापू चौराहा के पास, तहसील-हुजूर, जिला भोपाल प्लिंथ क्षेत्रफलः 384.35 वर्गफीट; कारपेट क्षेत्रफलः 345.92 वर्गफीट, संपत्ति मालिक- श्री हरिओम प्रसाद मालवीय चर्तुसीमाएंः पूर्वः फ्लैट संख्या ई-7/14, पश्चिमः गली और ब्लॉक संख्या ई-4,उत्तरः फ्लैट संख्या ई-7/16,दक्षिणः ब्लॉक संख्या ई-6 | ₹ 3,90,000/- / ₹ 39,000/- / ₹ 10000/- |
| **केनरा बैंक बरेली शाखा, बरेली ( Ph. No 8172873155 ) e-mail id : cb6124@canarabank.com EMD Deposit A/c No 209272434 IFSC Code: CNRB0006124** | | | |
| ऋणी एवं बंधककर्ता- **श्री वीरेन्द्र कुमार घूरे** पुत्र श्री धम्मूलाल घूरे | ₹ 412399.00/- + दिनांक 21.11.2024 से ब्याज एवं अन्य खर्चे | संपत्ति स्थित प.ह.नं. 30/21, खसरा नं. 224/64/16/0001, वार्ड नं. 01, शक्ति नगर वार्ड, भूतड़ा कालोनी, बरेली तहसील जिला-रायसेन (म.प्र.) क्षेत्रफल- 450 वर्गफिट चर्तुसीमाएं- पूर्व- विक्रेता की जमीन, पश्चिम- 15 फिट कालोनी रोड, उत्तर- ज्योति साहू का प्लाट, दक्षिण- विक्रेता की जमीन | ₹ 4,05,000/- / ₹ 40,500/- / ₹ 10000/- |
| **केनरा बैंक सांची शाखा : सांची फोन : 9630440445, e-mail id :- cb1183@canarabank.com Collection A/c for EMD - 209272434, IFSC- CNRB0001183** | | | |
| ऋणी : **बद्री सिंह सेन** पुत्र श्री राम सिंह जमानतदार-दातार सिंह पुत्र भगवान सिंह | ₹ 11,89,120/- +दि. 30.12.2024 से ब्याज एवं अन्य खर्चे | संपत्ति का समस्त भू भाग स्थित पी.सी. नं. 8, खसरा नं. 125/2, क्षेत्रफल- 1500 वर्गफिट ग्राम- राताटीला में स्थित प्लाट पर मकान, तहसील एवं जिला-रायसेन चर्तुसीमाएं- उत्तर- फूल सिंह सेन का मकान, दक्षिण- शादीलाल मेहरा की भूमि, पूर्व- रूप सिंह की भूमि, पश्चिम-15 फिट चौड़ी रोड | ₹ 6,80,000/- / ₹ 68,000/- / ₹ 10000/- |
| **केनरा बैंक, गंजबासौदा शाखा (Ph. No. 7827580002) e-mail id : cb5676@canarabank.com Collection A/c for EMD - 209272434, IFSC- CNRB0005676** | | | |
| ऋणी- **श्री राजकुमार** पुत्र बने सिंह जमानतदारः **श्री बहादुर सिंह** पत्नि श्री मान सिंह | ₹ 572043.71 +दि. 30.12.2020 से ब्याज एवं अन्य खर्चे | बंधक संपत्ति प्लाट एवं भवन स्थित ग्राम राजोदा पीएच. नं. 44 सर्वे नं. 317, तहसील गंजबासौदा जिला विदिशा (म.प्र.) क्षेत्रफल 750.00 वर्गफीट चर्तुसीमाएंः पूर्वः विक्रेता की भूमि, पश्चिमः बहादुर सिंह की भूमि, उत्तरः 15 फीट चौड़ी गली, दक्षिणः विक्रेता की भूमि | ₹ 4,00,000/- / ₹ 40,000/- / ₹ 10000/- |
| ऋणी-**श्रीमती मालती बाई** पत्नि श्री शैतान सिंह सहऋणी- **श्री शैतान सिंह** पुत्र श्री श्री छोटेलाल | ₹ 548775.00 +दि. 30.12.2021 से ब्याज एवं अन्य खर्चे | बंधक संपत्ति स्थित आवासीय प्लॉट क्रमांक 18 सर्वे क्रमांक 180 पी. एच. नंबर 44. ग्राम राजोदा, तहसील गंजबासौदा जिला विदिशा 464221 क्षेत्रफल 2000.00 वर्गफीट चर्तुसीमाएंः पूर्वः भूमि, पश्चिमः गली नंबर 20 फीट, उत्तरः राधेश्याम गौड़ का प्लॉट, दक्षिणः भूमि | ₹ 11,70,000/- / ₹ 1,17,000/- / ₹ 10000/- |

**धरोहर राशि (ईएमडी) जमा करने की अंतिम तिथि 20-02-2026, सुबह 11.30 बजे तक या उससे पूर्व**
**ई-नीलामी की दिनांक एवं समय : 20-02-2026, दोपहर 12.00 से दोपहर 1.00 बजे तक (5 मिनिट के असीमित विस्तार पर)**

**E-Auction login Website: M/s PSB Alliance (Ebkray) Helpdesk No. 8291220220 Email : support.ebkray@psballiance.com, Website : https://BAANKNET.com**

नीलामी की विस्तृत जानकारी हेतु कृपया केनरा बैंक की वेबसाइट **https://www.canarabank.com** में "E-Auction" की लिंक देखें अथवा उपरोक्त वर्णित संबंधित शाखाओं के प्रबंधक अथवा प्राधिकृत अधिकारी अथवा केनरा बैंक क्षेत्रीय कार्यालय -1, वसूली विभाग फोन : 7081160770, email id: recrobpl@canarabank.com से कार्यालयीन समय एवं कार्यालयीन दिवस में संपर्क करें।

स्थान : भोपाल दिनांकः **03-02-2026** — प्राधिकृत अधिकारी केनरा बैंक

## चिंतन

# बच्चों की मोबाइल गतिविधियों पर अभिभावक रखें पैनी नज़र

आज के डिजिटल युग ने बच्चों की दुनिया को जितना आसान बना दिया है, उतना ही जटिल भी कर दिया है। मोबाइल फोन, टैबलेट और इंटरनेट आज बच्चों की पढ़ाई, मनोरंजन और संवाद का अहम हिस्सा बन चुके हैं, लेकिन यही तकनीक जब नियंत्रण से बाहर हो जाती है, तो बच्चों के मानसिक, शारीरिक और सामाजिक विकास के लिए गंभीर खतरा बन जाती है। ऐसे में माता-पिता की भूमिका केवल मोबाइल दिलाने तक सीमित नहीं रह जाती, बल्कि बच्चों की डिजिटल गतिविधियों पर सतर्क निगरानी रखना उनकी जिम्मेदारी बन जाती है। आजकल साफ तौर पर देखा जा रहा है कि अत्यधिक स्क्रीन टाइम बच्चों में चिड़चिड़ापन, एकाग्रता में कमी, नींद की समस्या और सामाजिक अलगाव को जन्म दे रहा है। लंबे समय तक मोबाइल पर गेम खेलने या सोशल मीडिया पर सक्रिय रहने वाले बच्चे परिवार और दोस्तों से कटने लगते हैं। वे वास्तविक दुनिया की गतिविधियों से दूरी बना लेते हैं, जिससे उनका भावनात्मक और सामाजिक विकास प्रभावित होता है। यही वजह है कि विशेषज्ञ लगातार सलाह दे रहे हैं कि बच्चों के लिए स्क्रीन टाइम की स्पष्ट और सख्त सीमा तय की जाए। हाल ही में गाजियाबाद में तीन सगी बहनों की आत्महत्या की घटना ने पूरे समाज को झकझोर दिया। 12, 14 और 16 साल की इन बच्चियों को कोरियाई लवर गेम की लत थी। बताया गया कि वे स्कूल तक छोड़ चुकी थीं और हर गतिविधि एक साथ करती थीं। सुसाइड नोट में लिखा गया "सॉरी मम्मी-पापा, गेम नहीं छोड़ पाएंगे।" यह घटना एक कड़वी सच्चाई को उजागर करती है कि डिजिटल लत किस हद तक बच्चों को अपनी गिरफ्त में ले सकती है। ऐसे में माता-पिता के लिए सबसे पहला कदम है समय सीमा निर्धारित करना। बच्चों के मोबाइल उपयोग के लिए प्रतिदिन का समय फिक्स होना चाहिए। इसके साथ-साथ गूगल फैमिली लिंक जैसे पेरेंटल कंट्रोल ऐप्स का इस्तेमाल कर स्क्रीन टाइम को सीमित किया जा सकता है और यह जाना जा सकता है कि बच्चे मोबाइल पर क्या देख रहे हैं। निगरानी के साथ-साथ संवाद भी उतना ही जरूरी है। बच्चों को केवल डांटना या मोबाइल छीन लेना समाधान नहीं है। खुलकर बातचीत करने से बच्चे अपनी समस्याएं साझा करते हैं और गलत डिजिटल कंटेंट से दूर रहने के लिए खुद को तैयार करते हैं। बच्चों को मोबाइल से दूर रखने का सबसे कारगर तरीका है उन्हें बेहतर विकल्प देना। आउटडोर खेल, किताबें, संगीत, चित्रकला और अन्य रचनात्मक गतिविधियां बच्चों के लिए न केवल मनोरंजन का साधन हैं, बल्कि उनके व्यक्तित्व विकास में भी सहायक हैं। जब बच्चों को सकारात्मक और रोचक विकल्प मिलते हैं, तो वे खुद-ब-खुद मोबाइल से दूरी बनाने लगते हैं। आज सबसे बड़ा खतरा मोबाइल पर खेले जाने वाले कुछ ऑनलाइन गेम्स से जुड़ा है। ब्लू व्हेल चैलेंज, मोमो चैलेंज, कोरियाई लवर गेम, पबजी और ब्लैकआउट चैलेंज जैसे टास्क-बेस्ड गेम्स बच्चों को मानसिक रूप से इतना प्रभावित कर देते हैं कि वे जानलेवा कदम उठाने तक के लिए प्रेरित हो जाते हैं। मोमो चैलेंज डर और धमकी के जरिए बच्चों को जानलेवा काम करने को मजबूर करता है। चोकिंग गेम और ब्लैकआउट चैलेंज जैसी चुनौतियां भी सोशल मीडिया के जरिए फैल रही हैं। अगर समय रहते हम सतर्क हो गए, तो कई मासूम जिंदगियों को बचाया जा सकता है।



**भारत-अमेरिका डील**
महेन्द्र तिवारी

# वैश्विक राजनीति को मिली नई दिशा

> भारत और अमेरिका के बीच हाल में हुए व्यापारिक समझौते ने केवल दो देशों की नीतियों को ही नहीं बदला, बल्कि वैश्विक राजनीति के समीकरणों को भी नई दिशा दी है। जिस अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने कार्यकाल के दौरान आयात शुल्क को हथियार बनाकर पूरी दुनिया को चेतावनी दी थी, वही ट्रंप अचानक भारत के मामले में नरम पड़ते दिखाई दिए। जिन शुल्कों को उन्होंने पहले पचास प्रतिशत तक पहुंचा दिया था, उन्हें घटाकर अठारह प्रतिशत पर लाना कोई सामान्य फैसला नहीं था। आने वाले वर्षों में भारत और अमेरिका के बीच सहयोग और गहरा हो सकता है। उभरती तकनीकों, रक्षा उत्पादन और निवेश के क्षेत्रों में नए रास्ते खुलेंगे।

भारत और अमेरिका के बीच हाल में हुए व्यापारिक समझौते ने केवल दो देशों की नीतियों को ही नहीं बदला, बल्कि वैश्विक राजनीति के समीकरणों को भी नई दिशा दी है। जिस अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्डट्रंप ने अपने कार्यकाल के दौरान आयात शुल्क को हथियार बनाकर पूरी दुनिया को चेतावनी दी थी, वही ट्रंप अचानक भारत के मामले में नरम पड़ते दिखाई दिए। जिन शुल्कों को उन्होंने पहले पचास प्रतिशत तक पहुंचा दिया था, उन्हें घटाकर अठारह प्रतिशत पर लाना कोई सामान्य फैसला नहीं था। यह बदलाव न तो अचानक हुआ और न ही एकतरफा दबाव का परिणाम था। इसके पीछे भारत की एक सधी हुई, दूरदर्शी और संतुलित कूटनीति काम कर रही थी, जिसने अमेरिका जैसे शक्तिशाली देश को भी बातचीत की मेज पर सम्मान के साथ बैठने को मजबूर कर दिया। ट्रंप की राजनीति हमेशा आक्रामक रही है। उनका मानना रहा कि आर्थिक दबाव के जरिए ही किसी देश को झुकाया जा सकता है। सत्ता में आते ही उन्होंने चीन के साथ व्यापार युद्ध छेड़ दिया और उसी क्रम में भारत को भी निशाने पर लिया। भारत पर यह आरोप लगाया गया कि वह विदेशी वस्तुओं पर बहुत अधिक कर लगाता है और अमेरिकी कंपनियों को उचित अवसर नहीं देता। इसी सोच के तहत भारत को विशेष व्यापारिक सुविधा की सूची से बाहर कर दिया गया, जिससे भारतीय निर्यातकों को भारी नुकसान उठाना पड़ा। इस फैसले से दवाइयों, कपड़ों, रत्नों और कृषि उत्पादों पर अतिरिक्त बोझ पड़ा और भारत के लिए अमेरिकी बाजार कठिन हो गया। भारत ने इस दबाव को चुपचाप स्वीकार नहीं किया। उसने जवाबी कदम उठाए और अमेरिका से आने वाले कई उत्पादों पर कर बढ़ा दिए। इससे अमेरिका के किसान और उद्योगपति प्रभावित हुए। बादाम, सेब और अन्य कृषि उत्पादों के निर्यात पर असर पड़ा। यह संकेत साफ था कि भारत केवल सुनने वाला देश नहीं है, बल्कि अपने हितों की रक्षा करना जानता है। इसके बावजूद भारत ने टकराव की भाषा नहीं अपनाई। उसने संवाद के दरवाजे खुले रखे और यही उसकी सबसे बड़ी ताकत साबित हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विदेश नीति का मूल आधार संतुलन रहा है। न तो किसी के आगे झुकना और न ही अनावश्यक टकराव। इसी नीति के तहत भारत ने अमेरिका के साथ रणनीतिक सहयोग बढ़ाया। सुरक्षा, रक्षा उत्पादन, तकनीक और निवेश के क्षेत्र में साझेदारी को मजबूत किया गया। भारत ने यह संदेश स्पष्ट रूप से दिया कि वह केवल एक बाजार नहीं, बल्कि भरोसेमंद साझेदार है। अमेरिका की बड़ी कंपनियों को भारत में निवेश के अवसर दिए गए, उत्पादन को बढ़ावा देने वाली योजनाओं के माध्यम से उद्योगों को आकर्षित किया गया और नौकरशाही अड़चनों को कम करने की दिशा में ठोस कदम उठाए गए। इन सभी प्रयासों का असर तब दिखा जब ट्रंप ने खुद स्वीकार किया कि प्रधानमंत्री मोदी से बातचीत के बाद उन्होंने अपने रुख पर पुनर्विचार किया। यह कोई साधारण फोन वार्ता नहीं थी, बल्कि वर्षों की रणनीति और विश्वास का परिणाम थी। ट्रंप जैसे नेता, जो आमतौर पर सार्वजनिक रूप से किसी की प्रशंसा नहीं करते, उन्होंने मोदी को प्रभावशाली और सम्मानित नेता बताया। यह बदलाव केवल शब्दों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि नीतियों में भी दिखाई दिया। नए व्यापारिक



समझौते के तहत भारत और अमेरिका दोनों ने एक दूसरे को राहत दी। भारत ने कुछ कृषि उत्पादों पर शुल्क कम करने का संकेत दिया, जबकि अमेरिका ने भारतीय इस्पात, कपड़ा और दवा उद्योग को बड़ी राहत दी। इससे भारत के निर्यात को बढ़ावा मिलेगा और लाखों लोगों के रोजगार सुरक्षित होंगे। दवा उद्योग के लिए यह विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि भारतीय दवाइयाँ सस्ती और प्रभावी मानी जाती हैं और अमेरिका में उनकी मांग लगातार बढ़ रही है। इस पूरे घटनाक्रम में एक बड़ा सवाल यह भी उठा कि क्या अमेरिका से बढ़ती नजदीकी का असर भारत के रूस के साथ संबंधों पर पड़ेगा। यह सवाल इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यूक्रेन युद्ध के बाद रूस से सस्ता तेल खरीदने के कारण भारत पश्चिमी देशों की आलोचना के केंद्र में रहा है। भारत ने अपने राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता देते हुए रूस से तेल खरीद जारी रखी, जिससे उसे अरबों रुपये की बचत हुई और ऊर्जा सुरक्षा मजबूत हुई। अमेरिका ने इस पर असंतोष जरूर जताया, लेकिन कोई ठोस प्रतिबंध नहीं लगाया। रूस की ओर से भी यह स्पष्ट किया गया कि भारत के साथ उसके संबंधों में कोई बदलाव नहीं आया है। रूसी नेतृत्व ने कहा कि भारत एक भरोसेमंद रणनीतिक साझेदार है और दोनों देशों का सहयोग आगे भी जारी रहेगा। रक्षा क्षेत्र में चल रही परियोजनाएं, मिसाइल प्रणालियों की आपूर्ति और सैन्य सहयोग पर कोई असर नहीं पड़ेगा। यह प्रतिक्रिया इस बात का प्रमाण है कि भारत ने अपनी कूटनीति में संतुलन बनाए रखा है और किसी एक खेमे में खुद को सीमित नहीं किया है। आज़ादी के बाद से ही भारत ने गुटनिरपेक्षता और रणनीतिक स्वायत्तता का रास्ता चुना है। भारत अपने फैसले स्वयं करता है, दबाव में नहीं। अमेरिका के साथ व्यापारिक समझौता भी इसी सोच का परिणाम है। इसमें न तो आत्मसमर्पण है और न ही टकराव, बल्कि आपसी लाभ का रास्ता है।

इस समझौते का असर केवल भारत और अमेरिका तक सीमित नहीं रहेगा। वैश्विक अर्थव्यवस्था में भी इसके सकारात्मक संकेत दिखाई देंगे। जब दो बड़ी अर्थव्यवस्थाएं सहयोग का रास्ता चुनती हैं, तो बाजारों में स्थिरता आती है। निवेशकों का भरोसा बढ़ता है और विकास को गति मिलती है। भारत के लिए यह अवसर है कि वह खुद को विश्व उत्पादन केंद्र के रूप में स्थापित करे और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में अपनी भूमिका मजबूत करे। हालांकि चुनौतियां अभी भी मौजूद हैं। डिजिटल कर, बौद्धिक संपदा अधिकार और आंकड़ों की सुरक्षा जैसे मुद्दों पर मतभेद बने हुए हैं। भारत को सावधानी से आगे बढ़ना होगा ताकि घरेलू हितों की अनदेखी न हो। विदेशी कंपनियों को अवसर देते समय यह सुनिश्चित करना होगा कि देश के कानूनों और संप्रभुता से कोई समझौता न हो। राजनीतिक दृष्टि से भी यह समझौता महत्वपूर्ण है। इससे यह संदेश जाता है कि भारत अब केवल प्रतिक्रिया देने वाला देश नहीं, बल्कि वैश्विक नीतियों को प्रभावित करने की क्षमता रखता है। प्रधानमंत्री मोदी की विदेश नीति की यह एक बड़ी परीक्षा थी, जिसमें वे सफल दिखाई देते हैं। ट्रंप का नरम रुख इस बात का संकेत है कि भारत की बात अब सुनी जाती है। आने वाले वर्षों में भारत और अमेरिका के बीच सहयोग और गहरा हो सकता है। उभरती तकनीकों, रक्षा उत्पादन और निवेश के क्षेत्रों में नए रास्ते खुलेंगे। साथ ही रूस के साथ ऊर्जा और रक्षा सहयोग भी जारी रहेगा। भारत दोनों शक्तियों के साथ अपने हितों के अनुसार संबंध बनाए रखेगा। अंततः यह कहानी बदलती दुनिया में समझदारी भरी कूटनीति की है। यह दिखाती है कि शोर मचाने से नहीं, बल्कि संवाद और संतुलन से बड़े फैसले लिए जाते हैं। भारत ने यही रास्ता चुना है और यही उसकी सबसे बड़ी ताकत बनकर उभर रहा है।

( लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

**डिजिटल लत**
राजेश जैन



# अगर अब भी नहीं चेते तो बहुत देर हो जाएगी

भारत दुनिया का सबसे युवा देश है। देश की लगभग दो-तिहाई आबादी 35 वर्ष से कम उम्र की है। यही युवा भारत की आर्थिक वृद्धि, सामाजिक बदलाव और वैश्विक प्रतिस्पर्धा की असली ताकत हैं, लेकिन यही पीढ़ी आज एक ऐसे संकट की गिरफ्त में है, जो दिखता कम है और असर गहरा करता है-डिजिटल लत। इकोनॉमिक सर्वे 2025–26 ने पहली बार इस समस्या को सिर्फ़ सामाजिक नहीं, बल्कि आर्थिक खतरे के रूप में रेखांकित किया है। सर्वे बच्चों और युवाओं के 5 से 10 घंटे तक के स्क्रीन टाइम पर गंभीर चिंता जताता है और साफ़ कहता है कि अगर यह प्रवृत्ति यूं ही बढ़ती रही, तो आने वाले वर्षों में इसका असर जीडीपी पर भी दिख सकता है। यही वजह है कि रिपोर्ट में छात्रों को साधारण फोन देने, सोशल मीडिया के लिए उम्र-सीमा तय करने और उम्र आधारित डिजिटल एक्सेस पॉलिसी बनाने जैसी बड़ी सिफारिशें की गई हैं। सर्वे का आकलन साफ़ है कि छोटे बच्चे और किशोर इस लत के सबसे आसान शिकार हैं। वे जल्दी फंसते हैं, गलत कंटेंट तक पहुंच जाते हैं और धीरे-धीरे स्क्रीन पर निर्भर हो जाते हैं। इसलिए ज़रूरी है कि ऐप्स और प्लेटफॉर्म्स पर उम्र के हिसाब से पाबंदियां हों, ऑनलाइन कंपनियों को उम्र सत्यापन और बच्चों के लिए सुरक्षित सेटिंग्स की कानूनी ज़िम्मेदारी दी जाए और खासकर सोशल मीडिया, जुए से जुड़े ऐप्स, ऑटो-प्ले वीडियो और आक्रामक विज्ञापनों पर कड़ी निगरानी रखी जाए। यह चेतावनी हल्के में लेने लायक नहीं है। पिछले एक दशक में भारत ने डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर में ऐतिहासिक छलांग लगाई है। इंटरनेट कनेक्शन 25 करोड़ से बढ़कर करीब 97 करोड़ हो चुके हैं। 5जी नेटवर्क, भारतनेट और सस्ते डेटा ने गांव-गांव तक डिजिटल सेवाएं पहुंचा दी हैं।

डिजिटल अर्थव्यवस्था का योगदान राष्ट्रीय आय में 13 प्रतिशत से ज्यादा होने का अनुमान है और लगभग 85 प्रतिशत घरों में कम से कम एक स्मार्टफोन मौजूद है। यह उपलब्धि है, लेकिन इसके समानांतर स्क्रीन टाइम भी विस्फोटक रफ्तार से बढ़ा है। करोड़ों युवा दिन का बड़ा हिस्सा मोबाइल पर बिताते हैं-ओटीटी, सोशल मीडिया और गेमिंग के बीच झूलते हुए। यहीं से सुविधा आदत बनती है और आदत कब लत बन जाती है, पता ही नहीं चलता। इकोनॉमिक सर्वे डिजिटल लत को स्मार्टफोन, इंटरनेट, गेमिंग और सोशल मीडिया से जुड़ा नशे जैसा व्यवहार बताता है, जहां व्यक्ति लगातार, अत्यधिक और जुनूनी ढंग से स्क्रीन से जुड़ा रहता है। इसके नतीजे साफ़ दिख रहे हैं: ध्यान भटकना, नींद की कमी, चिड़चिड़ापन, पढ़ाई और काम में गिरावट, सामाजिक अलगाव और भावनात्मक अस्थिरता। विश्व स्वास्थ्य संगठन पहले ही गेमिंग डिसऑर्डर को मानसिक बीमारी के रूप में मान्यता दे चुका है। यह साफ़ संकेत है कि मामला अब व्यक्तिगत आदतों तक सीमित नहीं रहा, यह सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट बन चुका है। डिजिटल लत का पहला शिकार शिक्षा व्यवस्था बन रही है। रील संस्कृति और शॉर्ट वीडियो ने युवाओं की गहन अध्ययन क्षमता को खोखला कर दिया है। लंबे समय तक ध्यान केंद्रित करने की आदत टूट रही है। शिक्षक बताते हैं कि छात्र किताबों से ज़्यादा स्क्रीन पर निर्भर हो गए हैं। असाइनमेंट कॉपी-पेस्ट हो रहे हैं, आलोचनात्मक सोच घट रही है। यह असर केवल परीक्षा परिणामों तक सीमित नहीं रहेगा। अत्यधिक डिजिटल निर्भरता से काम की उत्पादकता घटेगी, स्वास्थ्य खर्च बढ़ेगा और जोखिम भरे ऑनलाइन व्यवहार से आर्थिक नुकसान होगा।

दुनिया के कई देश इस चुनौती को गंभीरता से ले चुके हैं। ऑस्ट्रेलिया ने 16 साल से कम उम्र के बच्चों के सोशल मीडिया अकाउंट पर रोक लगाई है। इन सभी प्रयासों का सार यही है कि तकनीक को हटाया नहीं जा सकता, लेकिन उसके उपयोग को दिशा दी जा सकती है। भारत में भी पहल शुरू हुई है। सीबीएसई के सुरक्षित इंटरनेट दिशानिर्देश, प्रज्ञाता फ्रेमवर्क, टेली मानस हेल्पलाइन और कुछ राज्यों की डिजिटल डी-एडिक्शन योजनाएं स्वागत योग्य हैं। सच्चाई यह है कि ये प्रयास बिखरे हुए हैं। अब वक्त आ गया है कि भारत डिजिटल सुविधा के साथ-साथ डिजिटल स्वास्थ्य को भी नीति के केंद्र में रखे। एक प्रभावी राष्ट्रीय डिजिटल वेलनेस नीति में स्कूल पाठ्यक्रम में डिजिटल साक्षरता और मानसिक स्वास्थ्य शिक्षा, हर ज़िले में डिजिटल लत काउंसलिंग केंद्र, उम्र के अनुसार स्क्रीन टाइम गाइडलाइन, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के एल्गोरिदम पर जवाबदेही, अभिभावकों के लिए बड़े स्तर पर जागरूकता अभियान और बच्चों-युवाओं को स्क्रीन से बाहर लाने के लिए खेल व सामुदायिक गतिविधियों को बढ़ावा जैसे कदम शामिल होने चाहिए।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## ईश्वर की प्राप्ति जीवन का सर्वोच्च उद्देश्य



संकलित
**दर्शन**

गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने ईश्वर प्राप्ति के तीन -ज्ञान, कर्म तथा भक्ति मार्ग बताए हैं। ज्ञान मार्ग में सांख्य की सहायता से मनुष्य तर्क-वितर्क द्वारा तत्व ज्ञान प्राप्त करने की कोशिश करता है, परंतु अक्सर तर्क-वितर्क में वह अपने मार्ग से भटक जाता है। कर्म मार्ग में भी मनुष्य को निष्काम भाव से कर्म करना होता है। अपने कर्म को ईश्वर को समर्पित करना पड़ता है। इसलिए इसमें भी भटकने की पूरी संभावना होती है। वहीं भक्ति मार्ग में वह अपने आप को पूर्णतया ईश्वर भक्ति में समर्पित कर देता है। वह स्वयं को विचलित नहीं करता है। इसलिए भक्ति मार्ग में ईश्वर प्राप्ति की पूरी संभावना होती है। इन तीनों मार्गों पर चलकर सफल होने के लिए मनुष्य को अष्टांग योग के पहले दो चरणों को जीवन में अपनाना जरूरी है। यह हैं यम और नियम। यम में सत्य, अहिंसा, ब्रह्माचर्य, अस्तेय और अपरिग्रह आते हैं। सत्य शब्द से तात्पर्य है सत्यता का जीवन में हर समय पालन करना। अहिंसा केवल जीव हिंसा से ही संबंधित नहीं है, इसमें दूसरों की भावनाओं को आहत नहीं करना भी आता है। अस्तेय का अर्थ है चोरी न करना और अपरिग्रह से तात्पर्य है कि आवश्यकता से ज्यादा किसी वस्तु या धन का संग्रह न करना। वहीं नियम में शौच, संतोष, तप, स्वाध्याय और ईश्वर-प्राणिधान आते हैं। शौच से मतलब मन की सफाई होता है। इसके लिए मनुष्य को स्वाध्याय को अपनाना चाहिए। यम और नियम को जीवन में अपनाने के लिए सर्वप्रथम ज्ञानेंद्रियों पर नियंत्रण करना जरूरी है।


## आखिर कर्म ही महान



संकलित
**प्रेरणा**

एक बार बुद्ध एक गांव में अपने किसान भक्त के यहां गए। शाम को किसान ने उनके प्रवचन का आयोजन किया। बुद्ध का प्रवचन सुनने के लिए गांव के सभी लोग उपस्थित थे, लेकिन वह भक्त ही कहीं दिखाई नहीं दे रहा था। गांव के लोगों में कानाफूसी होने लगी कि कैसा भक्त है कि प्रवचन का आयोजन करके स्वयं गायब हो गया। प्रवचन खत्म होने के बाद सब लोग घर चले गए। रात में किसान घर लौटा। बुद्ध ने पूछाः कहां चले गए थे? गांव के सभी लोग तुम्हें पूछ रहे थे। किसान ने कहा, दरअसल प्रवचन की सारी व्यवस्था हो गई थी, पर तभी अचानक मेरा बैल बीमार हो गया। पहले तो मैंने घरेलू उपचार करके उसे ठीक करने की कोशिश की, लेकिन जब उसकी तबीयत ज्यादा खराब होने लगी तो मुझे उसे लेकर पशु चिकित्सक के पास जाना पड़ा। अगर नहीं ले जाता तो वह नहीं बचता। आपका प्रवचन तो मैं बाद में भी सुन लूंगा। अगले दिन सुबह जब गांव वाले पुनः बुद्ध के पास आए तो उन्होंने किसान की शिकायत करते हुए कहा, यह तो आपका भक्त होने का दिखावा करता है। प्रवचन का आयोजन कर स्वयं ही गायब हो जाता है। बुद्ध ने उन्हें पूरी घटना सुनाई और फिर समझाया, उसने प्रवचन सुनने की जगह कर्म को महत्व देकर यह सिद्ध कर दिया कि मेरी शिक्षा को उसने बिल्कुल ठीक ढंग से समझा है। उसे अब मेरे प्रवचन की आवश्यकता नहीं है। मैं यही तो समझाता हूं कि अपने विवेक और बुद्धि से सोचो कि कौन सा काम पहले किया जाना जरूरी है।

## बर्फबारी के बीच देखभाल



अनंतनाग। बुधवार को अनंतनाग में ताजा बर्फबारी के बाद धूप खिली हुई है और एक महिला बर्फ से ढके खेत से होते हुए पशुओं को नदी तक पानी पिलाने के लिए ले जा रही है।

## आज की पाती

**उचित खानपान व जीवनशैली की जरूरत**

कैंसर से बचने और इसके बारे में लोगों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से पिछले कुछ वर्षों से दुनियाभर में विश्व कैंसर दिवस, 4 फरवरी को मनाया जाता आ रहा है। दुनिया में ही नहीं, बल्कि हमारे देश में भी इसके मरीजों की संख्या बढ़ी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट के अनुसार हमारे देश में कैंसर के मरीज तेजी से बढ़ रहे हैं। कुछ समय पहले हमारे देश में 11 लाख से ज्यादा कैंसर के नए मामले सामने आए, जबकि 7 लाख 84 हजार 800 लोगों की मौत कैंसर से हुई। हमारे देश में कैंसर के बढ़ते आंकड़े चिंताजनक है। अगर इसके लिए जल्दी से जल्दी चिंतन नहीं किया गया और गंभीरता नहीं दिखाई गई तो यह हमारे देश के लिए और भी मुसीबत बन सकता है। उचित खानपान व जीवनशैली की जरूरत है।

**- राकेश गुप्ता**, रायगढ़

## ट्रेंड

### ऐतिहासिक व्यापार समझौता



भारत और अमेरिका के बीच हुआ ऐतिहासिक व्यापार समझौता देश और विशेषकर हमारे राजस्थान के लिए प्रगति के नए द्वार खोलने वाला है। इस कदम से ज्वेलरी, हैंडीक्राफ्ट, गारमेंट और स्टोन इंडस्ट्री के लिए वैश्विक बाजार के द्वार खुलेंगे, जिससे निर्यात में वृद्धि होगी।

**- भजनलाल, सीएम, राजस्थान**

### सवालों का जवाब दे केंद्र



केंद्रीय भाजपा सरकार विपक्ष नेता राहुल गांधी द्वारा उठाए गए सवालों से क्यों डर रही है? सरकार को सदन के सदस्यों के सवालों का जवाब देने और राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक हितों से जुड़े मामलों पर स्पष्टता प्रदान करने के लिए तैयार रहना चाहिए।

**- एम.के. स्टालिन, सीएम, तमिलनाडु**

### दिल्ली असुरक्षित क्यों



दिल्ली में सिर्फ 15 दिन में 807 लोग गायब हो गए, ये हालात सामान्य नहीं, बेहद डराने वाले हैं। राजधानी में लोगों की सुरक्षा भगवान भरोसे छोड़ दी गई है। दिल्ली में हर स्तर पर बीजेपी के पास पूरी ताकत है, फिर भी दिल्ली इतनी असुरक्षित क्यों है ?

**-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली**

### जनता के लिए हानिकारक




ये डील नहीं, ढील है। भाजपा की उल्टी गणित से जनता फिर पूछ रही है : ज़ीरो बड़ा या अठारह, इस देश में कोई भी डील जो 70 फीसदी कृषि आधारित जनता के लिए हानिकारक है वो कभी लाभकारी साबित नहीं हो सकती है।

**- अखिलेश यादव, सांसद, सपा**

## करंट अफेयर

# जिल बाइडेन के पूर्व पति पर पत्नी की हत्या का आरोप



अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन की पत्नी जिल बाइडेन के पूर्व पति पर दिसंबर के अंत में डेलावेयर स्थित घर में अपनी पत्नी की हत्या करने का आरोप लगाया गया है। अधिकारियों ने मंगलवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में यह जानकारी दी। विलमिंगटन निवासी विलियम स्टीवेन्सन (77) का जिल बाइडेन से वैवाहिक रिश्ता 1970 से 1975 तक चला था। डेलावेयर के अटॉर्नी जनरल की प्रवक्ता कैरोलिन हैरिसन ने फोन पर बातचीत में पुष्टि की कि स्टीवेन्सन, जिल बाइडन के पूर्व पति हैं। पूर्व राष्ट्रपति और भूतपूर्व प्रथम महिला के कार्यालय के प्रवक्ता द्वारा ईमेल के माध्यम से दिए गए जवाब के अनुसार, जिल बाइडेन ने टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। हत्या के आरोप में सोमवार को गिरफ्तार किए जाने के बाद पांच लाख अमेरिकी डॉलर की जमानत राशि जमा करने में विफल रहने के कारण स्टीवेन्सन जेल में ही है। उन पर 28 दिसंबर को 64 वर्षीय लिंडा स्टीवेन्सन की हत्या का आरोप है। विज्ञप्ति के अनुसार, रात 11 बजे के बाद घरेलू विवाद की सूचना पर पुलिस को घर बुलाया गया और उन्होंने बैठक कक्ष में एक महिला को बेहोश पाया। लिंडा स्टीवेन्सन के शोक संदेश के मुताबिक, वह व्यवसाय करती थी और उन्हें परिवार-उन्मुख मां और दादी बताया गया है।

## ऑफ बीट

# आधा अरब क्षुद्रग्रह सूर्य की परिक्रमा कर रहे



क्षुद्रग्रह हमारे सौर मंडल के निर्माण के बाद बचे चट्टानों के टुकड़े हैं। चार मीटर से अधिक व्यास वाले लगभग आधा अरब क्षुद्रग्रह सूर्य की परिक्रमा करते रहते हैं, जो हमारे सौर मंडल से लगभग 30 किलोमीटर प्रति सेकंड की गति से गुजरते हैं – लगभग पृथ्वी के समान गति से। ज्यादातर मामलों में, सबसे छोटे क्षुद्रग्रह पृथ्वी के वायुमंडल से टकराने पर काफी हद तक टूट जाते हैं, और सतह तक भी नहीं आ पाते हैं। जब एक छोटा क्षुद्रग्रह (या उल्कापिंड, क्षुद्रग्रह से छोटी वस्तु) पृथ्वी के वायुमंडल से टकराता है, तो यह एक चमकीला 'आग का गोला' बन जाता है – एक शूटिंग स्टार या उल्का का एक बहुत लंबे समय तक चलने वाला और उजला संस्करण। यदि वस्तु का कोई बचा हुआ टुकड़ा जमीन से टकराता है, तो उसे उल्कापिंड कहा जाता है। अधिकांश वस्तु वायुमंडल में जल जाती है। प्रति वर्ष एक बार, औसतन, चार मीटर का क्षुद्रग्रह पृथ्वी की सतह से टकराता है। यदि आपने उस सतह क्षेत्र को दोगुना कर दिया, तो आपको प्रति वर्ष दो मिलेंगे। पृथ्वी की त्रिज्या 6,400 किमी है। दोगुने सतह क्षेत्रफल वाले एक गोले की त्रिज्या 9,000 किमी है। तो, प्रति वर्ष लगभग एक बार, चार मीटर का क्षुद्रग्रह पृथ्वी की सतह के 2,600 किमी के भीतर आएगा – 9,000 किमी और 6,400 किमी के बीच का अंतर।

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलेक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

# तख्तियों के साथ नारेबाजी पर सांसदों को मर्यादा का पाठ पढ़ाया
# विरोध तर्कों से करें और असहमति मुद्दों पर, ये तरीका गैरवाजिब

भाषण के दौरान विपक्षी सांसदों ने टेबल पीटकर और हंगामा करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान विपक्ष ने राहुल गांधी को बोलने देने के लिए नारेबाजी की और वेल में भी आ गए। इस पर स्पीकर ओम बिरला ने कहा- बालू जी, आप वरिष्ठ नेता है, ये आपको अच्छा लग रहा है? विपक्षी सांसद पोस्टर लेकर पहुंचे। इस दौरान स्पीकर ने कहा - विपक्षी सांसद मर्यादा तोड़ रहे हैं।

## लोकसभा में विपक्ष पर बरसे स्पीकर बिरला और नसीहत दी

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

**संसद के बजट सत्र में लगातार हो रहा व्यवधान**

संसद के बजट सत्र में पक्ष-विपक्ष के बीच जोरदार तकरार देखने को मिल रही है। एक तरफ जहां राहुल गांधी अपने चीन सीमा विवाद वाले मुद्दे पर सरकार को घेर रहे हैं, वहीं सरकार की तरफ से इसका जवाब दिया जा रहा है। इसी बीच एक दिन पहले भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते को लेकर भी विपक्ष सरकार पर निशाना साथ साध रहा है। एक दिन पहले भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल की तरफ से प्रेस कॉन्फ्रेंस किया गया और आज वे लोकसभा में भी इस मुद्दे पर बोलने के लिए खड़े हुए। उनके भाषण के दौरान विपक्षी सांसदों ने टेबल पीटकर और हंगामा करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान विपक्ष ने राहुल गांधी को बोलने देने के लिए नारेबाजी की और वेल में भी आ गए। इस पर स्पीकर ओम बिरला ने कहा- बालू जी, आप वरिष्ठ नेता है, ये आपको अच्छा लग रहा है? विपक्षी सांसद पोस्टर लेकर पहुंचे। इस दौरान स्पीकर ने कहा कि विपक्षी सांसद मर्यादा तोड़ रहे हैं। आप शासन को झुका नहीं सकते। विरोध तर्कों से होता है। अहमति मुद्दों पर होती है। ये हंगामा करना ठीक नहीं है।

ट्रेड डील पर विपक्ष सरकार पर कर रहा हमला



### सदन की मर्यादा का उल्लंघन मत कीजिए

विपक्षी सदस्यों की लगातार नारेबाजी के बीच लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि मेरा मानना है कि लंबे समय से सरकार में होने के बावजूद आप सदन की मर्यादा और गरिमा का उल्लंघन कर रहे हैं। विरोध करने का एक तरीका होता है, और भी तरीके हो सकते हैं, लेकिन आप सभी अपनी निर्धारित सीटों को छोड़कर दूसरी तरफ जा रहे हैं। अगर आप इस तरह से गरिमा का उल्लंघन करेंगे, तो देश की जनता लोकतंत्र पर से विश्वास खो देगी। आप सभी वरिष्ठ नेता हैं, लेकिन सदन के नियमों का उल्लंघन करना उचित नहीं है। विरोध नारेबाजी या पोस्टर लेकर चलने से नहीं होता, विरोध शब्दों और तर्कपूर्ण दलीलों से होता है।

## इस ट्रेड डील से किसानों को कोई नुकसान नहीं होगा

### संसद में गोयल ने कहा

उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर सरकार का पक्ष रखते हुए कहा कि उर्वरक और कृषि जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में भारत के हितों की पूरी तरह रक्षा की गई है। यह समझौता छोटे और मध्यम कारोबारियों, एमएसएमई, औद्योगिक इकाइयों, कुशल श्रमिकों और उद्योगों के लिए नए अवसर खोलेगा व उन्नत तकनीकों तक पहुंच को आसान बनाएगा। इससे 'मेक इन इंडिया फॉर द वर्ल्ड', 'डिजाइन इन इंडिया फॉर द वर्ल्ड' और 'इनोवेट इन इंडिया फॉर द वर्ल्ड' के लक्ष्यों को गति मिलेगी।

### कृषि और डेयरी जैसे संवेदनशील क्षेत्र पूरी तरह सुरक्षित



गोयल ने कहा कि पिछले वर्ष दोनों देशों के वार्ताकारों ने विभिन्न स्तरों पर विस्तृत चर्चा की। दोनों पक्षों के महत्वपूर्ण हितों को ध्यान में रखते हुए संवेदनशील क्षेत्रों की सुरक्षा सुनिश्चित की गई। भारतीय पक्ष ने विशेष रूप से कृषि और डेयरी जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में अपने हितों की सफलतापूर्वक रक्षा की। द्विपक्षीय व्यापार समझौते के विभिन्न क्षेत्रों को अंतिम रूप देने में विचार किया गया।

### दोनों देश एक दूसरे के पूरक

गोयल ने कहा कि भारत और अमेरिका की अर्थव्यवस्थाएं काफी हद तक एक-दूसरे की पूरक हैं और आने वाले समय में दोनों देशों के बीच व्यापार के व्यापक अवसर मौजूद हैं। देश विकसित भारत के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है।

सरकार पर कांग्रेस का हमला, खरगे बोले

## भाजपा के लिए महिलाएं केवल वोट बैंक, देश की हालत बिगड़ रही

बुधवार को राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि 6062 शब्दों को अभिभाषण इस सरकार ने तैयार किया है। लेकिन कई अहम सवालों पर अभिभाषण मौन है। मैं सदन में सिर्फ पांच जरूरी मुद्दे आपके सामने रखना चाहूंगा। मैं सामाजिक न्याय, सामाजिक सद्भाव, संसदीय लोकतंत्र पर हमला, अर्थव्यवस्था और किसानों मजदूरों की दिक्कतें और विदेश नीति की खामियां.. पर बात रखना चाहता हूं। इस सत्ता ने कितना समय देश की भलाई के लिए दिया है। कितना समय इन्होंने देश के बाहर बिताया? सबसे पहले मैं सामाजिक न्याय पर बात रखूंगा। पिछले 11 वर्षों में मोदी सरकार ने सामाजिक न्याय के ताने-बाने को कमजोर किया है। उनके सांविधानिक हकों पर चोट पहुंचाई है। महिलाएं भाजपा के लिए केवल वोट बैंक बनकर रह गई हैं। अगर वाकई महिलाओं का नेतृत्व आगे लाना चाहते हैं, तो सबसे महिला आरक्षण विधेयक पारित करते और इस पर शर्तें नहीं रखते।



### भाजपा-आरएसएस ने किसी महिला को नहीं सौंपा नेतृत्व

भाजपा ने किसी महिला को अब तक अध्यक्ष नहीं बनाया है। आरएसएस ने सौ साल में किसी महिला को अपना नेतृत्व नहीं सौंपा है। उन्होंने कहा कि कमजोर तबकों, खासकर आदिवासियों, अल्पसंख्यकों और महिलाओं पर अत्याचार बढ़ रहे हैं। कांग्रेस की सरकारों में एससी-एसटी समुदाय के आर्थिक विकास के लिए कई कदम उठाए गए।

राज्यसभा के नेता केंद्रीय मंत्री नड्डा बोले

## भारतीय आर्थिक जगत में लगातार क्रांति हो रही

राज्यसभा में नेता सदन जेपी नड्डा ने कहा कि विकसित भारत 2047 तक पहुंचने के लिए 2026 में क्या करना है और अगले पांच सालों में क्या कार्रवाई की जाएगी। इसके रोड मैप को राष्ट्रपति के अभिभाषण में इंगित किया गया है। वे बुधवार को अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि एक तरीके से आर्थिक जगत में क्रांति पर क्रांति आती चली गई है। पहले यूरोपीय यूनियन के साथ हमारा समझौता, फिर आर्थिक सर्वे, उसके बाद क्रांतिकारी बजट और फिर इंडो-यूएस डील। एक के बाद एक श्रृंखला में हमको ऐसा देखने को मिला है। आर्थिक सर्वे की बात करूं तो इसमें बड़े स्पष्ट शब्दों में कहा गया है कि यह सबसे तेजी से आगे बढ़ती हुई प्रमुख अर्थव्यवस्था बनी है। वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के चीफ ने कहा है कि भारत ग्लोबल ग्रोथ में 20 प्रतिशत का योगदान देगा। उन्होंने कहा कि यह हम नहीं कह रहे हैं बल्कि वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के चीफ ने कहा है।



### यूरोपीय यूनियन के साथ ट्रेड एग्रीमेंट किया

नड्डा ने कहा कि हमारा यूरोपीय यूनियन के साथ ट्रेड एग्रीमेंट हुआ है। यह एग्रीमेंट भारतीय व्यवसायियों, कारीगरों, उद्यमियों और आईटी सेक्टर से जुड़े लोगों के लिए नए दरवाजे खोलने वाला है। यह एग्रीमेंट भारतीय लोगों के लिए 27 देशों का दरवाजा खोलने वाला है। इस समझौते को 'मदर ऑफ ऑल डील' कहा गया है।

### इंडिया और ओमान और न्यूजीलैंड के बीच हुए समझौते का भी जिक्र किया

मंत्री नड्डा ने सदन में इंडिया और ओमान के बीच हुए समझौते का भी जिक्र किया। उन्होंने बताया कि यह समझौता मध्यपूर्व रणनीतिक ऊर्जा और व्यापार के एक कॉरिडोर के रूप में हासिल किया गया है। हमने लिंक वेस्ट नीति को और मजबूत किया है। यहां उन्होंने इंडिया-न्यूजीलैंड फ्री ट्रेड एग्रीमेंट का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि यह हमारे किसानों के लिए लाभकारी है। यह हमारे उद्यमियों को नई दिशा देगा। छात्रों के लिए नए गंतव्य खोलेगा।

## खबर संक्षेप

### राजपाल को तिहाड़ में सरेंडर करने के आदेश

**नई दिल्ली।** राजपाल यादव की कानूनी मुश्किलें और भी बढ़ गई हैं। दिल्ली हाईकोर्ट ने 4 फरवरी को शाम 4 बजे तक सरेंडर करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने फैसले में कहा कि आपने कहा था कि आप बॉम्बे में हैं, इसलिए आपको सरेंडर के लिए 2 दिन का समय दिया गया था। मुझे नहीं लगता कि अब कोई आधार बचा है।



### एक्सप्रेसवे पर पलटा टैंकर 12 किमी लंबा जाम लगा

**नई दिल्ली।** मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर गैस टैंकर के पलटने के 18 घंटे बाद भी सड़क ठप पड़ी है। एक्सप्रेसवे पर हजारों गाड़ियां फंस गई है और दोनों ओर से सड़क पर भयंकर जाम लगा हुआ है। इससे महिलाओं और बच्चों समेत यात्रियों को बिना खाने, पानी या टॉयलेट की सुविधा के रहना पड़ा। यह जाम 12 किमी से लंबा था।



### कालसी दुर्घटना में घायलों को देखने पहुंचे धामी

**दून।** सीएम पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून के दून अस्पताल में कालसी में हुए हिमाचल रोडवेज बस हादसे में घायल हुए लोगों से मुलाकात की और उनका हालचाल पूछा। मुख्यमंत्री ने डॉक्टरों को बस हादसे में घायल सभी लोगों का ठीक से इलाज सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया। बस में 36 लोग सवार थे। 33 लोग घायल हुए थे।



### अगले साल दो चरणों में होगी जनगणना

**नई दिल्ली।** केंद्र ने जनगणना 2027 के तहत जाति गणना पर गतिरोध को दूर करते हुए स्पष्ट किया है कि जनगणना के दूसरे चरण में जाति से जुड़ी जानकारी जुटाई जाएगी। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने बताया कि प्रक्रिया परंपरागत रूप से दो चरणों में पूरी होगी। जनगणना के पहले चरण में हाउस लिस्टिंग ऑपरेशन होगा।



बंगाल में एसआईआर प्रक्रिया पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई, बोलीं ममता

# चुनाव आयोग को बताया वॉट्सएप आयोग नाम काटने के लिए की जा रही कार्रवाई

## ममता के वकील ने कहा- दिया था तार्किक विसंगतियों की सूची प्रदर्शित करने का निर्देश

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

**सीजेआई की पीठ ने की सुनवाई**



खुद वकीलों के बीच मौजूद रहीं सीएम ममता

सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण( एसाईआर) को लेकर सुनवाई हुई। इस दौरान पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी खुद वकीलों के बीच मौजूद थीं। सुनवाई मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और विपुल एम. पंचोली की पीठ ने की। सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि उन्हें बंगाल के अपने दो साथी न्यायाधीशों से जानकारी मिली, जिन्होंने पास प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया समझाई और इसी समझ के आधार पर इस मुद्दे को शामिल किया गया।

मामले में सीएम ममता का पक्ष रखने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम दीवान ने बताया कि न्यायालय ने पहले तार्किक विसंगतियों की सूची प्रदर्शित करने का निर्देश दिया था। सीजेआई ने कहा कि न्यायालय को सूचित किया गया था कि सूची संचार का एकमात्र माध्यम नहीं है और संबंधित व्यक्तियों को व्यक्तिगत नोटिस भी जारी किए जा रहे हैं। इस दौरान ममता ने चुनाव आयोग को 'वॉट्सएप आयोग' कहा।

### 32 लाख मतदाता सूचीबद्ध नहीं: बंगाल सरकार

अधिवक्ता श्याम दीवान ने याचिकाकर्ता के संक्षिप्त नोट पर विचार करने का आग्रह किया और बताया कि इस प्रक्रिया को पूरा करने के लिए 4 दिन शेष हैं। उन्होंने कहा कि 32 लाख मतदाता सूचीबद्ध नहीं हैं, 1.36 करोड़ नाम तार्किक विसंगति सूची में हैं, और 63 लाख मामलों की सुनवाई अभी लंबित है। उन्होंने यह भी बताया कि 8,300 सूक्ष्म पर्यवेक्षकों को नियुक्त किया गया है।

### नाम के उच्चारण पर हो रही असुविधा

न्यायमूर्ति बागची ने टिप्पणी की कि बंगाल में श्री द्विवेदी का उच्चारण 'दिबेदी' होगा, और बताया कि बंगाली भाषा में 'वा' की ध्वनि नहीं है। मुख्य न्यायाधीश ने जवाब दिया कि कम से कम उनके नाम का उच्चारण तो सही होगा, जिस पर ममता ने बीच में ही टोकते हुए कहा कि ऐसा नहीं होगा। वरिष्ठ अधिवक्ता दीवान ने बताया कि नाम संबंधी विसंगतियों के कारण सीमित समय का एक बड़ा हिस्सा बर्बाद हो रहा है और मतदाताओं को गंभीर असुविधा हो रही है। सीजेआई ने र्विाचन आयोग के वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश द्विवेदी से पूछा कि कुछ विसंगतियां स्थानीय बोलियों और उच्चारण में भिन्नता के कारण उत्पन्न होती हैं और इस तरह की समस्याएं पूरे देश में होती हैं।

### जबरन नाम हटाए जा रहे

बेनर्जी ने कहा कि वे ठोस उदाहरण दे रही हैं और प्रमुख समाचार पत्रों में प्रकाशित तस्वीरें भी दिखा सकती हैं। एसआईआर का उपयोग केवल नाम हटाने के लिए किया जा रहा है। ममता ने कहा कि जब कोई बेटी शादी के बाद अपने ससुराल जाती है, तो सवाल उठते हैं कि वह अपने पति का उपनाम क्यों इस्तेमाल कर रही है। ऐसी कई महिलाओं के नाम एकतरफा तरीके से मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि फ्लैट खरीदने या निवास स्थान बदलने वाले गरीब लोगों के नाम भी हटाए जा रहे हैं।

### आयोग ने किसी पत्र का जवाब नहीं दिया

सीएम ममता ने बताया कि आधार कार्ड को मान्यता देने के निर्देश के बाद बंगाल के लोगों को राहत मिली है। अन्य राज्यों में निवास प्रमाण पत्र और जाति प्रमाण पत्र जैसे दस्तावेज स्वीकार किए जाते हैं। केवल बंगाल को ही निशाना बनाया जा रहा है। ममता ने कहा कि चुनाव आयोग को छह पत्र लिखे जा चुके हैं। इस दौरान आयोग द्वारा एक भी पत्र का जवाब नहीं आया है। स्वयं को बंधुआ मजदूर बताते हुए उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि वह किसी राजनीतिक दल के लिए नहीं, बल्कि एक व्यापक उद्देश्य के लिए लड़ रही हैं।

### यहां भाजपा शासित राज्यों से सूक्ष्म पर्यवेक्षकों की हुई नियुक्ति

सीएम ममता ने आरोप लगाया कि मतदाता पंजीकरण अधिकारियों को प्रभावी रूप से उनके अधिकार छीन लिए गए हैं। भाजपा शासित राज्यों से सूक्ष्म पर्यवेक्षकों को नामों को हटाने के लिए नियुक्त किया गया है। ये बिना उचित सत्यापन के कार्यालयों में बैठे-बैठे ही नाम हटा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि फॉर्म 6 भरने की अनुमति नहीं दी गई है, जिसके परिणामस्वरूप लाखों नाम हटा दिए गए हैं। कई जीवित व्यक्तियों को गलत तरीके से मृत घोषित कर दिया गया है। 58 लाख नाम काट दिए गए, उनके पास अपील करने का विकल्प नहीं था।

### ममता ने आयोग को कठघरे में खड़ा किया

ममता ने चुनाव आयोग को 'वॉट्सएप आयोग' कहा और कहा कि आयोग वॉट्सएप से अनौपचारिक आदेश जारी कर रहा था। 4 राज्यों में चुनाव हो रहे हैं, 24 साल बाद, तीन महीने में यह सब करने की क्या जल्दी थी? जब फसल कटाई का मौसम चल रहा है।

शहजाद की मां का एक्सीडेंट, बोले

## घृणित इंसान ने जान-बूझकर चढ़ाई कार, आरोपी हुआ फरार



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला की मां का एक्सीडेंट हो गया है। उन्होंने एक्स पर खुद इस घटना की जानकारी दी। एक्स पर एक पोस्ट में उन्होंने घटना की जानकारी देते हुए कहा कि उनकी मां की सर्जरी करानी पड़ेगी। कृपया उनके लिए प्रार्थना करें। वहीं पूनावाला के भाई तहसीन पूनावाला ने इस घटना का वीडियो भी एक्स पर शेयर किया है। इसमें देखा जा सकता है कि एक कार पीछे की तरफ आती है और वहां खड़ी शहजाद की मां को टक्कर मार देती है। शहजाद ने पुलिस ने कार्रवाई की मांग की है। शहजाद ने घटना के बारे में एक्स पर एक पोस्ट करते हुए जानकारी दी। उन्होंने पोस्ट में लिखा, कुछ घंटे पहले एक बेहद घृणित इंसान ने जान-बूझकर मेरी मां पर अपनी कार चलाई जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं और फिर वह भाग गया।

### सर्जरी करवानी पड़ेगी

माताजी की बहुत जल्द एक सर्जरी करानी पड़ेगी। कृपया उनके लिए प्रार्थना करें। मेरी मां सबसे दयालु और सबसे अच्छे इंसानों में से एक हैं और इस उम्र में उनके साथ यह होना मुझे अंदर तक कचोट रहा है। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए पुणे पुलिस और सीएम देवेंद्र फडणवीस को एक्स पर टैग भी किया है। उन्होंने कहा है कि पुलिस आरोपी को गिरफ्तार कर उसे उचित सजा दिलाए।

### भाई ने शेयर किया एक्सीडेंट का वीडियो

शहजाद के भाई तहसीन ने एक्स पर एक पोस्ट में दी है। उन्होंने अपनी मां के साथ हुए हादसे का वीडियो भी एक्स पर शेयर किया है। तहसीन ने एक्स पर लिखा, मेरी मां, जो एक सीनियर सिटिजन हैं, मेरे ड्राइवर और एग्जीक्यूटिव असिस्टेंट के साथ ड्राइव पर गई थीं और जब वे हमारी कार में गैस भरवा रहे थे, तो वे साइड में इंतजार कर रही थीं, तभी किसी ने उन्हें टक्कर मार दी (लगता है जान-बूझकर) और भाग गया! वीडियो में देखा जा सकता है कि एक कार पीछे की तरफ आती है और उनकी मां को टक्कर मार देती है।

### सीएम फडणवीस ने ली जानकारी, भरोसा दिया


पूनावाला ने कहा कि यह और भी परेशान करने वाली बात थी कि जिस व्यक्ति ने उन्हें कार से टक्कर मारी, वह मौके से भाग गया। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री ने मुझसे संपर्क किया और मेरी मां की तबीयत के बारे में जानकारी ली। इसके साथ ही, यह सुनिश्चित किया कि आरोपी को जल्द से जल्द पकड़ा जाएगा।

बीकानेर में खेजड़ी बचाओ आंदोलन

## पर्यावरणप्रेमियों का विरोध, हाथ बांध सकते हैं हमारे जज्बे नहीं

एजेंसी ⏭ बीकानेर

बीकानेर में खेजड़ी बचाओ आंदोलन तीसरे दिन बुधवार को और अधिक तीव्र होता नजर आया। आंदोलन के तहत 363 से अधिक साधु-संत और पर्यावरणप्रेमी लगातार आमरण अनशन पर डटे हैं। देशभर से आए पर्यावरण कार्यकर्ताओं ने बुधवार को एक अनोखा और भावनात्मक प्रदर्शन करते हुए आपस में हाथ बांधकर सांकेतिक विरोध दर्ज कराया।



### खेजड़ी संरक्षण का संदेश दिया

धरनास्थल पर बड़ी संख्या में माताएं और बहनें भी मौजूद रहीं। कई लोग हाथों में तख्तियां लेकर खेजड़ी संरक्षण का संदेश देते नजर आए, वहीं एक पर्यावरणप्रेमी आंखों पर पट्टी बांधकर मौन विरोध किए। कलेक्ट्रेट के सामने खेजड़ी की पूजा की गई और मौन जुलूस निकालकर विरोध जताया गया। संत स्वामी सच्चिदानंद महाराज ने आह्वान किया कि वे एक दिन का उपवास रखें।

छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित क्षेत्र में की गई थी रेमो की पहली तैनाती

## खेल-खेल में बारूद की पहचान करना सीख रहे आईटीबीपी के डॉग्स

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

वह सिर्फ तीन महीने का था जब उसे पहली बार 'वर्दी' वाले इंसानों के बीच लाया गया। न उसे सरहदों का पता था, न बारूद की गंध का, लेकिन आज वही 'रेमो' (कुत्ते का परिवर्तित नाम) भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) का वह जांबाज योद्धा है, जिसके लिए बारूद का पता लगा लेना महज एक खेल है। रेमो की कहानी सेना के उन सैकड़ों 'कॉम्बैट डॉग्स' की एक झलक है, जिन्हें खेल-खेल में मौत को मात देने का हुनर सिखाया जाता है। रेमो के हैंडलर ने बताया कि रेमो की पहली तैनाती छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित क्षेत्र में की गई थी।

### संवेदनशील बम मिलने पर बैठ जाते हैं डॉग्स

अगर कुत्ता विस्फोटक देखकर भौंकने लगे, तो आवाज की तरंगों से कुछ संवेदनशील बम फट सकते हैं। इसलिए कुत्तों को सिखाया जाता है कि गंध मिलते ही वह चुपचाप वहां बैठ जाएं। उन्हें यह सिखाया जाता है कि वे बम से निर्धारित दूरी पर बैठें। उनके बैठने से हैंडलर को संकेत मिल जाता है कि वहां बम हो सकता है। जवान ने कहा कि कुत्ता इस दुनिया का सबसे वफादार प्राणी है।



### कुत्ते का 'बिहेवियर टेस्ट'

बेसिक ट्रेनिंग के बाद कुत्ते का 'बिहेवियर टेस्ट' और क्षमता परीक्षण किया जाता है। इसी के आधार पर तय किया जाता है कि किस कुत्ते को विस्फोटक की पहचान, नशीले पदार्थों की पहचान, ट्रैकिंग (अपराधियों का पता लगाना) या गार्ड ड्यूटी के लिए तैयार किया जाएगा। एक कुत्ते को केवल एक ही तरह का विशेष प्रशिक्षण दिया जाता है।

### बेल्जियम मेलिनोइस नस्ल

आईटीबीपी में विस्फोटक की पहचान के लिए बेल्जियम मेलिनोइस नस्ल के कुत्तों को प्राथमिकता दी जाती है। जवान ने बताया, यह नस्ल बेहद फुर्तीली होती है और जल्दी थकती नहीं है, इसलिए कठिन परिस्थितियों और लंबे ऑपरेशन के लिए इन्हें उपयुक्त माना जाता है। पहले लैब्राडोर नस्ल के कुत्तों का भी इस्तेमाल किया जाता था, लेकिन फील्ड ड्यूटी में बेल्जियम मेलिनोइस ज्यादा प्रभावी साबित हुए हैं। हालांकि, अब देशी नस्ल के कुत्तों को भी सेना में शामिल किया जा रहा है। जवान ने यह भी बताया कि अगर कोई कुत्ता उम्र या स्वास्थ्य संबंधी कारणों से ड्यूटी करने में असमर्थ नजर आता है तो चिकित्सीय परीक्षण के बाद उसे सेवानिवृत्त कर, कुत्तों के लिए समर्पित स्थान पर रखा जाता है जहां आईटीबीपी द्वारा इनकी देखभाल की जाती है।

## 14 फरवरी तक पूरा करना पड़ेगा एसआईआर का काम, अस्सी फीसद काम हुआ पूरा

# एसआईआर का काम निपटाने मतदाताओं की सुनवाई री-शेड्यूल, वार्ड दफ्तरों में लगी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जिले की बैरसिया, उत्तर, नरेला, दक्षिण पश्चिम, मध्य, गोविंदपुरा और हुजूर विधानसभा में नो मैपिंग वाले एक लाख 16 हजार 925 मतदाताओं के लिए हिसाब से शेड्यूल बनाया गया था, लेकिन अचानक से लॉजिकल डिस्पेंसी वाले मतदाताओं की वजह से शेड्यूल गड़बड़ा गया है। जिसको लेकर नाम, उम्र, पति और पिता के नाम में गड़बड़ी वाले 2 लाख 27 हजार 129 वोटर्स को नोटिस जारी करना पड़े। अब इन मतदाताओं की भी वार्ड दफ्तरों में अलग से एईआरओ सुनवाई कर रहे हैं। इधर जिला निर्वाचन कार्यालय ने 14 फरवरी तक होने वाली सुनवाई को री-शेड्यूल कर दिया है। जिसकी वजह से वार्ड दफ्तरों में मतदाताओं की भीड़ बढ़ गई है। जिले में एसआईआर का काम जारी है। दूसरे चरण में नए फार्म, दावे-आपत्तियां और पता संशोधन कराने के फार्म भी लिए गए हैं, जबकि नो मैपिंग वाले मतदाताओं की सुनवाई भी चल रही है। इधर तार्किक विसंगति वाले मतदाताओं को भी नोटिस भेजकर उनसे दस्तावेज मांगे जा रहे हैं। जिसको देखते हुए वार्ड दफ्तर में रोजाना ढाइ़र सौ से तीन सौ मतदाताओं की सुनवाई की जा रही है। जिससे काम को समय पर निपटाया जा सके।



**लॉजिकल डिस्पेंसी वाले 2 लाख 27 हजार 129 वोटर्स को नोटिस**

### अस्सी फीसद काम हुआ पूरा

*जिले में नए फार्म, आपत्तियां, संशोधन, नो मैपिंग और लॉजिकल डिस्पेंसी वाले मतदाताओं से जुड़ा 80.99 फीसद काम पूरा कर लिया गया है। जबकि 3 लाख 20 हजार 367 मतदाताओं के वेरिफिकेशन का अब तक शेष है। ऐसे में 13 लाख 66 हजार 266 मतदाताओं का डेटा पब्लिकेशन के लिए तैयार है।*

### बीएलओ घर पर ही कर सकेंगे वेरिफिकेशन

*कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि नए निर्देशों के तहत जिन लोगों को नोटिस जारी किए गए हैं। उनके दस्तावेजों का वेरिफिकेशन बीएलओ घर-घर जाकर भी कर सकेंगे। इसके लिए मतदाताओं को सुनवाई के लिए एईआरओ के यहां आने की जरूरत नहीं रहेगी।*

## 500 करोड से ज्यादा के प्रोजेक्ट नहीं, भोपाल नगर निगम भी पीछे

# मप्र के नगर निगमों को नहीं मिलेगा एकल म्युनिसिपल बांड के लिए 100 करोड़ का इंसेंटिव

**बजट में 1000 करोड़ रुपए से अधिक के एकल बॉन्ड पर 100 करोड़ रुपए के इंसेंटिव का रखा है प्रस्ताव**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केंद्रीय वित्त मंत्री ने एक फरवरी को देश के बड़े शहरों द्वारा उच्च मूल्य के म्युनिसिपल बॉन्ड जारी करने को प्रोत्साहित करने के लिए 1000 करोड़ रुपए से अधिक के एकल बॉन्ड निर्गम पर 100 करोड़ रुपए के इंसेंटिव का प्रस्ताव रखा है, लेकिन मप्र के एक भी नगर निगम या नगर पालिका को इसका लाभ नहीं मिल सकेगा। कारण नगर निगमों के पास 1000 करोड रुपए से अधिक के प्रोजेक्ट नहीं हैं।

नगर निगम बांड शहरी स्थानीय निकायों द्वारा अधोसंरचना संबंधी खर्चों के लिए धन जुटाने के लिए जारी किए जाते हैं। इसका उपयोग आमतौर पर सड़कों, जल आपूर्ति, सीवेज व्यवस्था, स्वच्छता सुविधाओं, अस्पतालों, स्कूलों और अन्य नागरिक सेवाओं जैसी परियोजनाओं के लिए किया जाता है। यह बांड नगर निगम निकायों द्वारा समर्थित होते हैं और विशिष्ट पूंजीगत व्यय से जुड़े होते हैं। केंद्रीय बजट में सिंगल बॉन्ड जारी करने वाले नगर निगमों के लिए 100 करोड़ रुपये के इंसेंटिव का प्रस्ताव का उददृदेश्य बांड मार्केट के द्वारा शहरी इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंसिंग को बढ़ावा देना है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह योजना मुंबई, बेंगलुरु और दिल्ली जैसे मज़बूत वित्तीय क्षमता वाले बड़े शहरों के लिए डिज़ाइन की गई है।

### 1000 करोड जुटाने से पडेगा भारी वित्तीय भार

*इंदौर नगर निगम का सालाना बजट 8,000 करोड़ रुपए से ज्यादा है। भोपाल नगर निगम का बजट 3,600 करोड़ रुपए के आसपास है जबकि ग्वालियर और जबलपुर नगर निगमों का बजट 2,500 करोड़ और 1,800 करोड़ रुपए है। इन आंकड़ों के बावजूद एक बॉन्ड में 1,000 करोड़ रुपए जुटाने से इन संस्थाओं पर भारी वित्तीय दबाव बढ जाएगा।*

### स्थित राजस्व का स्त्रोत नहीं, स्थानीय निकायों को इसलिए मुश्किल

अगर कोई नगर निगम बॉन्ड के जरिए 1,000 करोड़ रुपए उधार लेता है, तो उसे 20 साल की अवधि में लगभग 6 फीसदी महंगाई दर के हिसाब से सालाना लगभग 80 करोड़ रुपए ब्याज के तौर पर देने होंगे। ऐसा उधार लेना केवल उन्हीं शहरी स्थानीय निकायों के लिए संभव है जिनके पास स्थिर राजस्व स्रोत हों। ऐसा करने से संस्थाओं पर वित्तीय दबाव बढ जाएगा।

महिपाल सिंह यादव, अर्थशास्त्री

## आबकारी विभाग ने सोम ग्रुप का लाइसेंस निलंबित कर दिया

# फर्जी परमिट से शराब ढोता रहा सोम ग्रुप कोर्ट की फटकार के बाद लाइसेंस सस्पेंड

**आबकारी विभाग ने दिखाई सख्ती, लिया कठोर निर्णय**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

फर्जी शराब परमिट और सरकार को रॉयल्टी दिए बिना अवैध परिवहन के सनसनीखेज मामले में आखिरकार दो साल बाद सोम ग्रुप पर कार्रवाई हुई है। कोर्ट की सख्त टिप्पणी और सवालों के बाद आबकारी विभाग ने सोम ग्रुप का लाइसेंस निलंबित कर दिया। यह आदेश आबकारी आयुक्त ने न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन में जारी किया है। मामला साल 2023-24 का है, जब उड़नदस्ते ने फर्जी दस्तावेजों के सहारे शराब का परिवहन करते हुए 5 से 6 आरोपियों को रंगे हाथों पकड़ा था।

जांच में सामने आया था कि शराब की खेप बिना रॉयल्टी भुगतान के एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचाई जा रही थी, जिससे शासन को भारी राजस्व नुकसान हुआ। चौंकाने वाली बात यह रही कि मामले में नोटिस जारी होने के बावजूद लंबे समय तक सोम ग्रुप का लाइसेंस निलंबित नहीं किया गया। इसी देरी पर न्यायालय ने आबकारी विभाग को कटघरे में खड़ा करते हुए पूछा था "नोटिस के बाद भी लाइसेंस क्यों नहीं किया गया सस्पेंड?" कोर्ट की इस फटकार के बाद विभाग हरकत में आया और अब जाकर लाइसेंस पर कार्रवाई की गई।

### कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद हुई समूह पर कार्रवाई

आबकारी विभाग के अधिकारियों का कहना है कि शराब कारोबार में नियमों से खिलवाड़ और राजस्व चोरी को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मामले की आगे भी गहन जांच की जा रही है और दोषियों पर अतिरिक्त दंडात्मक कार्रवाई के संकेत दिए गए हैं। प्रशासनिक हलकों में यह कार्रवाई इसलिए भी अहम मानी जा रही है, क्योंकि यह मामला लंबे समय से दबा हुआ था और अब कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद ही उस पर निर्णायक प्रहार हुआ है। इस कार्रवाई को प्रदेश में अवैध शराब कारोबार के खिलाफ कड़ा संदेश माना जा रहा है।

### कैबिनेट में मुद्दा उठा था

मंत्रालय सूत्रों का कहना है कि कुछ दिनों कैबिनेट में मुद्दा उठा था। मुख्य सचिव ने बाकायदा इस मामले में हस्तक्षेप किया। क्योंकि कोर्ट ने तत्काल लगाते हुए कार्रवाई करने के लिए निर्देश दिए थे लेकिन फिर भी आबकारी का भी विभाग में कार्रवाई नहीं की थी। उसके बाद आबकारी विभाग आदेश जारी कर दिया है और लाइसेंस सस्पेंड करने के आदेश किए हैं।

## पोस्ट ऑफिस घोटालाः ईडी ने अशोक कुमार सोनी के खिलाफ दायर की अभियोजन शिकायत, पीएमएलए कोर्ट ने जारी किया नोटिस

**भोपाल।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), भोपाल क्षेत्रीय कार्यालय ने 4 फरवरी 2026 को जीरापुर पोस्ट ऑफिस घोटाले से जुड़े मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए अशोक कुमार सोनी के खिलाफ धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के तहत अभियोजन शिकायत (प्रॉसिक्यूशन कंप्लेंट) दायर की है। यह शिकायत माननीय विशेष न्यायालय (पीएमएलए), भोपाल के समक्ष प्रस्तुत की गई, जिस पर अदालत ने आरोपी के विरुद्ध पूर्व-संज्ञान सुनवाई के लिए नोटिस जारी कर दिया है। ईडी ने यह जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई), एंटी करप्शन ब्रांच, भोपाल द्वारा दर्ज आपराधिक प्रकरणों के आधार पर शुरू की थी। सीबीआई ने अशोक कुमार सोनी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता, 1860 एवं भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया था। इस मामले में सीबीआई द्वारा आरोप पत्र संख्या 16/2020 दिनांक 15 दिसंबर 2020 को विशेष न्यायाधीश, सीबीआई प्रकरण, भोपाल की अदालत में पहले ही दाखिल किया जा चुका है। ईडी की जांच में सामने आया कि अशोक कुमार सोनी, जिला राजगढ़ के जीरापुर सब पोस्ट ऑफिस में सब पोस्ट मास्टर के पद पर पदस्थ था। उसने अपने सरकारी पद का दुरुपयोग करते हुए दिसंबर 2016 से मई 2017 के बीच संचय पोस्ट सॉफ्टवेयर में गंभीर अनियमितताएं कीं। जांच के अनुसार, आरोपी ने 138 पोस्टल सेविंग्स बैंक खातों में बैकडेटेड एवं फर्जी जमा प्रविष्टियां दर्ज कीं, जिससे बिना किसी वास्तविक नकद जमा के खातों की शेष राशि कृत्रिम रूप से बढ़ा दी गई।






### संचय पोस्ट से फिनैकल सिस्टम में स्थानांतरित

ईडी के मुताबिक, फर्जी शेष राशि तैयार करने के बाद इन खातों को संचय पोस्ट से फिनैकल सिस्टम में स्थानांतरित किया गया और फिर उन्हीं खातों से धोखाधड़ीपूर्वक कुल 1 करोड़ 23 लाख 31 हजार 180 रुपये की राशि निकाल ली गई। इस प्रकार आरोपी द्वारा उक्त राशि को अपराध की आय (प्रोसीड्स ऑफ क्राइम) के रूप में उत्पन्न और प्राप्त किया गया।

### 800 रुपये नकद विभाग को वापस जमा कराए

हालांकि, जांच में यह भी सामने आया है कि बाद में अशोक कुमार सोनी ने नवंबर और दिसंबर 2017 के दौरान लगभग 1 करोड़ 24 लाख 44 हजार 800 रुपये नकद विभाग को वापस जमा कराए।

## उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान और ठेंगड़ी शोध संस्थान मिलकर करेंगे शोध



**भोपाल।** बुधवार को भारतीय ज्ञान परंपरा के संरक्षण, संवर्धन एवं शैक्षणिक अनुसंधान को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से राजधानी स्थित उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान तथा दत्तोपंत ठेंगड़ी शोध संस्थान भोपाल के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) किया गया है। यह समझौता ज्ञापन पर दत्तोपंत ठेंगड़ी शोध संस्थान के निदेशक मुकेश कुमार मिश्रा तथा उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान, भोपाल के संचालक डॉ. प्रज्ञेश कुमार अग्रवाल द्वारा विधिवत हस्ताक्षर किए गए। इस एमओयू के माध्यम से दोनों संस्थानों के मध्य भारतीय ज्ञान परंपरा से संबंधित अनुसंधान, अकादमिक गतिविधियों, संगोष्ठियों, कार्यशालाओं, व्याख्यानों एवं अन्य शैक्षणिक कार्यक्रमों के संचालन के लिए परस्पर सहयोग किया जाएगा।

समझौता ज्ञापन के तहत भारतीय दर्शन, संस्कृति, साहित्य, परंपरागत विज्ञान एवं ज्ञान-विरासत से जुड़े विषयों पर अनुसंधान को प्रोत्साहित किया जाएगा तथा विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं शिक्षकों को भारतीय ज्ञान प्रणाली के विविध आयामों से परिचित कराने के लिए संयुक्त प्रयास किए जाएंगे। यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप भारतीय ज्ञान परंपरा को उच्च शिक्षा में समाहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## 57 हजार मजदूरों की मौतों पर बढ़ी विभाग की चिंता -सुरक्षा व स्वास्थ्य जागरूकता के लिए जिलों में लगेंगे शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री जन कल्याण संबल योजना में पंजीकृत असंगठित श्रमिकों की सामान्य और दुर्घटनाजनित मौतों की बढ़ती संख्या ने श्रम विभाग की चिंता बढ़ा दी है। इन मौतों पर हो रहे भारी खर्च को देखते हुए अब सरकार ने रोकथाम पर जोर देने का फैसला किया है। इसके तहत सभी जिलों में श्रमिकों को स्वास्थ्य और सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे, जिनकी निगरानी कलेक्टर करेंगे।

प्रदेश में 18 से 60 वर्ष आयु वर्ग के असंगठित श्रमिक मुख्यमंत्री जन कल्याण संबल योजना में पंजीकृत हैं। पिछले वर्ष प्रदेश में पंजीकृत श्रमिकों के बीच 57 हजार सामान्य मौतें और करीब 5,800 दुर्घटनाजनित मौतें दर्ज हुईं, जिनमें संबल योजना के तहत हितलाभ वितरित किए गए. प्रदेश की औसत आयु 67 वर्ष है, लेकिन 60 वर्ष से पहले होने वाली मौतों पर योजना के तहत सामान्य मृत्यु पर दो लाख और दुर्घटना मृत्यु पर चार लाख रुपये की सहायता दी जाती है। हर साल 60 हजार से अधिक मामलों में हितलाभ दिए जाने से योजना पर खर्च लगातार बढ़ रहा है। इसी को देखते हुए श्रम विभाग ने सभी कलेक्टरों को निर्देश जारी किए हैं।

## आईएसबीटी परिसर में की थी वारदात

# भोपाल विकास प्राधिकरण के नाम पर धोखाधड़ी कर प्लाट बेचने वाले आरोपियों को 7 वर्ष का कारावास

**ठगों ने महिला से 22 हजार ऑनलाइन ट्रांसफर करवा लिए थे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आईएसबीटी में धोखाधड़ी कर बीडईए के अधिकारियों के फर्जी हस्ताक्षर कर फर्जी सील लगाकर फरियादी जगदीश सिंह से 20,51000 रूपए की ठगी कर जाली आवंटन पत्र और जाली रसीदें थमाने वाले आरोपीगण रूपेश शिरोडे, मधुकर शिरोडे, लक्ष्मीचंद्र कुंभकार उर्फ लखन, रवि कुमार माहेश्वरी और कमर खान को अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सुरेखा मिश्रा ने दोषी ठहराते हुए ७-७ वर्ष के सश्रम कारावास एवं 5-5 हजार रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश ने आरोपीगण अतुल श्रीवास्तव तथा गया प्रसाद पाल को दोषमुक्त कर दिया। अभियोजन की ओर से प्रकरण में अतिरिक्त जिला लोक अभियोजक संतोष शर्मा द्वारा पैरवी की गई थी। अभियोजन के अनुसार आरोपीगण ने २४ जनवरी २०१७ से लेकर १७ जनवरी २०१८ के मध्य भोपाल विकास प्राधिकरण की परियोजना कुशाभाऊ ठाकरे परिसर आईएसबीटी में व्यावसायिक प्लाट उपलब्ध कराए जाने के नाम पर फरियादी दीपक वर्मा से ४* लाख एवं जगदीश सिंह से २०,५१००० रूपए की ठगी कर उन्हें भोपाल विकास प्राधिकरण के अधिकारियों के फर्जी हस्ताक्षर कर फर्जी सील लगाकर जाली आवंटन पत्र और जाली रसीदें थमा दी थीं। जब फरियादीगण को प्लाट नहीं मिले तो उन्होंने क्राइम ब्रांच में आरोपियों के विरूद्व शिकायत की थीं। क्राइम ब्रांच थाना ने फरियादीगण की शिकायत पर १८ जनवरी २०१८ को भादंसं की धारा-१२० बी ,४२०,४६७, ४६८ एवं ४७१ के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया । संपूर्ण विवेचना के उपरांत विवेचना अधिकारी के द्वारा प्रकरण न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया था।

## 3 महीने पहले बेटी ने किया था प्रेम विवाह

# माताजी की तेरहवीं करने के बाद फांसी लगाकर की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बिलखिरिया इलाके में रहने वाले एक व्यक्ति ने माताजी की तेरहवीं के बाद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पूछताछ में पता चला कि तीन महीने पहले उनकी बेटी ने प्रेम विवाह कर लिया था, जिसके बाद से वह काफी डिप्रेशन में चल रहे थे। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी उमेश सिंह चौहान ने बताया कि इलाके में रहने वाला 55 वर्षीय एक व्यक्ति प्रायवेट ड्रायवरी करता था। पिछले दिनों उसकी माताजी का निधन हो गया था। मंगलवार को उनकी तेरहवीं थी। उसे दिन में तेरहवीं कार्यक्रम किया और ब्राह्मणों को भोज कराया। उसके बाद घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेज दिया। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि करीब तीन महीने पहले उसकी बेटी ने अपने रिश्ते के भाई से शादी कर ली थी। शादी से पहले परिजनों और नाते-रिश्तेदारों ने बेटी को काफी समझाईश दी थी, लेकिन उसने किसी बात नहीं मानी और मर्जी से शादी कर ली। उसके बाद से पिता काफी डिप्रेशन में चल रहा था। अनुमान है कि इसी तनाव के चलते उन्होंने फांसी लगाई होगी। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

## मंत्री ने विभाग को नोटशीट लिखकर एक सप्ताह में कार्यवाही के दिए निर्देश

# कृषि मंत्री से कर्मचारियों ने कहाः संविदा नीति के अनुसार वेतन समकक्षता का नहीं हुआ निर्धारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

तीन साल बाद भी कृषि विभाग के आत्मा परियोजना के संविदा कर्मचारियों का 22 जुलाई 2023 की संविदा नीति के अनुसार वेतन समकक्षता का निर्धारण नहीं होने से गुस्साए संविदा कर्मचारी बुधवार को कृषि मंत्री एदल सिंह कसाना के बंगले पर पहुंचे।

मप्र संविदा कर्मचारी अधिकारी महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष रमेश राठौर के नेतृत्व में कर्मचारियों ने मंत्री को बताया कि संविदा नीति के अनुसार उन्हें वेतन समकक्षता का लाभ नहीं दिया जा रहा है। इस पर मंत्री कसाना ने विभाग को नोटशीट लिखकर एक सप्ताह में कार्यवाही करने के निदेश दिए है। रमेश राठौर ने बताया कि कृषि विभाग अंतर्गत आत्मा योजना में कार्यरत 450 संविदा कर्मचारियों की वेतन समकक्षता का निर्धारण 22 जुलाई 2023 की संविदा नीति के अनुसार दो-दो मुख्यमंत्रियों की घोषणा के बावजूद भी अभी तक नही हुआ। राठौर ने बताया कि गत रविवार के खरगोन जिले का संविदा कर्मचारी को कार्यालय बुलाया था वो कार्यालय जा रहा था रास्ते में एक्सीडेंट हो गया और उसकी मृत्यु हो गई। संविदा नीति लागू नहीं होने से उसके परिवार के किसी सदस्य को अनुकंपा नियुक्ति का लाभ भी नही मिल पाया।




## विधानसभा का बजट सत्र 16 से, अफसर कर्मचारी न छोड़ें जिला मुख्यालय

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में विधानसभा का बजट सत्र प्रारंभ होने वाला है। विधानसभा सचिवालय द्वारा सत्र के संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है। प्रदेश विधानसभा का सत्र 16 फरवरी से प्रारंभ होगा। बजट सत्र 6 मार्च तक चलेगा. इस दौरान विधानसभा में प्रदेश का बजट प्रस्तुत किया जाएगा। इसको देखते हुए एमपी में अधिकारियों-कर्मचारियों को हर हाल में मुख्यालय पर ही रहने के लिए सरकार सख्ती दिखा रही है। बिना मंजूरी के मुख्यालय छोड़ने पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश हैं। प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र को देखते हुए इस संबंध में एक और आदेश जारी किया गया है। इसमें खासतौर पर अधिकारियों के किसी भी हाल में मुख्यालय छोड़ने पर कड़ी पाबंदी लगाई गई है। प्रदेश भर के कलेक्टर ने अपने जिलों में इस संबंध में सख्त निर्देश जारी किए हैं।

## बीसीसीआई के नवनियुक्त अध्यक्ष सहित टीम ने की भाजपा नेताओं से भेंट

**आगामी गतिविधियों पर की चर्चा**

# व्यापारियों के हित के लिए हमेशा चेंबर की पूरी टीम का सहयोग करेंगेः मंत्री सारंग



वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के चुनाव में विजयश्री हासिल करने के बाद अध्यक्ष गोविंद गोयल ने पूरी टीम के साथ राज नेताओं से मुलाकात करने पहुंचे।

उन्होंने खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग से सौजन्य भेंट की । चेंबर के अध्यक्ष गोविंद गोयल ने मंत्री विश्वास सारंग से चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की आगामी गतिविधियों के विषय में विस्तृत रूप से चर्चा करते हुए बताया कि हम प्रत्येक व्यापारी को साथ में लेकर और उनकी हर समस्या को सुनकर और समझकर उन समस्याओं का निवारण करने के लिए आप सभी का सहयोग चाहते हैं, जिससे कि व्यापारी अपना व्यापार चिंता मुक्त होकर कर सके। व्यापारियों के हित के प्रत्येक कार्य हम पूरी टीम के साथ मिलकर करेंगे।

चर्चा के दौरान मंत्री सारंग ने चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष गोविंद गोयल और उनकी पूरी टीम को आश्वासन दिया है कि मैं हमेशा साथ हूं और व्यापारियों की हित के लिए हमेशा से ही सोचता रहा हूं। अब आपकी इतनी अच्छी और सशक्त टीम बनी है। सभी को साथ मिलकर व्यापारियों के लिए नई-नई योजनाओं और नई एक्टिविटी पर विचार करते हुए चेंबर को एक नई दिशा प्रदान करना चाहिए। जहां जिस समय व्यापारियों को मेरी आवश्यकता लगी तो में हमेशा चेंबर की टीम के साथ मिलकर उन सभी कार्यों को भी करवाने का पूरा प्रयास करूंगा।

### कमर्शियल टैक्स खत्म करने के लिए कानूनी सलाह जरूरीः विधायक रामेश्वर शर्मा

अध्यक्ष गोविंद गोयल के नेतृत्व में पूरी टीम विधायक रामेश्वर शर्मा से मुलाकात की। इस दौरान विधायक रामेश्वर शर्मा ने सभी निर्वाचित सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए, चेंबर ऑफ कॉमर्स के कार्यों में हर संभव मदद का आश्वासन दिया। चर्चा के दौरान चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष गोविंद गोयल ने विधायक रामेश्वर शर्मा के सामने नगर निगम द्वारा प्रॉपर्टी टैक्स के साथ लगाए जा रहे ,कमर्शियल टैक्स को खत्म करवाने के लिए भी उपाय जाने और बताया कि मप्र में केवल भोपाल में ही कमर्शियल टैक्स व्यापारियों से वसूला जा रहा है , जबकि आर्थिक राजधानी इंदौर और जबलपुर में कमर्शियल टैक्स नहीं लिया जा रहा है। उनकी बातों पर विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि चेंबर को पहले इंदौर और जबलपुर जैसी जगहों पर जाकर बारीकी से अध्ययन करना चाहिए कि यहां पर जो कमर्शियल टैक्स लगाया गया था,उसे किस तरीके से वापस लिया गया है और फिर कानूनी सलाह लेकर इस विषय में भोपाल नगर निगम और सरकार से भी चर्चा कर इसमें जरूरी कदम उठाकर कमर्शियल टैक्स हटवाने की दिशा में कार्य करना चाहिए। साथ ही व्यापारियों की किसी भी प्रकार की समस्याओं के लिए हम हमेशा चैंबर की पूरी टीम का सहयोग करते रहेंगे।

# कृतज्ञता और उत्सवधर्मिता की थीम पर सजेगा भारत भवन का 44वां वर्षगांठ समारोह

## 13 से 22 फरवरी तक होंगी गायन, वादन, नृत्य, नाटक और रचना पाठ जैसी प्रमुख गतिविधियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बहुकला केंद्र भारत भवन में 44वीं वर्षगांठ के अवसर पर 13 फरवरी से कला, संगीत और संस्कृति के उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। दस दिवसीय इस उत्सव में गायन, वादन, नृत्य, नाटक, रचना पाठ, कला प्रदर्शनी और फिल्म प्रदर्शन जैसी विविध सांस्कृतिक गतिविधियां शामिल हैं। भारत भवन के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी प्रेम शंकर शुक्ल ने बताया कि समारोह की थीम 'कृतज्ञता और उत्सवधर्मिता' है जो भारतीय कला-संस्कृति के महान आयामों पर केन्द्रित है। इस वर्ष समारोह उन व्यक्तित्वों और कलाकारों के योगदान को स्मरण करने का उत्सव है जिन्होंने भारतीय संगीत, नृत्य, नाट्य और साहित्य को ऊंचाईयां दीं। समारोह में पंडित हरिप्रसाद चौरसिया की बांसुरी की झंकार, पंडित बिरजू महाराज के बेटे द्वारा कथक की पावन मुद्राएं, पंडित केलुचरण महापात्र और पंडित जसराज के शिष्य और पंडित शिवकुमार शर्मा की गुरु-शिष्य परंपरा से जुड़े कलाकारों की प्रस्तुति होंगी। इसके साथ ही भूरी बाई, सिद्धेश्वर सेन, रामसहाय पाण्डे, लीलाधर जगूड़ी जैसे लोक और आधुनिक कला क्षेत्रों के उस्तादों के शिष्यों की प्रस्तुति में उनके योगदान की छवि दिखाई देगी। समारोह में धर्मेन्द्र जैसे सांस्कृतिक आईकॉनिक और राजा भोज के रचनात्मक योगदान को भी उजागर किया गया है।


### समारोह में कब क्या होगा



**13 फरवरी**
- **शाम 6 बजे-** स्मृति श्रृंखला में पंडित रामसहाय पाण्डेय की प्रणति में संतोष कुमार पाण्डे और साथी कलाकारों द्वारा राई नृत्य की प्रस्तुति।
- **शाम 6.20 बजे-** अभया श्रृंखला में रुपंकर संग्रह से 44 महिला कलाकारों की कृतियों की प्रदर्शनी। प्रत्यय श्रृंखला के तहत रीता भूरिया और मनीषा बारिया के चित्रों की प्रदर्शनी का शुभारंभ।
- **शाम 6.45 बजे-** मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय के छात्रों द्वारा रंग संगीत की प्रस्तुति।
- शाम 7.15 बजे- हरि प्रणाम श्रृंखला के तहत पंडित हरिप्रसाद चौरसिया और उनके शिष्यों का बांसुरी वादन।

**14 फरवरी**
- **सुबह 11 बजे-** अखिल भारतीय ग्राफिक कला शिविर और सिरेमिक कला शिविर का शुभारंभ।
- **शाम 4 बजे-** राजा भोज का रचनात्मक योगदान विषय पर भगवतीलाल राजपुरोहित की अध्यक्षता में भोज विमर्श।
- **शाम 7 बजे-** विजय घाटे का तबला वादन।

**15 फरवरी**




- **दोपहर 2 बजे-** स्मरण श्रृंखला में धर्मेन्द्र की प्रणति में उनके द्वारा अभिनीत फिल्म सत्यकाम का प्रदर्शन।
- **शाम 6 बजे-** पूर्णिमा चतुर्वेदी और साथी कलाकारों द्वारा निमाड़ी ऋतुगीतों का गायन।
- **शाम 6.30 बजे-** शिव वंदना श्रृंखला के तहत रोशन और कंचन द्वारा मुसाधा का गायन।
- **शाम 7 बजे-** शिव आराधना के अंतर्गत पंडित दीपक महाराज और उनकी शिष्याओं द्वारा कथक की समूह नृत्य प्रस्तुति।



**16 फरवरी**
- **दोपहर 2 बजे** - फिल्म आंखें का प्रदर्शन।
- **शाम 7 बजे-** राजीव वर्मा के निर्देशन में नाटक कैक्टस फ्लावर का मंचन।

**17 फरवरी**
- **दोपहर 2 बजे-** फिल्म चुपके-चुपके का प्रदर्शन।
- **शाम 7 बजे-** वास्वती मिश्रा द्वारा परिकल्पित और निर्देशित बाल रामायण की प्रस्तुति।

**18 फरवरी**
- **दोपहर 2 बजे-** फिल्म अनुपमा का प्रदर्शन।
- **शाम 7 बजे-** सूर्यमोहन कुलश्रेष्ठ के निर्देशन में नाटक डैडी का मंचन।

**19 फरवरी**
- **शाम 6 बजे-** निनाद अधिकारी का संतूर वादन।
- **शाम 7 बजे-** संजय श्रीवास्तव के निर्देशन में नाटक आनंद मठ की प्रस्तुति।

**20 फरवरी**
- **शाम 6 बजे-** प्रियंका सेन और साथी कलाकारों द्वारा मालवी ऋतुगीतों का गायन।
- **शाम 6.30 बजे-** चंदन तिवारी का भोजपुरी गायन।

**शाम 7.20 बजे-** संजीव अभ्यंकर का शास्त्रीय गायन।

**21 फरवरी**
- **शाम 6 बजे-** आबिद हुसैन का सारंगी वादन
- **शाम 6.40 बजे-** लीलाधर जगूड़ी, हेमंत शेष, उर्मिला शिरीष, क्षमा कौल, मनीषा कुलश्रेष्ठ, आनंद सिंह और विशाखा राजुरकर का कविता तथा कहानी पाठ।

**22 फरवरी**
- **शाम 6 बजे-** ऋषि विश्वकर्मा और साथी कलाकारों का बुंदेली ऋतुगीतों का गायन।
- **शाम 6.30 बजे-** शीला त्रिपाठी और साथी कलाकारों द्वारा बघेली ऋतुगीतों की प्रस्तुति।
- **शाम 7 बजे-** पंडित रतिकान्त महापात्र और उनके शिष्यों द्वारा ओडिसी नृत्य की प्रस्तुति।



---

### बच्चों द्वारा उठाए खतरनाक कदमों पर मनोचिकित्सक डॉ. सत्यकांत त्रिवेदी से खास बातचीत

# वर्चुअल जीत, लेकिन असली हार: ऑनलाइन गेम के टॉस्क पूरे करने कई मासूम गंवा रहे अपनी जान...




### टास्क बेस्ड गेम्स और चैलेंज जो बन रहे मौत की वजह

- **कोरियन लव गेम-** इमोशनल डिपेंडेंसी, असली रिश्तों से दूरी।
- **ब्लू व्हेल चैलेंज-** टास्क से सेल्फ-हार्म का जोखिम ।
- **मोमो चैलेंज-** जोखिम भरे कामों के लिए उकसावा।
- **द साल्ट एंड आइज चैलेंज-** अनरियलिस्टिक टास्क से मौत का रिस्क ।
- **पबजी गेम-** हिंसा और आक्रामक व्यवहार को बढ़ावा।
- **पास आउट चैलेंज-** लंबे समय तक सांस रोकने का टास्क ।
- **चेस रश गेम-** डिपेंडेंसी, निर्णय लेने की क्षमता पर असर ।
- **सुपर मेचा चैम्पियन्स-** आक्रामक व्यवहार
- **लाइफआफ्टर-** एडिक्शन, पैसों का नुकसान
- **बैंक टैंक्स-** आक्रामक गेमिंग कंटेंट
- **लूडो वर्ल्ड-** ऑनलाइन फ्रॉड, गेम पर डिपेंडेंसी

मधुरिमा राजपाल ⏭ भोपाल


भोपाल में एक 14 वर्षीय लड़के ने ऑनलाइन गेम फ्री फायर में 28 हजार रुपए हारने के बाद आत्महत्या कर ली, बच्चा गेम का आदी था, माता-पिता के पैसों का नुकसान होने के डर से मासूम अंश ने अपने ही घर में अपनी जान दे दी।

भोपाल के 14 वर्षीय लड़के को ब्लू व्हेल की लत थी, जिसमें उसने 28 हजार रुपए गवां दिए, साथ ही माता पिता द्वारा फोन छीनने पर सुसाइड जैसा कदम उठाया।


ये सिर्फ घटना भर नहीं हैं, बल्कि पैरेंट्स को अलर्ट करने का अलार्म है। क्योंकि ऑनलाइन गेम की लत के चलते आए दिन बच्चे सुसाइड जैसे कदम उठाने से भी नहीं चूकते। भोपाल के केस में फ्री फायर गेम और ब्लू व्हेल की। किशोरवय बच्चों द्वारा ऑनलाइन गेम की लत के चलते इस तरह के कदम उठाने पर हरिभूमि ने जब वरिष्ठ मनोचिकित्सक डॉ. सत्यकांत त्रिवेदी से बातचीत की तो उन्होंने इसके कारण ओर निवारण दोनों पर चर्चा की।

### *क्या है फ्री फायर गेम*

फ्री फायर गेम में 50 खिलाड़ी एक पैराशूट के जरिए एक टापू पर उतरते हैं, जहां वे जीवित रहने के लिए हथियार और संसाधन लूटते हैं। लगभग 10-15 मिनट के छोटे और तीव्र मैच में सभी दुश्मनों को हराकर अंत तक जीवित रहने वाला खिलाड़ी या टीम विजेता बनता है।




## गेम में हार और पैरेंटस की फटकार से उठाता है सुसाइड जैसा कदम



डॉ. सत्यकांत त्रिवेदी ने कहा कि कुछ गेम और चैलेंज बच्चों-किशोरों को एडिक्टेड कर देते हैं। बच्चा टास्क पूरा करने के चलते दुनियादारी से दूर होकर सिर्फ गेम में ही लगा रहता है। उन्होंने कहा कि बच्चों और किशोरों का ब्रेन इतना डेवलप नहीं हुआ होता है कि वे तार्किक निर्णय ले सकें और सही-गलत को समझ सकें। कई बार बच्चा डिप्रेशन का शिकार हो जाता है तो कई बार गेम में हार या पैरेंटस की फटकार से सुसाइड जैसे कदम उठा लेता है।

### एनालिसिस कर तीन बातें आईं सामने

डॉ. सत्यकांत ने कहा कि इन केसेस के बाद मुझे एक तीन बातें समझ में आई कि 1 प्रिवेंशन पहली बात प्रिवेंशन की है, जितने भी गेम निर्माता हैं, उन्हें करुणामयी होना होगा और ऐसे खतरनाक टास्क या हार्म से बच्चों को दूर करने के लिए गेम डेवलप करने होंगे।

### 2. डिजिटल वेलनेस

दूसरा डिजिटल वेलनेस पर काम करना होगा, बच्चों को डिजिटल टेक्नोलाजी यूज करने की समझ देनी होगी, उन्हें समझाना होगा कि क्या सही क्या गलत और यदि गेम खेलना भी है तो कुछ समय तय करें।

### 3 डिजिटल प्रॉब्लम को जन स्वास्थ्य का विषय मानना

तीसरा इसे डिजिटल प्राब्लम जन स्वास्थ्य का विषय मानना होगा, क्योंकि ऑनलाइन गेम से बच्चों का व्यवहारिक परिवर्तन स्पष्ट दिखता है, यदि बच्चा ज्यादा गेम एडिक्टेड होता है तो उसमें व्यवहारिक परिवर्तन देखा जा सकता है, जैसे हर वक्त मोबाइल से चिपके रहना, चिड़चिड़ाना, गुस्सा करना, नींद की समस्या होना और अपने आप में ही खोया रहना, बाहर दूसरों के साथ न खेलना, पढ़ाई में कमजोर होना आदि।

### ऑनलाइन गेम की लत एक प्रकार से मादक पदार्थ के सेवन जैसी

डॉ. सत्यकांत ने कहा कि जब बच्चा जरूरत से ज्यादा मोबाइल फोन का प्रयोग करें तो इन चीजों को मानसिक समस्या ही समझना चाहिए, जरूरत से ज्यादा ऑनलाइन गेम खेलना या मोबाइल एडिक्टेड होना एक प्रकार से मादक पदार्थों के सेवन जैसा ही है। इसके लिए शुरुआत पैरेंट्स को करनी होगी, उन्हें बच्चों की निगरानी करनी होगी लेकिन प्यार से। क्योंकि किशोरवय बच्चों को प्यार से समझाएंगे तो चीजों को समझेंगे और हिंसात्मक रुख नहीं अपनाएंगे।

### पैरेंट्ल कंट्रोल ऐप से करें बच्चों की निगरानी

इसके अलावा पैरेंट्स को अवेयर होना जरुरी है, पैरेंट्स को देखना होगा कि बच्चा मोबाइल पर क्या कर रहा है क्या नहीं, इसके लिए बच्चों के मोबाइल पर पैरेंट्ल कंट्रोल ऐप भी डाउनलोड की जा सकती है।

### ऑनलाइन गेम टास्क और निर्देशों से बच्चा भावनात्मक रूप से जुड़ता है

मोबाइल गेम के चलते चिंता या डिप्रेशन में आने के कारण पर डॉ. सत्यकांत ने कहा कि ऑनलाइन गेम में मिल रहे टास्क और निर्देशों से बच्चे भावनात्मक रूप से जुड़ जाते हैं। डर, दबाव और गेम हारने के भय से उनके निर्णय लेने की क्षमता और कमजोर हो जाती है। इसलिए टास्क पूरा करने के लिए सुसाइड या सेल्फ हार्म जैसे खतरनाक निर्णय ले लेते हैं।



# हिंदी भवन में 'मां नर्मदा के पावन संगम' का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

इतिहास विज्ञ राजकुमार गुप्ता की नवीन कृति 'मां नर्मदा के पावन संगम' का लोकार्पण बुधवार को हिंदी भवन के नरेश मेहता कक्ष में हुआ।
कार्यक्रम में इतिहास पर एकाग्र उनकी चार अन्य कृतियों- कल्चुरी सम्राट लक्ष्मीकर्ण देव, देश की भूली-बिसरी वीरांगनाएं, बालिदानी गोंड रानी दुर्गावती और त्रिपुरी की माटी की देन पृथ्वीराज चौहान पर विमर्श भी हुआ।

### इतिहास की अनमोल निधि यह पुस्तक

कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सांसद रघुनंदन शर्मा ने की, जबकि मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार कैलाश चंद्र पंत थे। विशिष्ट अतिथि पुरातत्वविद् नारायण व्यास, सारस्वत अतिथि डॉ. सोमा बामरा थे। पुस्तक पर सुरेश पटवा, डॉ. संजय सक्सेना, डॉ. वंदना मिश्रा तथा जया केतकी ने समीक्षात्मक वक्तव्य दिया। रघुनंदन शर्मा ने लेखक की सभी पुस्तकों को इतिहास की अनमोल निधि बताते हुए देश की वर्तमान स्थिति पर बात की।

देश-विदेश के प्रख्यात विद्वान एवं विषय विशेषज्ञ देंगे व्याख्यान

# मानव संग्रहालय में मानव विज्ञान और संग्रहालय पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला कल से

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय द्वारा शैक्षणिक एवं जन-संपर्क दायित्वों के अंतर्गत 'मानव विज्ञान और संग्रहालय' विषय पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन 6 से 8 फरवरी तक किया जा रहा है। कार्यशाला मानव विज्ञान और संग्रहालय अध्ययन के क्षेत्र में शिक्षकों, शोधार्थियों, विद्यार्थियों एवं पेशेवरों के लिए एक महत्वपूर्ण अकादमिक मंच प्रदान करेगी।

संग्रहालय के निदेशक प्रो डॉ. अमिताभ पांडे ने बताया कि, इस राष्ट्रीय कार्यशाला के प्रमुख उद्देश्य मानव विज्ञान, संग्रहालय विज्ञान, जनजातीय अध्ययन एवं सांस्कृतिक अध्ययन विभागों तथा जनजातीय अनुसंधान संस्थानों के मध्य राष्ट्रीय स्तर पर अकादमिक नेटवर्क स्थापित करना है। शैक्षणिक संस्थानों एवं संग्रहालय संसाधनों के सहयोगात्मक उपयोग को बढ़ावा देना, तथा युवा शोधार्थियों और पेशेवरों को संग्रहालय आधारित अध्ययन एवं प्रलेखन की पद्धतियों से जोड़ना भी इसका महत्वपूर्ण उद्देश्य है। इस दौरान देश-विदेश के प्रख्यात विद्वानों एवं विषय विशेषज्ञो विशेष व्याख्यान देंगे। संग्रहालय आधारित शिक्षण, प्रलेखन एवं संरक्षण पद्धतियों पर इंटरएक्टिव सत्र आयोजित किए जाएंगे।

---

## 'पर्ल म्यूजिकल नाइट विद स्पेशल टैलेंट्स' का आयोजन 7 को

**भोपाल।** लायंस क्लब भोपाल पर्ल द्वारा 'पर्ल म्यूजिकल नाइट विद स्पेशल टैलेंट्स' का भव्य आयोजन रविन्द्र भवन में 7 फरवरी को शाम 5.30 बजे से किया जाएगा। यह समावेशी संगीतमय कार्यक्रम प्रतिभाशाली दृष्टि बाधित एवं ऑटिस्टिक युवाओं की गायन प्रतिभा को समर्पित होगा। कार्यक्रम में गीतिका लोहाट, तान्या शर्मा, रुचिका पांडे, हुसैन एवं मनोज तोमर अपनी प्रस्तुतियां देंगे, वहीं क्लब के प्रतिभाशाली गायक भी मंच साझा करेंगे। कार्यक्रम में संगत के लिए गिटारिस्ट संजीव झा, केदार सिंह चौहान, विशाल जोशी एवं दीप चौधरी शामिल रहेंगे। शोएब खान साउंड इंजीनियर की भूमिका निभाएंगे तथा मंच संचालन बद्र वस्ती करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता लायन ईजी संजय वर्मा करेंगे। आयोजन सदस्यों में विनोद श्रीवास्तव, डॉ अल्पना वर्मा एवं डॉ. एस.के. श्रीवास्तव शामिल हैं।

- दृष्टि बाधित प्रतिभाएं आएंगी सामने

### उर्दू अकादमी के भाषा कोर्स बना रहे हैं कॅरियर की मजबूत नींव

# उर्दू, अरबी और फारसी पाठ्यक्रम: युवाओं के लिए रोजगार और शोध के नए अवसर



मनीष मान ⏭ भोपाल

उर्दू अकादमी द्वारा राष्ट्रीय उर्दू भाषा विकास परिषद, भोपाल में संचालित उर्दू भाषा डिप्लोमा कोर्स, अरबी सर्टिफिकेट कोर्स और फारसी सर्टिफिकेट कोर्स युवाओं के लिए रोजगार, शोध और अनुवाद के क्षेत्र में नए रास्ते खोल रहा है। ये पाठ्यक्रम विशेष रूप से छात्रों, शोधकर्ताओं और भाषा में करियर बनाने के इच्छुक युवाओं के लिए बहुआयामी लाभ प्रदान कर रहे हैं। इन कोर्सों के माध्यम से छात्रों को उर्दू, अरबी और फारसी भाषाओं का व्यवस्थित और व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त हो रहा है वो भी कम शुल्क में। ये पाठ्यक्रम न केवल भाषाई दक्षता बढ़ाते हैं, बल्कि शैक्षणिक योग्यता के साथ-साथ नौकरी के लिए विश्वसनीय प्रमाण-पत्र भी प्रदान करते हैं।

### विदेशों में रोजगार की व्यापक संभावनाएं



मप्र उर्दू अकादमी की निदेशक डॉ नुसरत मेहदी ने बताया कि अरबी भाषा का ज्ञान रखने वाले युवाओं के लिए संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, कतर, ओमान और कुवैत जैसे देशों में अनुवादक, दुभाषिया, कार्यालय सहायक, मीडिया और कॉरपोरेट सेक्टर में रोजगार के अवसर उपलब्ध हैं इसलिए हमारी अकादमी में छात्र इन भाषाओं में डिग्री लेना चाहते हैं और विदेशों में जाकर अपना करियर बनाना चाहते हैं। उन्होंने बताया कि फारसी भाषा जानने वालों के लिए ईरान और मध्य एशियाई देशों से जुड़े शैक्षणिक, सांस्कृतिक और अनुवादक कार्यों में संभावनाएं बढ़ी हैं।

### साहित्यिक और बौद्धिक समझ विकसित करने का माध्यम

उन्होंने बताया कि उर्दू भाषा के जानकारों को खाड़ी देशों के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय मीडिया संस्थानों, प्रकाशन गृहों और सांस्कृतिक संगठनों में भी अवसर मिल सकते हैं। इसके साथ ही उर्दू और फारसी साहित्य की समृद्ध परंपरा के अध्ययन से छात्रों में साहित्यिक और बौद्धिक समझ विकसित होती है। इन भाषाओं के जानकार व शोधकर्ता साहित्य, इतिहास, दर्शन और संस्कृति से जुड़े विभिन्न विषयों पर शोध कार्य कर सकते हैं।

### स्वरोजगार का भी बना एक सशक्त माध्यम

यही नहीं उर्दू-हिंदी, अरबी, अंग्रेजी और फारसी को अंग्रेजी में अनुवाद की बढ़ती आवश्यकता के चलते, फ्रीलांस और संस्थागत स्तर पर अनुवाद कार्य के अनेक अवसर उपलब्ध हो रहे हैं। यह क्षेत्र युवाओं के लिए स्वरोजगार का भी एक सशक्त माध्यम बन रहा है।

### यू ए ई की मल्टीनेशनल कम्पनी में ट्रांसलेटर के पद पर कर रहा कार्य



उर्दू अकादमी से 2017-18 पास आउट शहादत अली ने कहाकि मैंने उर्दू अकादमी से अरबी, फारसी और उर्दू क्लासेस लेकर भाषाएं सीखी थीं। अभी मैं शारजाह (यू ए ई) की एक मल्टीनेशनल कम्पनी में एक ट्रांसलेटर के पद पर अपनी सेवाएं दे रहा हूं। यहां आने वाले लोग कंपनी में अरबी, फारसी बोलते है जिनको मैं उनकी भाषा में बताता हूं।

### देश-विदेश के स्टूडेंट्स की ले रही ऑनलाइन कैलीग्राफी क्लास



उर्दू अकादमी से 2016-17 में पास आउट अर्शमान खान ने बताया कि मैंने कैलीग्राफी में कोर्स किया है और पिछले चार सालों से मैं देश-विदेश के स्टूडेंट्स की ऑनलाइन कैलीग्राफी की क्लास ले रही हूं। चने की दाल पर अरबी में कलमा लिखने का मेरा हावर्ड वर्ल्ड रिकॉर्ड भी है, उन्होंने कहा कि अभी मैं भोपाल में एक डायटिशियन के पद पर कार्यरत हूं।



# जब सताए साइटिका का दर्द

कमर के निचले हिस्से से पैरों तक जाने वाली नस जब दबने लगती है तो साइटिका का असहनीय दर्द होता है। इस समस्या से बचने और इसके उपचार के बारे में कई कारगर उपाय आयुर्वेद में बताए गए हैं।

आयुर्वेद

डॉ. संजना शर्मा
आयुर्वेदिक विशेषज्ञ, दिल्ली



साइटिका ऐसी समस्या है, जो व्यक्ति की रोजमर्रा की गतिविधियों को भी प्रभावित करता है। व्यक्ति को कमर के निचले हिस्से से नीचे पैरों तक असहनीय दर्द रहता है। बैठने पर पैरों में सुन्नपन आने लगता है। लेटने पर दर्द ज्यादा महसूस होता है। लेकिन जब व्यक्ति चलता है, तो शरीर गर्म होने लगता है और धीरे-धीरे साइटिका का दर्द कम होने लगता है।

**रोग का कारण:** हमारी रीढ़ की हड्डी कई छोटी-छोटी कशेरूकाओं से बनी होती है। कमर के हिस्से में एल-4, एल-5, एस-1, एस-2, एस-3 कशेरूकाएं होती हैं। इनके बीच एक नरम डिस्क होती है, जो झटकों से बचाने का काम करती है। साथ ही इनके बीच से बहुत पतली नसें निकलती हैं, जो आगे जाकर आपस में मिल जाती हैं और साइटिका नर्व बनाती हैं। यह नर्व हमारे कूल्हों से शुरू होकर दोनों पैरों में नीचे तक जाती है। आयुर्वेद में साइटिका को गृध्रसी रोग कहा जाता है और इसे वातजन्य रोगों की श्रेणी में रखा गया है। यह समस्या मुख्य रूप से बढ़े हुए वात दोष और दूषित कफ दोष के कारण उत्पन्न होती है। शरीर में वात दोष बढ़ने के कारण रीढ़ की नसें कमजोर होने लगती हैं, उनमें ऐंठन या दवाब बढ़ जाता है और गृध्रसी रोग उत्पन्न होता है। शरीर में बढ़ा हुआ वात डिस्क के अंदर मौजूद छल्लों के बीच के फ्लूड को सुखा देता है। यह फ्लूड लगभग 80 प्रतिशत पानी और 20 प्रतिशत प्रोटीन, कैल्शियम से बना होता है। फ्लूड सूखने के कारण छल्ले आपस में टकराने लगते हैं। उनके बीच की जगह खत्म हो जाती है और किसी न किसी नस पर दबाव पड़ने लगता है। जब नस दबती है, तो पूरे पैर में दर्द शुरू हो जाता है।



**इन्हें है अधिक रिस्क:** जिन लोगों के शरीर में वात यानी वायु अधिक बनती है या जिनकी नसें और मांसपेशियां कमजोर होती हैं, उन्हें साइटिका और कमर दर्द की समस्या ज्यादा होती है। इसके अलावा कुछ और कारण भी जिम्मेदार हैं।

- बहुत ज्यादा एक्सरसाइज करना या फिर शारीरिक गतिविधियां बिल्कुल न करना।
- बहुत देर तक खड़े रहना या लंबे समय तक एक ही जगह बैठे रहना।
- भारी वजन उठाने या गिरने की वजह से डिस्क का खिसकना या फिर डिस्क का अपनी सीध से बाहर निकल जाना।
- डिस्क दबने से कशेरूकाओं के बीच का गैप कम हो जाना या ज्यादा बढ़ जाना।
- वात बढ़ाने वाले आहार (जैसे-बींस, अंकुरित अनाज, डिब्बाबंद खाद्य पदार्थ, सूखा और ठंडा भोजन या फिर कड़वे और कसैले रस वाले पदार्थ) का सेवन अधिक करना।

**क्या है उपचार:** सबसे जरूरी है शरीर से अतिरिक्त वात को बाहर निकालना। आयुर्वेद में इसके समाधान के कुछ उपाय बताए गए हैं-

- रोजाना एक चम्म्च मेथी के दाने (रात में भिगोए या लड्डू बनाकर) का सेवन करें। मेथी दाने वात दोष को संतुलित करने में मदद करते हैं, नसों को मजबूती देते हैं और कमर दर्द, साइटिका और जोड़ों के दर्द में धीरे-धीरे आराम पहुंचाते हैं।
- कुचले लहसुन की कलियों को दूध में उबालें और गुनगुना होने पर थोड़ा शहद मिलाकर पिएं। रोज रात सोने से 1 घंटा पहले कम से कम 20 दिन तक पिएं। लहसुन में एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो साइटिका नर्व की सूजन को कम करते हैं।
- लिक्विड शिलाजीत की 3-4 बूंदें दूध में मिलाकर 15 दिन तक पिएं। शिलाजीत हड्डियों और नसों को मजबूत करता है।
- सुबह खाली पेट एक गिलास गुनगुने पानी में आधा चम्मच घर की पिसी हल्दी मिलाकर धीरे-धीरे छोटे-छोटे घूंट लेकर पिएं।
- बड़ी इलायची, दालचीनी, लौंग, गुड़ से बना काढ़ा वात और कफ दोष को संतुलित करता है। हड्डियों को मजबूत करता है और नसों को खोलता है। खाली पेट सेवन करना फायदेमंद है।
- भीगी-दरदरी पिसी उड़द दाल को भून लें। कद्दूकस किया हुआ सूखा नारियल, इलायची पावडर, पिसा गुड़ मिलाकर लड्डू बनाएं। खाली पेट या दिन में 1-2 लड्डू खाएं। उड़द की दाल नसों और मांसपेशियों को मजबूती प्रदान करने में मददगार है। सूखा नारियल हड्डियों और जोड़ों के लिए बेहद लाभकारी है।
- भुने-दरदरा पिसे तिल और कद्दूकस किए गुड़ में थोड़ा-सा पकाकर बने लड्डू वात संतुलन के लिए बहुत ही लाभकारी हैं।
- हल्दी को सुखाकर पीस लें। 1 चम्मच हल्दी पावडर और 1 चम्मच तिल का तेल मिलाकर पेस्ट बनाएं और दर्द वाली जगह पर हल्के हाथ से दिन में दो बार मालिश करें। हल्दी नसों की मरम्मत में मदद करती है।

**रखें ध्यान:** साइटिका के दर्द से बचने के लिए कुछ बातों का ध्यान रखना फायदेमंद है। जैसे-रोज व्यायाम करें। सही पॉश्चर में बैठें। एक जगह देर तक न बैठें या खड़े न रहें। शरीर में पानी की कमी न होने दें। यथासंभव वातवर्धक खाद्य पदार्थों के सेवन से परहेज करें जैसे- दही, फूलगोभी, भिंडी, ठंडी, तली-भुनी और मसालेदार चीजें, खट्टी चीजें। *

प्रस्तुतिः रजनी अरोड़ा

---

हेल्थ सजेशन

रेखा देशराज

# ऐसे बनाएं बदलते मौसम का हेल्थ-फिटनेस शेड्यूल

हालांकि कई स्थानों पर अभी सर्दी पड़ रही है। लेकिन जल्द ही आने वाले दिनों के मौसम में बदलाव होने लगेगा। बदलते हुए मौसम वाले इस महीने के लिए आपको अपना हेल्थ और फिटनेस रूटीन रीस्टार्ट करने की जरूरत होती है। ऐसा करना क्यों जरूरी है और इसे शेड्यूल करते समय किन बातों का ध्यान रखें, यहां डिटेल में बता रहे हैं।



साल का दूसरा अंग्रेजी महीना फरवरी केवल कैलेंडर का एक पन्ना नहीं होता बल्कि जीवनशैली को रीसेट करने का मौका भी होता है। दरअसल, इस महीने में देश के ज्यादातर हिस्से में मौसम सर्वाधिक अनुकूल होता है। न बहुत सर्दी होती है और न बहुत गर्मी होती है, सिवाय हिमालयन रेंज के प्रदेशों को छोड़कर। इसलिए यह महीना फिटनेस की आदतें बनाने और उन्हें मजबूत करने का महीना भी माना जाता है। अगर आने वाले एक माह को सही ढंग से प्लान किया जाए, तो पूरे साल सेहत की नींव मजबूत रह सकती है। इसलिए आइए जानें कि इस महीने में किस तरह अपनी हेल्थ-फिटनेस रूटीन को रीस्टार्ट करके सही डायरेक्शन में लाना चाहिए।

## तय करें फिटनेस टार्गेट

सबसे पहले तो यह तय कर लें कि आने वाले दिनों में फिटनेस के लिए क्या जरूरी लक्ष्य रखें, ताकि हेल्थ संबंधी अधिकतम फायदा उठाया जा सके। फिटनेस के मुख्य लक्ष्य कुछ इस प्रकार हो सकते हैं-

- शरीर की जकड़न को खत्म करना।
- स्टेमिना बढ़ाना और बरकरार रखना।
- सर्दियों में बढ़े वजन को नियंत्रित करना।
- इम्यूनिटी मजबूत करना।
- गर्मी के लिए शरीर को तैयार करना।

## इसलिए रीस्टार्ट करना है लाभकारी

बदलते हुए मौसम के दिनों में अपने हेल्थ-फिटनेस को रीस्टार्ट करना इसलिए जरूरी है क्योंकि सर्दियों में शरीर सुस्त हो जाता है। खान-पान भारी रहता है और गतिविधियां कम या बिल्कुल कम रहती हैं। लेकिन मिड फरवरी से शरीर उस सुस्ती से बाहर निकलने लगता है। धूप में हल्की गमाईश आ जाती है। सुबह जल्दी रोशनी दिखती है और दिन में अधिक वर्कआउट करने पर तो पसीना भी आने लगता है। ऐसे में एक्सरसाइज शुरू करना तुलनात्मक रूप से न सिर्फ आसान बल्कि ज्यादा फायदेमंद भी होता है। लेकिन यह ध्यान रखें कि इस महीने में एकदम से एक्सरसाइज का टफ रूटीन न अपनाएं। बजाय इसके इस महीने में धीरे-धीरे फिर से एक्सरसाइज की आदत डालें और जैसे-जैसे दिन बीतें उसे तेज करते चलें। ऐसा करने से यह महीना, साल का शानदार फिटनेस मंथ बनकर उभरता है। दरअसल फरवरी का महत्व इसलिए है कि इसमें शुरुआत करना आसान और एक्सरसाइज में सुधार के साथ निरंतरता कायम करना बेहतर रहता है। लेकिन रीस्टार्ट के समय कभी बहुत ज्यादा समय तक जिम न करें। इससे फायदे की जगह नुकसान हो सकता है। इस महीने में एक्सरसाइज के छोटे-छोटे लक्ष्य तय करें और कोशिश करें कि उनमें नियमितता रहे। अगर हर दिन 30 मिनट भी दिए जाएं तो बहुत उपयोगी रहेगा।

## एक्सरसाइज रूटीन हो ऐसा

इस मंथ के लिए आप अपना एक्सरसाइज रूटीन कुछ इस तरह का बना सकते हैं-

- मॉर्निंग वॉक करें, जिसमें हल्की जॉगिंग भी शामिल हो। इसके लिए 30-40 मिनट तक तेज-तेज चलें और सप्ताह में तीन दिन पांच से लेकर दस मिनट तक इस वॉकिंग में तेज जॉगिंग को भी जोड़ें।
- इस मौसम में एक्सरसाइज के लिए सबसे आदर्श जगह खुले पार्क, छत या धूप वाली कोई बेहतर जगह होती है। इससे हार्ट हेल्थ बेहतर होता है। फैट बर्न होता है और स्ट्रेंथ ट्रेनिंग के लिए भी शरीर तैयार होता है। एक हफ्ते की मॉर्निंग वॉक और जॉगिंग के बाद अगले हफ्ते तीन दिन स्ट्रेंथ ट्रेनिंग भी करनी चाहिए।
- घर पर किए जाने वाले बेसिक अभ्यास में 15-15 स्क्वेट तीन बार। 10-10 पुशअप्स, तीन बार। प्लेंक, 30-30 सेकेंड तीन बार। इस स्ट्रेंथ ट्रेनिंग से मसल्स मजबूत होती हैं। अगर इस ट्रेनिंग के साथ-साथ इसमें योग और स्ट्रेचिंग को भी मिला लें, हर दिन सिर्फ 20 मिनट तो समझिए और भी फायदेमंद होगा। योग और स्ट्रेचिंग के लिए हर दिन सूर्य नमस्कार 8 से 12 राउंड के अलावा भुजंगासन, ताड़ासन, वज्रासन, पवनमुक्त आसन, फायदेमंद होते हैं। इनसे शरीर का लचीलापन बढ़ता है और जोड़ों की अकड़न खत्म होती है।
- ब्रीदिंग एक्सरसाइज करना न भूलें। इसके लिए 10 मिनट अनुलोम-विलोम करें और 5 मिनट कपालभाती करें। इससे फेफड़े मजबूत होते हैं और इम्यूनिटी बेहतर होती है।

## सीजन के अनुसार डाइट प्लान

हेल्दी-फिट रहने के लिए केवल एक्सरसाइज करना पर्याप्त नहीं होता है। इसके लिए न्यूट्रीशस डाइट प्लान फॉलो करना भी जरूरी होता है। इसके लिए फरवरी के महीने में शरीर को हैवी से लाइट डाइट की तरफ शिफ्ट करना चाहिए। इन दिनों के लिए डाइट प्लान कुछ इस तरह से बनाएं-

- मौसमी सब्जियां जैसे गाजर, चुकंदर, पत्तागोभी और पालक को अपनी नियमित डाइट में शामिल करें।
- फलों में संतरा, अमरूद और पपीता का सेवन करना बहुत लाभकारी है।
- इस महीने में प्रोटीन के लिए दाल, दही, पनीर को जरूर शामिल करें। अगर नॉनवेज खाते हैं तो अंडा भी खा सकते हैं।
- इस बदलते मौसम में शरीर के लिए साबुत अनाज खाना भी फायदेमंद होता है। खासकर ओट्स, ब्राउन राइस और बाजरा जरूर खाना चाहिए।
- अच्छी डाइट के साथ यह जानना भी जरूरी है कि इन दिनों क्या चीजें न खाएं या कम खाएं? तली-भुनी चीजें, ज्यादा मीठा, पैकेज्ड स्नैक्स और देर रात खाने से बचना चाहिए।

याद रखें, सीजन के अनुसार डाइट में सुधार करना, फिटनेस रीस्टार्ट का सबसे कारगर स्टेप होता है।

### इस माह वजन कैसे घटाएं



सर्दियों के मौसम में अधिक भोजन करने और वर्कआउट में कमी से अकसर लोगों का वजन बढ़ जाता है। फरवरी में आमतौर पर इसे कम करने की प्रक्रिया शुरू होती है। क्योंकि फरवरी के लास्ट में बदन से पसीना निकालना आसान होता है, फरवरी में दिसंबर और जनवरी महीनों के मुकाबले मूवमेंट करना सहजता से संभव होता है। लेकिन ये सब फायदे तभी मिल सकते हैं, जब आप भूख नियंत्रित करें और खाने के तीन जरूरी नियमों का पालन करें। मसलन, रात का खाना शाम 6 से 7 बजे तक हर हाल में खा लें। रोज कम से कम 8 से 10 हजार कदम चलें। मीठे पेय जितना संभव हो बंद कर दें और शरीर के साथ-साथ मानसिक फिटनेस के लिए हर दिन पांच मिनट ध्यान जरूर लगाएं। साथ ही सुबह के समय धूप का सेवन करें और अपने स्क्रीन टाइम को घटाएं।

## आसान है हेल्थ मेंटेन करना

वैज्ञानिक दृष्टि से फरवरी माह के बदलते मौसम में आप अपनी फिटनेस दुरुस्त कर सकते हैं। क्योंकि इस माह के मिड से लास्ट आते-आते देश के ज्यादातर हिस्सों में आमतौर पर तापमान 15 से 25 डिग्री के बीच रहने लगता है, जो शारीरिक गतिविधियों के लिए आदर्श तापमान होता है। कई रिसर्च बताती हैं कि मध्यम तापमान में व्यायाम करने से हार्ट रेट स्थिर रहता है और चोट का जोखिम भी कम होता है। इसलिए सर्दियों के मुकाबले गुलाबी सर्दी वाले इस महीने में हेल्थ और फिटनेस को मेंटेन रखना आसान होता है। *

---

डाइट

राजकुमार 'दिनकर'

# हेल्थ के लिए अधिक लाभकारी पेड़ पर लगने वाली सब्जियां



हालांकि सभी सब्जियों और फलों में अलग-अलग स्वास्थ्यवर्धक गुण होते हैं। लेकिन वनस्पति वैज्ञानिकों के अनुसार पेड़ पर लगने वाली सब्जियां चूंकि कम पानी, ज्यादा धूप और गहरी जड़ों से खूब सारे खनिज खींचने की क्षमता रखती हैं, इसलिए इन सब्जियों में खनिज तत्व, एंटीऑक्सीडेंट्स और फाइबर की मात्रा, जमीन के भीतर या उसकी सतह पर लगने वाली सब्जियों से काफी ज्यादा होती है। ऐसी ही कुछ सब्जियों के बारे में जानिए।

**सहजन:** सहजन या मोरिंगा, जिसकी फलियां पेड़ पर लगती हैं, में विटामिन ए, विटामिन सी, विटामिन बी6, कैल्शियम, पोटेशियम की काफी ज्यादा मात्रा पाई जाती है। सहजन की पत्तियों को सुपरफूड माना जाता है, क्योंकि इससे ब्लड शुगर कंट्रोल होती है। शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली मजबूत होती है। थायरॉइड और एनीमिया में फायदा होता है।

**कटहल:** कटहल को प्लांट बेस्ड मीट भी कहते हैं। इसमें प्रोटीन, पोटेशियम और फाइबर की भरपूर मात्रा होती है। कच्चा कटहल पाचन के लिए अच्छा होता है, क्योंकि इसमें शुगर बहुत कम होती है, जबकि इसका बीज आयरन से भरपूर होता है। एनीमिया से ग्रस्त लोगों के लिए यह बीज बहुत फायदेमंद होता है। कटहल में पेट भरा रखने वाला फाइबर भी काफी मात्रा में होता है, जिससे हमारा वजन नियंत्रित रहता है।

**केले का फूल:** बनाना ब्लॉसम यानी केले के फूल को सबसे अच्छा हार्मोनल बैलेंसर माना जाता है। यह महिलाओं के लिए विशेष रूप से फायदेमंद होता है। इसमें आयरन, फाइबर, एंटीऑक्सीडेंट भरपूर मात्रा में होते हैं। इसके सेवन से डायबिटीज, पाचन और पीसीओडी को नियंत्रण में रखने में मदद मिलती है।

**कंदाल:** कंदाल यानी ब्रेड फ्रूट, ऊर्जा और फाइबर का भंडार होती है। इसमें उच्च स्तर का स्टार्च होता है, जो तुरंत ऊर्जा देता है। इसमें अच्छी क्वालिटी का फाइबर मिलता है, जिससे कोलन की सफाई होती है। यह ग्लूटेन फ्री होता है। *

---

योगोपचार

संध्या रानी

# बदलते मौसम के रोगों से बचाएंगे ये योगासन

इन दिनों मौसम में तेजी से बदलाव हो रहा है। किसी समय तेज ठंडी तो किसी समय तापमान सामान्य हो जाता है। ऐसे में बीमार होने से बचने के लिए आप कुछ योगासनों का रोज अभ्यास कर सकते हैं। इनमें से कुछ के बारे में जानिए।

हालांकि कुछ राज्यों में सर्दी का प्रकोप बना हुआ है लेकिन कई स्थानों पर मौसम बदलने लगा है। ठिठुरन कम होने लगी है। ऐसे में लापरवाही बरतना आपको बीमार कर सकता है। इसलिए शरीर को गर्म रखना जरूरी है। इसके लिए योग से बेहतर कोई दूसरा सरल कारगर माध्यम नहीं है। कुछ आसन आपके दिमाग के साथ-साथ शरीर को भी पूरे दिन फ्रेश और गर्म रख सकते हैं। हालांकि इस मौसम में आलस और थकान भी बनी रहती है। इसलिए बदलते मौसम के साथ अपने खान-पान पर भी विशेष ध्यान रखना चाहिए। जो शरीर को गर्म रखने में सहायक हो। शरीर को गर्म रखने के लिए अपनी दिनचर्या में कुछ योगासन को शामिल करके अपने शरीर को गर्म रख सकते हैं और ठंड से भी राहत पा सकते हैं। इतना ही नहीं यह शरीर को लचीला बनाने के साथ सक्रिय भी बनाता है। यहां कुछ योगासन बताए जा रहे हैं, जिनको करने से आप स्वस्थ ही नहीं, बल्कि ठंड से भी राहत पा सकते हैं।


**सूर्य नमस्कार:** सूर्य नमस्कार कई आसनों का एक साथ लाभ देता है। इसके बारह स्टेप्स होते हैं, जो हमारे पूरे शरीर को एक्टिव रखने में मदद करते हैं। इस आसन को करने से आप पूरे दिन ऊर्जावान रहते हैं। इतना ही नहीं इस आसन को करने से तुरंत गर्मी आती है और हमारी मांसपेशियों का तनाव भी दूर होता है। इसलिए ठंड से बचने के लिए इस योगासन को जरूर करना चाहिए। इसे करने से सभी अंगों का एक्सरसाइज हो जाती है। लेकिन एक बात का अवश्य ध्यान रखें कि अपनी क्षमता के अनुसार ही धीरे-धीरे इसका अभ्यास बढ़ाएं।




**भुजंगासन:** यह आसन पेट के बल लेट कर किया जाता है। यह आपके फेफड़े को खोलता है। इसे करने से कमर दर्द में राहत मिलती है। यह आसन न सिर्फ रीढ़ की हड्डी के लिए फायदेमंद होता है, बल्कि आपके शरीर के तापमान को भी बनाए रखने में सहायक होता है।

**हलासन:** यह आसन रीढ़ की हड्डी को लचीला बनाता है और पाचन की समस्याओं को सुधारता है। इसके अलावा मधुमेह, ब्लड प्रेशर और तनाव को दूर करने में सहायक होता है। इसके साथ ही यह पेट की चर्बी को घटाने में, अंगों की कार्यक्षमता बढ़ाने में और मानसिक शांति के लिए सबसे बेहतर आसन माना जाता है। हार्निया, हाई ब्लडप्रेशर, पीठ, गर्दन में गंभीर चोट या गर्भावस्था के दौरान इस आसन को नहीं करना चाहिए।





**ताड़ासन:** इसे करने के लिए सीधे खड़े हो जाएं और अपने शरीर को ऊपर की ओर खींचें। इससे खून का बहाव तेज होता है और अकड़न दूर होती है। जिन्हें हार्निया की शिकायत हो, वे इस आसन को न करें।

**कपालभाति प्राणायाम:** किसी भी आसन में बैठ जाएं। अपनी आंखों को बंद कर लें और चेहरे को ढीला छोड़ दें। अब दाएं नाक के छिद्र को दाएं अंगूठे से बंद कर बाएं नाक से सामान्य सांस अंदर लेकर उसी नाक से हल्के झटके के साथ सांस को बाहर निकालें। यह अभ्यास बीस बार कीजिए। फिर यही अभ्यास बाएं नाक के छिद्र से भी करें। फिर अंत में यह क्रिया दोनों नाकों से करें।

**ध्यान:** किसी आरामदायक आसन में बैठ जाएं और अपने सिर और गले को सीधा कर लें। अपने हाथों को घुटने पर रख लें। आंखों को ढीला कर और चेहरे को हल्का बनाकर ढीला छोड़ दें। अब अपने सांस पर मन को एकाग्र करने का प्रयास करें। इसे दस से पंद्रह मिनट प्रतिदिन करने का अभ्यास करें।


यहां बताए गए आसनों का अभ्यास योग प्रशिक्षक से सीखकर ही करें। *

(योग आचार्य (डॉ.) कौशल कुमार से बातचीत पर आधारित)



## 36वीं राष्ट्रीय कैनो स्प्रिंट सीनियर चैंपियनशिप

# तीसरे दिन भारतीय पुलिस का दबदबा, जीते पांच स्वर्ण पदक



लोअर लेक में प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागिता करते खिलाड़ी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

36 वीं राष्ट्रीय केनो प्रिंट सीनियर महिला पुरुष प्रतियोगिता के तीसरे दिन भारतीय पुलिस के खिलाड़ियों ने जोरदार प्रदर्शन किया है। पांच किमी की लम्बी रेस में पुलिस की महिला टीम ने चार स्वर्ण पुरुष टीम ने तीन रजत पदक जीते। मेजबान मप्र ने एक स्वर्ण व दो कांस्य पदक जीतकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। भारतीय पुलिस दल में प्रदेश के कई खिलाड़ियों ने इसी छोटे तालाब पर अभ्यास किया है।

राजधानी के छोटे तालाब पर तीसरे दिन पांच किमी की लम्बी रेस आयोजित हुई। महिला वर्ग में चारों स्वर्ण पदक भारतीय पुलिस ने जीते। वहीं पुरुष टीम ने तीन स्वर्ण व एक स्वर्ण मप्र के खाते में गया। पुरुष वर्ग के के-1 इवेंट में मप्र वंश शर्मा ने स्वर्ण पदक जीता, वहीं एसएससीबी के एचए सिंह ने रजत व भारतीय पुलिस के सोनू साहू ने कांस्य पदक जीता। के-2 में मप्र के पवन वर्मा व शिवओम यादव की जोड़ी ने कांस्य पदक जीता। एसएससीबी ने स्वर्ण व भारतीय पुलिस ने रजत पदक जीता। सी-1 में एसएससीबी के अजीत कुमार ने स्वर्ण, भारतीय पुलिस के गणेश यदु ने रजत व उप्र के सुधांशु भारतीय ने कांस्य पदक जीता।



पुरस्कार वितरण के दौरान विजेत खिलाड़ी व अतिथि।

### इन्होंने जीते विभिन्न श्रेणियों में पदक

सी-2 में एसएससीबी के अमित कुमार व अखिल ने स्वर्ण पदक जीता। महिलाओं के सी-1 में भारतीय पुलिस की ओवाय देवी ने स्वर्ण, मणिपुर की के सरोज देवी ने रजत व चंडीगढ़ की शिवानी ने कांस्य पदक जीता। के-1 में भारतीय पुलिस की ए मीना देवी ने स्वर्ण, केरल की अलीना बीजू ने रजत व राजस्थान की वंशिका ने कास्य पदक जीता। सी-2 में भारतीय पुलिस की एम इनोचा देवी व टी चानू ने स्वर्ण पदक, दिल्ली की रिया चौरसिया व तनुजा भंडारी ने कांस्य तथा पंजाब की रिया व ज्योति ने कांस्य पदक जीते। के-2 में भारतीय पुलिस की एम जीना देवा व सोनिका देवी ने स्वर्ण, ओडशा की फलमानी व एलीना ने रजत व मप्र की भाग्यश्री साहू व दिव्यांशी ने कांस्य पदक जीता।

### आज होगा समापन

मप्र कयाकिंग एवं कैनोइंग संघ के सचिव मंयक ठाकुर ने बताया कि लम्बी दूरी के रेस में देशभर के खिलाडियों ने जोरदार प्रदर्शन किया है। गुरुवार को 200 मी. और मास्टर्स व मिक्स इवेंट की रेस होगी। शाम छह बजे समापन अवसर मुख्य अतिथि अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक पुलिस हाउसिंग अजय शर्मा पुरस्कार वितरित करेंगे।

### यह रहे मौजूद

आज के मुकाबलों के पदक विजेता खिलाड़ियों को डीआइजी उपेंद्र रावत, पार्षद शिरोमणि शर्मा, पार्षद जीत सिंह राजपूत, विश्वामित्र अवार्डी जयदेव शर्मा, एमपीकेसीए के अध्यक्ष पीएस बुंदेला, उपाध्यक्ष रश्मिकला होलानी, विश्वामित्र अवार्डी विनोद मिश्रा, टूर्नामेंट डायरेक्टर अनिल राठी, हिमाचल प्रदेश के सचिव पदम गुलारिया, दीपक कुमार, पीके बरोई महेश विश्वकर्मा व मनोज सक्सेना ने भी खिलाड़ियों को सम्मानित किया।

## विक्रम अवार्डी सीमा बापना ने किया शुभारंभ

# नेहरु स्टेडियम बैडमिंटन हॉल को दिया नया स्वरूप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इंदौर जिला बैडमिंटन संगठन ने नेहरु स्टेडियम बैडमिंटन हाल का नवीनीकरण (जीर्णोद्धार)किया, इंदौर जिला बैडमिंटन संगठन सचिव आर पी सिंह नैयर ने बताया कि दोनों कोर्ट को सतह की घिसाई कर उसको और बैडमिंटन हाल को रंगाई-पुताई करके नया स्वरुप दिया गया है। नेहरु स्टेडियम बैडमिंटन हाल के नवीनीकरण के बाद शुरुआत पूर्व अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी, विक्रम पुरस्कार प्राप्त सीमा बापना (भंडारी) ने किया।

कोर्ट पूजन के साथ शुरुआत हुई। इस अवसर पर इंदौर जिला बैडमिंटन संगठन सचिव आर पी सिंह नैयर, सह सचिव धर्मेश यशलहा, मनीष त्रिवेदी,विनय रामचंदानी, सतीश अग्रवाल, वीर चिमनानी, कमलप्रीत कौर नैयर, मनोज बापना, रितेश चंदानी,



संजय जैन, विनोद जयवानी, हरीश वासवानी, विकास चिमनानी, सनी टुटेजा आदि मौजूद थे। सीमा बापना, आर पी सिंह नैयर, धर्मेश यशलहा, विनय रामचंदानी, रितेश चंदानी आदि ने बैडमिंटन भी खेलते हुए अवलोकन किया और नवीनीकरण की सराहना कीञ नेहरु स्टेडियम बैडमिंटन हाल में जल्दी ही जिला और जिला रैंकिंग बैडमिंटन स्पर्धा आयोजित की जाएंगी।

## एमवाय मेमोरियल ट्रॉफी सीनियर बॉयज इंटर डिवीज़नल क्रिकेट टूर्नामेंट

# गौरांग और अरहम ने की भोपाल डिवीज़न की मजबूत शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित एम. वाय. मेमोरियल ट्रॉफी सीनियर बॉयज इंटर डिविजनल क्रिकेट टूर्नामेंट नर्मदापुरम के एमपीसीए मैदान पर (चार दिवसीय) नर्मदापुरम डिवीजन और भोपाल डिवीजन के मध्य मैच के दूसरे दिन नर्मदापुरम डिवीजन ने कल के स्कोर 5/312 रन से आगे खेलते हुए 108.5 ओवरों में 394 रन बनाए, जिसमें राहुल चन्द्रोल 115 रन पर और आर्यन देशमुख 60 रन बनाकर आउट हुए। भोपाल डिवीजन से गेंदबाजी में



सार्थक सोनी ने 4 विकेट विकेट लिए। जवाबी पारी खेलते हुए भोपाल डिवीज़न नें दिन का खेल खत्म होने तक 61 ओवर में 6 विकेट पर 229 रन बना लिए हैं, जिसमें गौरांग जाधवानी नें 64, अरहम अकील 62 और कनिष्क दुबे 34 रन बनाए। वहीं प्रारब्ध मिश्रा 24 रन पर खेल रहे हैं। नर्मदापुरम के रित्विक दीवान ने 3 और प्रशांत ने 2 विकेट लिए। कल तीसरे दिन का मैच खेला जाएगा।

## दो दिनी एथलेटिक्स प्रतियोगिताएं 11 फरवरी से

**भोपाल।** केंद्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद, एमपी पॉवर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड जबलपुर के तत्वावधान में 47वीं अंतरक्षेत्रीय खेल प्रतियोगिताओं में विभिन्न अंतरक्षेत्रीय खेल एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन भोपाल में किया जा जाएगा। दो दिवसीय अंतरक्षेत्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता 11 एवं 12 फरवरी को केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) बीएचईएल भोपाल में आयोजित होगी।

**मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम मर्यादित**
Your host in the heart of India www.mpstdc.com
पर्यटन भवन, भदभदा रोड, भोपाल-462003
फोन : +91-755-4027100, 2774340/42, www.mpstdc.com
क्रमांक 43/यांत्रिकी/पविनि/26 दिनांक : 04.02.2026

**निविदा सूचना 087/2026_STDC_480268_1**

मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम, भोपाल द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा प्रपत्र APPENDIX 2.10 पर म.प्र. लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। कार्य का नामः- **मोती महल भोपाल में बाहरी विद्युतीकरण एवं फसाड इल्युमिनेशन कार्य। (02 माह)। कार्य की अनुमानित लागत राशि रु. 264.21 लाख।** वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान कर निविदा प्रपत्र (टेण्डर डॉक्युमेंट) वेबसाइट के माध्यम से क्रय किये जा सकते हैं। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन क्रय करने की **अंतिम तिथि 18.02.2026 समय सायं 05:00 बजे तक** निर्धारित है। कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

म.प्र. माध्यम/124302/2026 कार्यपालन यंत्री

**MADHYA PRADESH STATE AGRICULTURAL MARKETING BOARD**
26-Arera Hills Jail Road, Bhopal
Board/Nirman/P.Cell/Water Treatment/25-26/2396
Bhopal, Dated : 04.02.2026

**NOTICE INVITING TENDER**

Online Lump-Sum Rate E-Tenders are invited from the eligible bidders for **Supplying, Installing, Commissioning, Testing, Repair and Maintenance of PLC based CBR-MMS integrated Centralized Automatic Bacteriological Treatment Plant with Online Comprehensive Analyzer at Mandi Yards (APMC - Berasia, District Bhopal, APMC - Sehore, District Sehore, APMC - Ganj Basoda, District Vidisha, APMC - Harda, District Harda, APMC - Pipariya, District Narmadapuram, APMC - Itarsi, District Narmadapuram, APMC - Badnawar, District Dhar, APMC - Khargone, District Khargone, APMC - Ashta, District Sehore, APMC - Burhanpur, District Burhanpur, APMC - Ujjain, District Ujjain, APMC - Dewas, District Dewas, APMC - Neemuch, District Neemuch, APMC - Jaora, District Ratlam, APMC - Agar, District Agar-Malwa, APMC - Guna, District Guna, APMC - Ashoknagar, District Ashoknagar, APMC - Jabalpur, District Jabalpur, APMC - Seoni, District Seoni, APMC - Satna, District Satna) for treatment of water as per BIS standards vide IS:10500-2012. (Tender Number : 2026_MPSAM_480228) (PAC amount Rs. 380.00 Lakh).** The following Tender to be received **Online up to 5:30 PM on 26.02.2026.** Technical bid documents with EMD & Financial Offer to be received online only as per Detailed NIT. The tender documents can be obtained online on the **http://mptenders.gov.in** as per the Notice Published on the above Portal and detailed information can also be seen on website **www.mpmandiboard.gov.in**

**Note :** Any corrigendum in this NIT, if required, shall be displayed only in our above portal regarding any matter included in this NIT or otherwise. Other details of project and locations & key dates can also be seen on our website **www.mpmandiboard.gov.in**

**EXECUTIVE ENGINEER (PROJECT CELL)**
M.P. Madhyam/124303/2026

## भोपाल

### चार साल बाद सिर्फ 60 फीसदी वाहनों में लगे पैनिक बटन व जीपीएस


# न पैनिक बटन, न जीपीएस, फिर भी सड़कों पर फर्राटा भर रही कंडम बसें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

परिवहन विभाग ने पूर्व में बस में हुए गंभीर अपराध के बाद कई कड़े निर्णय लिए थे। इनमें बस में महिलाओं सहित अन्य यात्रियों को जरूरी मदद के लिए पैनिक बटन साथ में जीपीएस लगाने का निर्णय भी शामिल था।

साल 2022 में पैनिक बटन लगाना अनिवार्य किया गया था। अभी तक इसके चार साल में सिर्फ 60 प्रतिशत यानी सिर्फ 8 हजार 300 यात्री वाहनों में ही यह लगाए गए हैं। जिन वाहनों में पैनिक बटन लगाए जा चुके हैं, उनसे रोजाना 150 से ज्यादा अलर्ट आरटीओ ऑफिस में बने स्टेट इसके मॉनिटरिंग सेंटर पहुंच रहे हैं। बावजूद वाहन संचालकों और परिवहन विभाग के अफसरों और एजेंसियों के बीच तालमेल न होने के कारण हर साल होने वाले पैनिक बटन रिन्यूअल में एक महीने से ज्यादा की वेटिंग चल रही है। ऐसे वाहनों पर कार्रवाई को लेकर भोपाल आरटीओ की ओर से विगत दिनों चेकिंग अभियान चलाया गया था। लेकिन अभी कुछ समय से आरटीओ की चेकिंग अभियान बंद है। आरटीओ जितेंद्र शर्मा ने कहा कि पैनिक बटन हर बस में अनिवार्य है, अगर कोई नियम का उल्लंघन करता नजर आया तो उसके खिलाफ तुरंत एक्शन लिया जाता है। कुछ समय पहले ऐसी सैकड़ों बसों पर कार्रवाई की गई थी। जिनमें पैनिक बटन या अन्य जरूरी दस्तावेज या उपकरण नहीं पाए गए थे।

**भोपाल-जबलपुर रूट की बसों में नहीं हो रहा पालन,भोपाल आरटीओ की ओर से कुछ दिन चलाया था चेकिंग**



### महिला यात्रियों ने कहा पैनिक बटन होना जरूरी

यात्री अनिता खरे ने बताया कि मैं अक्सर अकेले सफर करती हूं। मुझे आज तक नहीं पता था कि बसों में पैनिक बटन भी होता है। आज पहली बार देखा है। लगता है यह बहुत जरूरी है और हर बस में होना चाहिए। सुनीता शर्मा ने कहा कि सिंगल वुमन के लिए पैनिक बटन बहुत जरूरी है। यह हर बस में होना चाहिए, इससे सुरक्षा का भरोसा मिलता है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि इससे महिलाएं सुरक्षित सफर तय कर सकेंगी।

### महाशिवरात्रिः दर्शन के लिए श्रद्धालुओं को 1.5 किमी पैदल चलना होगा

**भोपाल।** महाशिवरात्रि महापर्व (15 फरवरी) पर सामान्य श्रद्धालुओं को लगभग डेढ़ किलोमीटर और 250 रुपए की शीघ्र दर्शन रसीद या पासधारी श्रद्धालुओं को करीब एक किलोमीटर पैदल चलने के बाद भगवान महाकाल के दर्शन होंगे। भक्तों को सुलभ और सुरक्षित दर्शन उपलब्ध कराने मंदिर परिसर में अहम बैठक आयोजित की गईं। जिसमें कई निर्णय लिए गए। बैठक में कलेक्टर एवं मंदिर प्रशासक रौशन सिंह, प्रथम कौशिक, डीआईजी नवनीत भसीन, एसपी प्रदीप शर्मा, निगम आयुक्त अभिलाष मिश्र, सहायक प्रशासक आशीष फलवाडीया सहित मंदिर समिति के अधिकारी मौजूद रहे।

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं रजिस्ट्रार पब्लिक ट्रस्ट गौहरगंज जिला रायसेन म.प्र.**

क्रमांक/ / रीडर/2026
गौहरगंज, दिनांक 04/02/2026

ट्रस्ट के पंजीयन का प्रकासन मध्यप्रदेश के राजपत्र भाग-3(1) में कराने के लिए आवेदक श्री गुलाब सिंह परमार निवासी ग्राम आशापुरी तहसील गौहरगंज द्वारा "श्री रामजानकी मंदिर आशापुरी" के नाम से न्यास पंजीयन हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उपरोक्त ट्रस्ट की विज्ञप्ति का प्रकाशन मध्यप्रदेश के राजपत्र भाग-3 (1) में कराये जाने हेतु विज्ञप्ति निर्धारित प्रपत्र में जारी कर पत्र के सलग्न भेजी जाकर निवेदन है कि विज्ञप्ति का प्रकाशन मध्यप्रदेश के राजपत्र भाग-3(1) कराये जाने का कष्ट करें।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.) गौहरगंज जिला-रायसेन म.प्र.**

**आयुक्त, कार्यालय जनजातीय कार्य विभाग, भोपाल (म.प्र.)**

ई-मेलः cmrise.mp.gov.in बेबसाईटः www.tribal.mp.gov.in

**निविदा आमंत्रण सूचना**

क्रमांक/सांदीपनि/2025-26/2387 भोपाल, दिनांक 03/02/2026

जनजातीय कार्य विभाग अंतर्गत संचालित सांदीपनि विद्यालयों में विभिन्न प्रकार की फर्नीचर सामग्री की क्रय एवं स्थापन कार्य हेतु स्थापित अनुभवी एवं पंजीकृत OEM कंपनी/फर्म से निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्य का विवरण निम्नानुसार है :-

| कार्य का नाम | EMD (राशि रू.करोड़ में) | टेंडर डॉक्यूमेंट की राशि रू.में |
|---|---|---|
| जनजातीय कार्य विभाग अंतर्गत संचालित सांदीपनि विद्यालयों में विभिन्न प्रकार की फर्नीचर सामग्री की क्रय एवं स्थापन कार्य। | 1.11/- (एक करोड़ ग्यारह लाख रूपए मात्र ) | 20,000/- (बीस हजार रूपए मात्र) |

1. इच्छुक OEM फर्म/ कम्पनी MP Tenders के पोर्टल पर विवरण देख सकते हैं।
2. NIT (निविदा आमंत्रण सूचना) में किसी प्रकार के परिवर्तन सूचना केवल www.mptenders.gov.in पर प्रकाशित की जाएगी।
3. निविदा प्रपत्र की उपलब्धता का विस्तृत विवरण : www.mptenders.gov.in मे देखा जा सकता है।
4. प्रस्ताव जमा करने की प्रक्रिया केवल उपरोक्त पोर्टल पर ऑनलाइन माध्यम से की जाएगी।
5. संशोधन/परिशिष्ट/स्पष्टीकरण / शुद्धि पत्र केवल www.mptenders.gov.in पर प्रकाशित किए जाएंगे।
6. आयुक्त, जनजातीय कार्य विभाग को बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी निविदाओं को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है।

जी - 25305/25 स्वच्छता ही सेवा

**आयुक्त जनजातीय कार्य भोपाल म.प्र.**

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, संभाग विदिशा (म.प्र.)**

निविदा सूचना क्रमांक 124 से 135 / 2025-26 **निविदा सूचना** विदिशा, दिनांक 30.01.2026

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर कमांक | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | कार्य की अनु. राशि रू.लाख में | ई.एम.डी. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2026_PWDRB _479151_1 | विदिशा | मार्ग निर्माण कार्य | बांसखेड़ा अस्पताल से चौपना मार्ग निर्माण कार्य लंबाई 3.10 किमी. | प्रथम | 272.58 | 272580.00 |
| 2 | 2026_PWDRB _479157_1 | विदिशा | मार्ग निर्माण कार्य | बरेण्डा से मोईया नाला सिरोंज लटेरी मार्ग बाया जहारपुर जलालपुर मार्ग लंबाई 4.60 किमी. में माग निर्माण कार्य | प्रथम | 395.83 | 395830.00 |
| 3 | 2026_PWDRB _479196_1 | विदिशा | मार्ग निर्माण कार्य | महामाई मंदिर वीरपुर में दो पहिया एवं चार पहिया सी.सी. वाहन पार्किंग (21000 वर्ग मीटर) निर्माण कार्य। | प्रथम | 233.05 | 233050.00 |
| 4 | 2026_PWDRB _479206_1 | विदिशा | मार्ग निर्माण कार्य | महौटी से कालादेव बाया नारायणखेड़ा मार्ग निर्माण कार्य लंबाई 3.60 किमी. | प्रथम | 372.37 | 372370.00 |
| 5 | 2026_PWDRB _479210_1 | विदिशा | मार्ग निर्माण कार्य | महुआ खेड़ा से रूसल्ली मार्ग निर्माण कार्य लंबाई 3. 40 किमी.। | प्रथम | 433.41 | 433410.00 |
| 6 | 2026_PWDRB _479222_1 | विदिशा | भवन निर्माण कार्य | न्यू बस स्टेण्ड से बासौदा भोपाल बायपास मार्ग निर्माण कार्य | प्रथम | 231.56 | 231560.00 |
| 7 | 2026_PWDRB _479235_1 | विदिशा | MTMC कार्य | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्रमांक - 1 विदिशा एम.टी.एम.सी. कार्य (जूडिसियल डिपार्टमेंट) अंतर्गत एस.आर., ए.आर., एम.ओ. डब्ल्यू एवं डिपॉजिट कार्य। | द्वितीय | 105.00 | 105000.00 |
| 8 | 2026_PWDRB _479248_1 | विदिशा | STMC कार्य | करारिया शमशाबाद रोड लंबाई 34.00 किमी., कुरवाई भौरासा कोसिंग से रूसिया सडेरा कमखेड़ी पीकलोन अरनोट किरवाया बरखेड़ा मार्ग लंबाई 5. 00 किमी., पौआनाला से चटुआ मार्ग लंबाई 7.00 द्वितीय किमी. कुल लंबाई 46.00 किमी. में (अंतर्गत) मार्ग मरम्मत कार्य। | द्वितीय | 225.75 | 225750.00 |
| 9 | 2026_PWDRB _479254_1 | विदिशा | मार्ग निर्माण कार्य | ग्राम पंचायत थानेर से गुफा मंदिर मार्ग से लौधाखेड़ी बाया पीपल खेड़ा केनाल मार्ग लंबाई 2.70 द्वितीय किमी. में निर्माण कार्य। | द्वितीय | 259.65 | 259650.00 |
| 10 | 2026_PWDRB _479322_1 | विदिशा | विशेष मजबूती करण कार्य | बेसनगर निमखिरिया छिरखेड़ा मार्ग लंबाई 3.50 किमी. में विशेष मजबूतीकरण कार्य। | प्रथम | 94.53 | 94530.00 |
| 11 | 2026_PWDRB _479333_1 | विदिशा | विशेष मजबूती करण कार्य | ईमलावदा चिरावटा सिरसावली मार्ग लंबाई 8.00 कार्य किमी. में विशेष मजबूतीकरण कार्य। | प्रथम | 214.74 | 214740.00 |
| 12 | 2026_PWDRB _479352_1 | विदिशा | विशेष मजबूती करण कार्य | शमशाबाद मार्ग से कोटरा नामाखेड़ी कोठीचारकला सूखासेमरा मार्ग ( करैया शमशाबाद मार्ग से कोठीचार सेमरा ) लंबाई 7.00 किमी. में विशेष मजबूतीकरण कार्य। | प्रथम | 169.40 | 169400.00 |
| | | | | योग | | 3007.87 | |

उपरोक्त वेबसाइट आनॅलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 17.02.2026 (17.30) बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में हाने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नही किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री
G-25317/25 लोक निर्माण विभाग संभाग विदिशा

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री नया वि. / यां. संभाग राजधानी परियोजना प्रशासन, भोपाल ई-5 अरेरा कालोनी भोपाल फोन- 07552463613**

क्रमांक 78 से 98/व.ले.लि./25-26 निविदा आमंत्रण सूचना दिनांक 16/01/2026

निम्न लिखित कार्यों हेतु निविदाएं, मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग में उचित श्रेणी में पंजीकृत विद्युत ठेकेदारों (ठेकेदारों की श्रेणी कॉलम में उद्धृत अनुसार) से आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण http://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | एन.आई.टी. क्र. | सिस्टम टेन्डर नं. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | ठेकेदारो की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 78/25-26 ब.ले.लि. दि. 16.01.2026 | 2026_सी.पी.ए. 478339 | विन्ध्याचल भवन में आंतरिक विधुत का वार्षिक संचालन का कार्य। | रू.771834,00 | रू. 15437.00 | रू. 2000.00 | "केन्द्रीयकृत एकल पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत निविदाकार 'अ' श्रेणी विद्युत लाईसेंस धारक। |
| 2 | 79/25-26 व.ले.लि. दि. 16.01.2026 | 2026_सी.पी.ए. 478340 | माता मंदिर स्थित 96 क्वार्टर के ब्लॉक नं 03/एच मे न्यू एक्स.एल.पी.ई. सर्विस केबल का बदलने का कार्य। | रू.456967.00 | रु. 9139.00 | रू. 2000.00 | - तदैव- |
| 3 | 80/25-26 व.ले.लि. दि. 16.01.2026 | 2026_सी.पी.ए. 478341 | मुख्य निर्वाचन भवन में विद्युतीकरण का कार्य। | रू.1997347.00 | रू. 39947.00 | रू. 2000.00 | - तदैव- |
| 4 | 81/25-26 व.ले.लि. दि. 16.01.2026 | 2026_सी.पी.ए. 478342 | विन्ध्याचल भवन में स्थित एन. के.एन. डाटा सेन्टर स्थित स्पीलिट एवं कैसेट टाइप ए.सी. का वार्षिक संधारण कार्य। | रू.78231.00 | रू. 4000.00 | रू. 1000.00 | - तदैव- |
| 5 | 82/25-26 व.ले.लि. दि. 16.01.2026 | 2026_सी.पी.ए. 478343 | मुख्य निर्वाचन भवन के समस्त ए.सी. का वार्षिक संधारण का कार्य। | रू.332322.00 | रू. 6646,00 | रू. 2000.00 | - तदैव- |
| 6 | 83/25-26 व.ले.लि. दि. 16.01.2026 | 2026_सी.पी.ए. 478344 | विन्ध्याचल भवन, सी.ई.ओ. भवन, राज्य निर्वाचन आयोग एवं आवासीय क्वॉटर इत्यादि में स्थापित सिलिंग फेन, एग्जॉस्ट फेन का रिपेयरिंग एवं रिवाइडिंग कार्य। | रू.702425.00 | रू. 14049.00 | रू. 2000.00 | - तदैव- |
| 7 | 84/25-26 व.ले.लि. दि. 16.01.2026 | 2026_सी.पी.ए. 478345 | बल्लभ भवन-2 में यू.पी.एस. का प्रदाय कार्य। | रू.390017.00 | रू. 7800.00 | रू. 2000.00 | - तदैव- |
| 8 | 85/25-26 व.ले.लि. दि. 16.01.2026 | 2026_सी.पी.ए. 478346 | शौर्य स्मारक के 33 के.वी. सब स्टेशन, डिस्ट्रीब्यूशन पैनल फीडर स्तंभ एवं डी.जी. सेट का वार्षिक संचारण एवं संचालन कार्य। | रू.1627152.00 | रू. 32543.00 | रू. 2000.00 | - तदैव- |
| 9 | 86/25-26 व.ले.लि. दि. 16.01.2026 | 2026_सी.पी.ए. 478347 | शौर्य स्मारक में स्थापित साउण्ड रिइनफीशमेन्ट विडियो वाल इत्यादि का संधारण कार्य। | रू.1044029.00 | रु. 20881.00 | रू. 2000.00 | - तदैव- |
| 10 | 87/25-26 व.ले.लि. दि. 16.01.2026 | 2026_सी.पी.ए. 478348 | निर्वाचन भवन में निर्वाचन सदन में 33 लाईन न्यू कवर्ड एच.टी. कंडक्टर का प्रदाय एवं स्थापना का कार्य। | रू.374681.00 | रू. 7494.00 | रू. 2000.00 | - तदैव- |
| 11 | 88/25-26 व.ले.लि. दि. 16.01.2026 | 2026_सी.पी.ए. 478349 | बल्लभ भवन-2 में विधुतीकरण का कार्य। | रू.1958713.00 | रू. 39174.00 | रू. 2000.00 | - तदैव- |
| 12 | 89/25-26 व.ले.लि. दि. 16.01.2026 | 2026_सी.पी.ए. 478350 | राज्य निर्वाचन भवन में 01 नग पैसिंजर एलीवेटर का वार्षिक संचालन का कार्य। | रू.230842.00 | रू. 4617.00 | रू. 2000.00 | - तदैव- |
| 13 | 90/25-26 ब.ले.लि. दि.16.01.2026 | 2026_सी.पी.ए. 478351 | विन्ध्याचल भवन में स्थित Thyssen मेक 02 नग लिफ्टो का वार्षिक रख रखाव कार्य। | रू.461286.00 | रू. 9226.00 | रू. 2000.00 | निमार्ता एवं उनके अधिकृत विक्रेता / सेवा प्रदाय कर्ता |
| 14 | 91/25-26 व.ले.लि. दि. 16.01.2026 | 2026_सी.पी.ए. 478352 | राज्य सूचना आयोग में स्थापित 0.433 के.वी. /315 के.वी.ए. ट्रांसफार्मर स्व स्टेशन डिस्ट्रीब्यूशन पेनल का वार्षिक संधारण एवं संचालन कार्य। | रू.453542.00 | रू. 9071.00 | रू. 2000.00 | 'केन्द्रीयकृत एकल पंजीयन प्रणाली' में पंजीकृत निविदाकार "अ" श्रेणी विद्युत लाईसेंस धारक। |
| 15 | 92/25-26 ब.ले.लि. दि. 16.01.2026 | 2026_सी.पी.ए. 478354 | मुख्य निर्वाचन भवन में स्थापित ई.पी.बी.एक्स.. लेन नेटवर्किंग, साउण्ड सिस्टम कॉन्फेसिंग सिस्टम यू.पी.एस. इंटरएक्टिव एल.ई.डी. फायर सिस्टम का संचालन एवं संधारण कार्य। | रू.415715.00 | रू. 8314.00 | रू. 2000.00 | -तदेव- |
| 16 | 93/25-26 व.ले.लि. दि. 16.01.2026 | 2026_सी.पी.ए. 478355 | मुख्य निर्वाचन भवन में स्थापित 33 के.वी/0 33/0.433 के.वी. स्व स्टेशन डिस्ट्रीब्यूशन पेनल का वार्षिक संधारण कार्य। | रू.440685.00 | रू. 8814.00 | रू. 2000.00 | तदेव- |
| 17 | 94/25-26 व.ले.लि. दि.16.01.2026 | 2026_सी.पी.ए. 478356 | वल्लभ भाई पार्क में स्थापित हाई मास्ट पर राष्ट्रीय झंडा फाहराये जाने का वार्षिक संचालन कार्य। | रू.1042776.00 | रू. 20856.00 | रू. 2000.00 | -तदैव- |
| 18 | 95/25-26 ब.ले.लि. दि. 16.01.2026 | 2026_सी.पी.ए. 478357 | शौर्य स्मारक में विधुतीकरण का कार्य। (जोनल) | रू.1998871.00 | रू. 39977.00 | रू. 2000.00 | - तदैव- |
| 19 | 96/25-26 व.ले.लि. दि. 16.01.2026 | 2026_सी.पी.ए. 478358 | बल्लभ भवन-1 में विद्युतीकरण का कार्य। | रू.1997955.00 | रू. 39959.00 | रू. 2000.00 | तदैव- |
| 20 | 97/25-26 व.ले.लि. दि. 16.01.2026 | 2026_सी.पी.ए. 478359 | बल्लभ भवन-2 के सी-505 कॉन्फ्रेंस रूम मे सी.एम. एवं सी.एस का ऑडियो सिस्टम एवं आई.पी. फोन लाईसेंस के साथ प्रदाय एवं स्थापना का कार्य। | रू.8892828.00 | रू. 88928.00 | रू. 10000.00 | निमार्ता एवं उनके अधिकृत विक्रेता / सेवा प्रदाय कर्ता |
| 21 | 98/25-26 व.ले.लि. दि. 16.01.2026 | 2026_सी.पी.ए. 478360 | माता मंदिर स्थित 36 एफ टाइप दळफ में स्थापित Escon मेक 02 नं. लिफ्ट का वार्षिक संधारण कार्य। | रू.1997955.00 | रू. 39959.00 | रू. 2000.00 | तदैव- |

(1) उपरोक्त वेबसाईट से ऑनलाईन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (tender documents) वेबसाईट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। (2) निविदा प्रपत्र कय करने की अंतिम तिथि 03.02.2025 सांय 5.30 बजे से 13.02.2026 सांय 5.30 बजे निर्धारित है। (3) विस्तृत एन.आई.टी एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट में देखी जा सकता है।

(मीनाक्षी सिंह बघेल) कार्यपालन यंत्री,
जी-25339/25 स्वच्छता ही सेवा नया वि/यॉ संभाग, राजधानी परियोजना प्रशासन भोपाल मोब. क्र. 7869966403

## लगातार छठी बार फाइनल में, आरोन जॉर्ज चमके

# भारत के नाम अंडर-19 विश्व कप का सबसे बड़ा रन चेज

एजेंसी ▶▶| हरारे

आरोन जॉर्ज की शतकीय पारी की मदद से भारत ने अफगानिस्तान को सात विकेट से हराकर अंडर-19 विश्व कप के फाइनल में प्रवेश कर लिया है।

अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में चार विकेट पर 310 रन बनाए। जवाब में भारत के लिए आरोन ने शतक लगाया, जबकि वैभव सूर्यवंशी और कप्तान आयुष म्हात्रे ने अर्धशतक लगाए जिससे टीम ने 41.1 ओवर में तीन विकेट पर 311 रन बनाकर मैच अपने नाम किया।



### भारत ने तोड़ा 20 साल पुराना रिकॉर्ड

भारत ने इस तरह अंडर-19 विश्व कप का सबसे बड़ा रन चेज बनाया। इससे पहले ये रिकॉर्ड न्यूजीलैंड के नाम था जिन्होंने 2006 में आयरलैंड के खिलाफ 305 रनों का लक्ष्य हासिल किया था। भारत ने इस तरह 20 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा और शान से खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया। दिलचस्प बात यह है कि भारत अंडर-19 विश्व कप के 16 सत्र में से 10 बार खिताबी मुकाबले में पहुंच चुका है जो सर्वाधिक है। भारत ने लगातार छठी बार फाइनल में जगह बनाई। टीम 2016, 2018, 2020, 2022, 2024 और 2026 में खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया। भारत ने रिकॉर्ड पांच बार इस टूर्नामेंट को जीता है और अब उसके पास छठी ट्रॉफी जीतने का मौका है। भारत का फाइनल में सामना इंग्लैंड से शुक्रवार को होगा। इंग्लैंड ने एक अन्य सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हराया था।



### वैभव-आरोन ने दिलाई मजबूत शुरुआत

लक्ष्य का पीछा करते हुए वैभव और आरोन ने भारत को मजबूत शुरुआत दिलाई। इस दौरान वैभव अपनी पुरानी फॉर्म में नजर आए। वैभव के आउट होने के बाद आरोन और कप्तान म्हात्रे ने पारी आगे बढ़ाई। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट के लिए 114 रनों की साझेदारी हुई। म्हात्रे भले ही आउट हो गए, लेकिन आरोन ने बल्लेबाजी जारी रखी और शतक लगाया। वह हालांकि, टीम को जीत दिलाने से पहले ही आउट हो गए। इसके बाद विहान मल्होत्रा और वेदांत त्रिवेदी ने जीत की औपचारिकता को पूरा किया।

### आरोन जॉर्ज ने जड़ा शतक

भारत के लिए आरोन जॉर्ज ने 104 गेंदों पर 15 चौकों और दो छक्कों की मदद से 115 रन बनाए। वहीं, वैभव ने 33 गेंदों पर नौ चौकों और चार छक्कों की मदद से 68 रन, जबकि म्हात्रे ने 59 गेंदों पर पांच चौकों और चार छक्कों के सहारे 62 रन की पारी खेली। विहान मल्होत्रा 47 गेंदों पर तीन चौकों की मदद से नाबाद 38 और वेदांत छह गेंदों पर पांच रन बनाकर नाबाद रहे। अफगानिस्तान के लिए नूरिस्तानी ओमरजई ने दो विकेट झटके, जबकि वाहिदुल्लाह जादरान को एक विकेट मिला।

## खबर संक्षेप



### रोहित-कोहली को खेलना जारी रखना चाहिए : धोनी

**नई दिल्ली।** पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने सीनियर बल्लेबाज विराट कोहली और रोहित शर्मा का समर्थन करते हुए कहा है कि उन्हें कोई यह न बताए कि वे खेलना जारी रख सकते हैं या नहीं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि भारतीय टीम घरेलू धरती पर होने वाले टी20 विश्व कप में खतरनाक साबित होगी। धोनी ने खेल प्रसारक जतिन सप्रू के साथ एक साक्षात्कार में भारतीय क्रिकेट पर अपने विचार व्यक्त किए। बातचीत के दौरान जब रोहित (38 वर्ष) और कोहली (37 वर्ष) के 2027 वनडे विश्व कप खेलने की संभावना को लेकर बात हुई तो धोनी ने पहले चुटकी लेते हुए कहा, 'माफ़ कीजिए, सवाल क्या है।' लेकिन धोनी ने तुरंत ही गंभीर लहजा अपनाते हुए पूछा, 'क्यों नहीं। किसी को विश्व कप क्यों नहीं खेलना चाहिए। मेरे लिए उम्र कोई मापदंड नहीं है। मेरे लिए प्रदर्शन और फिटनेस ही मापदंड हैं। मेरा मानना है कि किसी को कुछ भी बताने की जरूरत नहीं है। लेकिन यह स्पष्ट होना चाहिए कि सबके साथ एक जैसा व्यवहार किया जाएगा।' उन्होंने कहा, ''जब मैंने पदार्पण किया तब मैं 24 साल का था।

## ईशान ने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मुकाबलों में खेली 76, 28 और 103 रन की पारी

# टी20 रैंकिंग में नंबर-1 पर टीम इंडिया ईशान ने लगाई 32 पायदान की छलांग

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन ने आईसीसी मेंस टी20 रैंकिंग में 32 पायदान की जबरदस्त छलांग लगाई है। वह 64वें स्थान से 32 पायदान की छलांग लगाकर सीधे 32वें स्थान पर पहुंच गए हैं। जबकि पाकिस्तान के सैम अयूब ऑलराउंडर की सूची में शीर्ष स्थान पर पहुंच गए हैं। वहीं टीम रैंकिंग की बात करें तो टीम इंडिया टी20 रैंकिंग में नंबर-1 पर बनी हुई है।

ईशान किशन को न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज के साथ लंबे वक्त बाद भारतीय टीम में स्थान मिला। उन्होंने सीरीज के तीन मुकाबलों में 76, 28 और 103 रन की पारी खेली। कुल 207 रन बनाने के साथ ईशान ने अपने टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर का पहला शतक भी लगाया। इस शानदार बल्लेबाजी के साथ ईशान टी20 वर्ल्ड कप 2026 की शुरुआत से ठीक पहले 32वें स्थान पर पहुंच गए।



### सूर्यकुमार ने फरहान को पछाड़ा, पहुंचे छठे स्थान पर

बल्लेबाजों की सूची में भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव भी पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान को पछाड़कर छठे स्थान पर आ गए हैं। वहीं, ओपनर अभिषेक शर्मा टॉप पर अपना दबदबा बनाए हुए हैं। इस बीच, पाकिस्तान के ओपनर सैम अयूब ने हाल ही में खत्म हुई ऑस्ट्रेलिया सीरीज में शानदार प्रदर्शन के बाद टी20 फॉर्मेट की ऑलराउंडर रैंकिंग में टॉप स्थान हासिल किया है। 23 वर्षीय अयूब ने ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध सीरीज में 119 रन बनाने के साथ 3 विकेट भी हासिल किए। उन्होंने इस शानदार खेल के साथ जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा को पछाड़कर शीर्ष स्थान पर कब्जा जमा लिया है।

### सेंटनर चढ़े आठ स्थान ऊपर

*पाकिस्तान के ऑलराउंडर, मोहम्मद नवाज, जिन्होंने सीरीज में 5 विकेट लिए, गेंदबाजों की रैंकिंग में आठ स्थान ऊपर चढ़कर सातवें स्थान पर पहुंच गए। इंग्लैंड के लेग-स्पिनर आदिल राशिद दो स्थान ऊपर चढ़कर चौथे पायदान पर आ गए हैं। कीवी कप्तान मिचेल सेंटनर आठ स्थान ऊपर चढ़कर रैंकिंग में 23वें स्थान पर पहुंच गए। टॉप 10 बल्लेबाजों की सूची में भी अन्य बदलाव हुए। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान जोस बटलर तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि श्रीलंकाई ओपनर पथुम निसांका ने पांचवां स्थान हासिल कर लिया है। न्यूजीलैंड के टिम सीफर्ट नौवें स्थान और साउथ अफ्रीका के ओपनर रयान रिकलेटन 42 पायदान ऊपर चढ़कर 40वें स्थान पर पहुंच गए हैं।*

### गेंदबाजों में अबरार दूसरे स्थान पर

*गेंदबाजों की रैंकिंग में पाकिस्तान के मुख्य स्पिनर, अबरार अहमद महत्वपूर्ण बढ़त हासिल करते हुए दूसरे स्थान पर पहुंच गए। यह दाएं हाथ का गेंदबाज शीर्ष पायदान पर मौजूद वरुण चक्रवर्ती से सिर्फ 28 अंक पीछे है।*

### टॉप-10 में भारत के तीन खिलाड़ी

*टी20 रैंकिंग की बात करें तो वर्ल्ड कप से ठीक पहले भारत के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा 917 अंकों के साथ नंबर-1 पायदान पर काबिज हैं। दूसरे स्थान पर इंग्लैंड के फिल साल्ट 834 अंकों के साथ मौजूद हैं। इसके अलावा टॉप-10 में भारत के दो और बल्लेबाज शामिल हैं। तिलक वर्मा एक स्थान ऊपर चढ़कर चौथे नंबर पर पहुंच गए हैं, जबकि भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव छठे स्थान पर बने हुए हैं। वहीं टीम रैंकिंग की बात करें तो टीम इंडिया टी20 रैंकिंग में नंबर-1 पर बनी हुई है और लगातार दूसरी बार टी20 वर्ल्ड कप का खिताब अपने नाम करने के इरादे से मैदान में उतरेगी।*

## बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप

# टीम इंडिया की शानदार शुरुआत, म्यांमार को हराया



एजेंसी ▶▶| किंगदाओ

मौजूदा चैंपियन भारतीय महिला टीम ने ग्रुप वाई के अपने पहले मुकाबले में म्यांमार को 5-0 से हराकर बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। तन्वी शर्मा ने सबसे पहले कोर्ट में उतरकर थेट हटर थुजार को केवल 32 मिनट में 21-13 21-16 से हराया। इसके बाद रक्षिता श्री संतोष रामराज ने दूसरे एकल में ऐंट चिट फू को 21-12 21-6 से हराकर भारत को 2-0 से बढ़त दिला दी।

### मालविका ने की जीत सुनिश्चित

मालविका बंसोड ने तीसरे एकल मुकाबले में लिन लिन हेट को 21-19 21-12 से हराकर भारत की जीत सुनिश्चित की। भारत ने इसके बाद युगल मुकाबलों में भी दबदबा बरकरार रखा और दोनों मैच सीधे गेम में जीते। प्रिया कोंजेंगबम और श्रुति मिश्रा की जोड़ी ने सु लैट और थेट हटर थुजार को 21-15 21-16 से हराया। इसके बाद त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद को हेट और फू की जोड़ी को 21-8 21-6 से हराने में कोई खास मशक्कत नहीं करनी पड़ी। भारत गुरुवार को अपने दूसरे ग्रुप मैच में पिछली बार के उपविजेता थाईलैंड से भिड़ेगा।

### 14 फरवरी को आइजोल अंतरराष्ट्रीय हाफ मैराथन



**आइजोल।** दूसरी आइजोल अंतरराष्ट्रीय हाफ मैराथन (एआईएचएम) 14 फरवरी को आयोजित की जाएगी। मिजोरम के खेल मंत्री लालनघिंगलोवा हमार ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस वर्ष हाफ मैराथन में देश भर के प्रमुख खिलाड़ी भाग लेंगे। इस दौड़ की शुरुआत राजीव गांधी स्टेडियम से होगी और इसका समापन भी वहीं पर होगा। पहली आइजोल अंतरराष्ट्रीय हाफ मैराथन का आयोजन पिछले साल अप्रैल में किया गया था, जिसमें देश भर से 1,500 प्रतिभागियों ने भाग लिया था। हमार ने कहा, 'आइजोल के पास सैरांग तक रेलवे नेटवर्क के विस्तार के बाद हम देश भर से एथलीटों और दर्शकों की रिकॉर्ड तोड़ भागीदारी की उम्मीद कर रहे हैं।'

# भारतीय मुक्केबाजों की दमदार शुरुआत हितेश गुलिया और प्रीति ने जीते मुकाबले

एजेंसी ▶▶| लानुसिया

हितेश गुलिया (70 किग्रा) और प्रीति (54 किग्रा) की शानदार जीत की बदौलत भारत ने बॉक्सम एलीट इंटरनेशनल 2026 मुक्केबाजी टूर्नामेंट में अपने अभियान की जोरदार शुरुआत की। इस टूर्नामेंट में 21 देशों के 214 मुक्केबाज भाग ले रहे हैं। हितेश ने 70 किग्रा भार वर्ग के एलीट पुरुष वर्ग में अपना दबदबा कायम रखते हुए नीदरलैंड के फिन बोस को 5-0 के अंतर से हराया।

इससे पहले प्रीति ने महिलाओं के एलीट 54 किग्रा में कजाकिस्तान की अलियास्कर सिम्बैट पर 5-0 से शानदार जीत दर्ज की थी। भारत की अन्य महिला खिलाड़ियों में प्राची (57 किग्रा), प्रिया (60 किग्रा) और काजल (65 किग्रा) ने भी बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अगले दौर में जगह बनाई। प्राची और प्रिया ने क्रमशः स्पेन की वनेसा मोरेल रामिरेज़ और कनाडा की एलेशिया मानसुएटो पर 5-0 की एक समान जीत दर्ज की, जबकि काजल ने कजाकिस्तान के असीम तनातार को 4-1 से हराया।



### सचिन ने स्पेन के ब्रैंडन एलेजांद्रो को 5-0 से दी मात

*पुरुषों के वर्ग में भारत के सचिन (60 किग्रा) ने स्पेन के ब्रैंडन एलेजांद्रो को 5-0 से जबकि मोहम्मद हुसामुद्दीन (60 किग्रा) ने डेनमार्क के मटियास मेहमत बुयुक्देमिर को 4-1 से हराया। अभिनाश जमवाल (65 किग्रा) ने डेनमार्क के क़ालिद उस्मान पर 5-0 की शानदार जीत के साथ प्रभावित किया। दीपक (70 किग्रा) ने बेल्जियम के हॉर्नेल आयतेवी को 4-1 से हराया। आकाश (75 किग्रा) और अंकुश (80 किग्रा) ने भी 4-1 से जीत हासिल करके अगले दौर में प्रवेश किया, लेकिन आदित्य प्रताप यादव (65 किग्रा) इंग्लैंड के जो टर्नर से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए।*

### भारत ने भूटान को हराया, फाइनल में प्रवेश


**पोखरा।** भारत की अंडर-17 महिला टीम ने सैफ अंडर-19 महिला चैंपियनशिप के अपने अंतिम राउंड-रॉबिन मैच में भूटान को 8-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया, जिसमें उसका सामना बांग्लादेश से होगा। भारत के लिए पर्ल फर्नांडिस (16, 39, 41वें मिनट) ने पहले हाफ में हैट्रिक लगाई जबकि प्रीतिका बर्मन (25, 90वें मिनट) ने भारत के लिए दोनों हाफ में एक-एक गोल किया। अलीशा लिंगदोह (छठे), अभिस्ता बसनेट (10वें), और दिव्यानी लिंडा (17वें) ने एक-एक गोल किया। वहीं बांग्लादेश ने दिन के दूसरे मैच में मेजबान नेपाल को 4-0 से हराया। भारत तालिका में तीन मैच में छह अंक के साथ बांग्लादेश से तीन अंक पीछे दूसरे स्थान पर रहा। मेजबान टीम तीन अंक के साथ तीसरे स्थान पर रही जबकि भूटान बिना किसी अंक के सबसे नीचे रहा। तालिका में शीर्ष दो टीम भारत और बांग्लादेश अब शनिवार को फाइनल में आमने-सामने होंगी।

# टी20: इंग्लैंड ने श्रीलंका को हराया सीरीज की 3-0 से क्लीन स्वीप

एजेंसी ▶▶| पल्लीकल

इंग्लैंड ने तीसरे और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में श्रीलंका को 12 रन से हराकर श्रृंखला में 3-0 से क्लीन स्वीप किया और इस तरह से 7 फरवरी से शुरू होने वाले टी20 विश्व कप के लिए अपनी शानदार तैयारियों का पुख्ता सबूत पेश किया।

इंग्लैंड ने इस कम स्कोर वाले मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट पर 128 रन बनाए। श्रीलंका की टीम इसके जवाब में 19.3 ओवर में 116 रन पर आउट हो गई। इंग्लैंड की जीत के नायक बाएं हाथ के स्पिनर जैकब बेथेल रहे, जिन्होंने 11 रन देकर 4 विकेट लिए। इससे पहले सैम कुरेन ने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 58 रन की पारी खेली जबकि जोस बटलर ने 25 रन का योगदान दिया। श्रीलंका की तरफ से तेज गेंदबाज दुशमंथा चमीरा ने भी श्रृंखला के अपने पहले मैच में करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 24 रन देकर 5 विकेट लिए।



### टीम के प्रदर्शन से निराश : शनाका

*श्रीलंका के कप्तान दासुन शनाका ने कहा, 'टीम के इस प्रदर्शन से मैं बहुत निराश हूं। हम 3-0 से हार गए। कप्तान होने के नाते मुझे विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए कुछ कमियों को दूर करना होगा। हम इसके लिए उत्सुक हैं और हम कुछ खास प्रदर्शन करने के लिए बेताब हैं।'*

### श्रृंखला में हमारा प्रदर्शन शानदार : ब्रूक

इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रूक ने कहा, 'इस श्रृंखला में हमारा प्रदर्शन शानदार रहा। ऐसी जीत का हिस्सा बनना बहुत अच्छा लगा। हमने दिखा दिया है कि हम अलग-अलग तरह की परिस्थितियों में अच्छा प्रदर्शन करने में सक्षम हैं। विश्व कप पास में है और उम्मीद है कि उसमें यहां के अनुभव का हमें फायदा मिलेगा।' श्रीलंका को 17 गेंदों में 17 रन चाहिए थे, लेकिन बेथेल ने 18वें ओवर में तीन विकेट लेकर निचले क्रम की बल्लेबाजी को ध्वस्त कर दिया। इसके बाद उन्होंने महेश थीक्षना को शॉर्ट थर्ड मैन पर कैच आउट कराकर श्रीलंका की पारी का अंत किया।

## विश्व चैंपियन सम्राट राणा को कांस्य पदक से करना पड़ा संतोष

# एशियाई चैंपियनशिप में भारत का दबदबा, जीते दो स्वर्ण

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ओलंपियन ईशा सिंह ने पिछले साल के अपने शानदार प्रदर्शन को जारी रखते हुए बुधवार को एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप (पिस्टल/राइफल) के पहले दिन महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता और भारत को टीम वर्ग में भी पीला तमगा दिलाने में मदद की, लेकिन विश्व चैंपियन सम्राट राणा को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।

इक्कीस वर्षीय ईशा ने फाइनल में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 239.8 अंक हासिल किए। उन्होंने चीनी ताइपे की दो निशानेबाजों चेंग येन चिंग (235.4, रजत) और यू ऐ वेन (217.7, कांस्य) के अलावा हमवतन सुरुचि सिंह की कड़ी चुनौती से पार पाकर सीनियर एशियाई चैम्पियनशिप में अपना दूसरा स्वर्ण पदक जीता।

### सम्राट नहीं कर पाए अपेक्षित प्रदर्शन

इससे पहले विश्व चैंपियन सम्राट पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल के फाइनल में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए और उन्हें कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। पिछले साल काहिरा में विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाले सम्राट ने क्वालीफाइंग राउंड में 581 का स्कोर बनाकर दूसरे स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाई और लग रहा था कि वह अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखने में सफल रहेंगे। लेकिन फाइनल में यह 21 वर्षीय खिलाड़ी 220.3 का स्कोर बनाकर उज्बेकिस्तान के व्लादिमीर स्वेचनिकोव (242.0) और कजाकिस्तान के वैलेरी रखिमजान (241.0) से पीछे तीसरे स्थान पर रहा। आठ निशानेबाजों के फाइनल में पहुंचने वाले दूसरे भारतीय खिलाड़ी श्रवण कुमार चौथे स्थान पर रहे।



*क्वालीफाइंग राउंड में सुरुचि दूसरे स्थान पर : क्वालीफाइंग राउंड में सुरुचि 576 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि मनु और ईशा दोनों का स्कोर 575 रहा। इन तीनों ने फाइनल में जगह बनाई। सुरुचि (576), मनु (575) और ईशा (575) की तिकड़ी ने कुल 1726 अंकों के साथ टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता, जो क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीतने वाले वियतनाम (1713) और चीनी ताइपे (1711) से काफी अधिक था।*

### ईशा ने 19 वर्ष की आयु में जीता था पहला खिताब

*ईशा ने निशानेबाज ने पिछले साल चीन के निंगबो में आईएसएसएफ विश्व कप में स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने 2024 में 19 वर्ष की आयु में जकार्ता में अपना पहला महाद्वीपीय खिताब जीता था। पहले 10 शॉट के चरण के बाद फाइनल में बढ़त बनाने वाली 19 वर्षीय सुरुचि एलिमिनेशन राउंड में पिछड़ गईं और चौथे स्थान पर रहीं, जबकि पेरिस ओलंपिक में दो कांस्य पदक जीतने और आठ निशानेबाजों के फाइनल में पहुंचने वाली तीसरी भारतीय मनु भाकर सातवें स्थान पर रहीं। ईशा ने संयम बनाए रखते हुए 10.4 और उससे अधिक के तीन स्कोर बनाकर स्वर्ण पदक के लिए अपना दावा मजबूत किया जबकि इस बीच चीनी ताइपे की दोनों निशानेबाज पिछड़ गईं।*

# विश्व कप टीम से नजरअंदाज स्टीव स्मिथ खेलेंगे पीएसएल

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

शानदार फॉर्म के बावजूद ऑस्ट्रेलिया की टी20 विश्व कप टीम से बाहर किए गए अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने राष्ट्रीय टीम में वापसी के लिए पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) में खेलने का फैसला किया है और इसके लिए उन्होंने नई फ्रेंचाइजी सियालकोट स्टैलियन्ज के साथ करार किया है।

एशेज में शानदार प्रदर्शन करने और सिडनी सिक्सर्स के साथ बिग बैश लीग (बीबीएल) में बेहतरीन सत्र के बावजूद स्मिथ को टी20 विश्व कप के लिए नजरअंदाज कर दिया गया, जो सात फरवरी से भारत और श्रीलंका में आयोजित किया जाएगा। स्मिथ 2028 में लॉस एंजिल्स में होने वाले ओलंपिक खेलों में भाग लेना चाहते हैं, जहां क्रिकेट की टी20 प्रारुप में वापसी होगी। इसलिए यह 36 वर्षीय खिलाड़ी टी20 प्रारुप की राष्ट्रीय टीम में वापसी करने के लिए बेताब है। रिपोर्ट के अनुसार स्मिथ पहले खिलाड़ी हैं, जिनके साथ सियालकोट स्टैलियन्ज ने अनुबंध किया है।








## 'दो दीवाने सहर में' का ट्रेलर आउट

**मुंबई।** मृणाल ठाकुर और सिद्धांत चतुर्वेदी की रोमांटिक-ड्रामा फिल्म 'दो दीवाने सहर में' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर में दो प्रेमियों की कहानी देखने को मिलती है। दोनों की पसंद अलग है, लेकिन फिर कैसे दोनों एक-दूसरे के प्यार में पड़ते हैं और अंत में उनकी प्रेम कहानी किस मोड़ पर पहुंचती है, ये फिल्म में देखने को मिलेगा। ट्रेलर की शुरुआत में मृणाल (रोशनी) और सिद्धांत (शशांक) के किरदार अपनी-अपनी आदतों और पसंद के बारे में बताते हैं। इसके बाद ट्रेलर में देखने को मिलता है कि दोनों की शादी की बात होती है, जहां शशांक के घरवाले रोशनी के घर रिश्ता लेकर जाते हैं। दोनों के पेरेंट्स दोनों को शादी करने के लिए कहते हैं और कैसे बात करना है ये बताते हैं। शशांक 'श' को 'स' कहता है, जिसके चलते उसे पर्सनल लाइफ से लेकर प्रोफेशनल लाइफ तक में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। शादी के लिए रोशनी शशांक को मना कर देती है। लेकिन बाद में दोनों एक-दूसरे के करीब आ जाते हैं और उनके बीच प्यार पलने लगता है।

लाइफ Style

# जैकलीन काशी में लिया चाट का मजा



अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज हाल ही में वाराणसी पहुंची थीं। उन्होंने अपनी इस आध्यात्मिक यात्रा के साथ शहर की गलियों में घूमकर स्थानीय स्वादिष्ट स्नैक्स का भी लुत्फ उठाया। अभिनेत्री ने वहां की खूबसूरत झलकियां इंस्टाग्राम पर शेयर कीं।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

तस्वीरों में जैकलीन पारंपरिक पिंक कलर के सूट में नजर आ रही हैं। कुछ तस्वीरों में वे मुस्कराते हुए पोज दे रही हैं, तो कुछ में काशी की खास वाइब्स को एंजॉय करती दिख रही हैं। एक तस्वीर में उन्होंने वाराणसी की मशहूर चाट की फोटो पोस्ट की है, जिससे साफ पता चलता है कि अभिनेत्री काफी फूडी हैं और अलग-अलग जगहों पर वहां के पारंपरिक खाने को ट्राई करने में दिलचस्पी रखती हैं। अभिनेत्री ने पोस्ट के साथ लिखा, "वाराणसी।" फैंस को जैकलीन का पोस्ट काफी पसंद आ रहा है। वे कमेंट सेक्शन पर तरह-तरह की प्रतिक्रिया दे रहे हैं। अभिनेत्री की बात करें तो उन्होंने अपने करियर की शुरुआत मॉडलिंग से की है। साल 2006 में उन्होंने 'श्रीलंका यूनिवर्स' का खिताब जीता था। इसके बाद 2009 में फिल्म 'अलादीन' से बॉलीवुड में कदम रखने वाली जैकलीन को शुरुआती संघर्ष के बाद 2011 में फिल्म 'मर्डर 2' से बड़ी पहचान मिली।

ऑस्ट्रेलिया से मास मीडिया में स्नातक करने वाली जैकलीन आज बॉलीवुड की टॉप अभिनेत्रियों में शुमार हैं, हालांकि हाल के वर्षों में वह ठग सुकेश चंद्रशेखर मामले को लेकर भी विवादों में रही हैं।

हॉलीवुड मसाला



## चैपल का रेड कार्पेट लुक बना टॉक ऑफ द टाउन

लॉस एंजेलिस। ग्रैमी अवॉर्ड्स का मंच हमेशा से ही अपने संगीत और अनूठे फैशन के लिए जाना जाता रहा है, लेकिन इस बार 'हॉट टू गो' फेम गायिका चैपल रोआन का रेड कार्पेट लुक टॉक ऑफ द टाउन बन गया है। उनके बोल्ड और आर्टिस्टिक 'मुलर' गाउन ने इंटरनेट को दो धड़ों में बांट दिया है। 68वें वार्षिक ग्रैमी अवॉर्ड्स में चैपल रोन ने जैसे ही कदम रखा, कैमरे उनकी ओर मुड़ गए। उन्होंने मुलर का डिजाइन किया गया एक कस्टम शीयर गाउन पहना था, जिसने सोशल मीडिया पर मिली-जुली प्रतिक्रियाओं का तूफान खड़ा कर दिया। चैपल रोआन का यह लुक कोई साधारण फैशन चॉइस नहीं था। यह लेजेंडरी डिजाइनर मैनफ्रेड थियरी मुलर के 1998 के स्प्रिंग/समर 'ज्यू डी पॉम' कॉउचर कलेक्शन से प्रेरित था। इस ऐतिहासिक लुक को फैशन हाउस मुलर के डिजाइनर मिगुएल कास्त्रो फ्रीटास ने 2026 के लिए नए सिरे से तैयार किया था।



## 'द ड्रामा' का ट्रेलर आया सामने

**लॉस एंजेलिस।** 3 अप्रैल को रिलीज होने वाली फिल्म 'द ड्रामा' एक ऐसे रोमांस की कहानी है, जो एक चौंकाने वाले खुलासे के बाद बिखरने लगता है। ट्रेलर की शुरुआत में ज़ेंडया और रॉबर्ट पैटिनसन एक परफेक्ट कपल के रूप में नजर आते हैं, लेकिन कहानी में मोड़ तब आता है जब एक सच उनके रिश्ते की नींव हिला देता है। 'द ड्रामा' में, ज़ेंडाया एम्मा का किरदार निभा रही हैं, जो एक इंग्लिश ग्रेजुएट है और मिशन बुक्स में काम करती है, जबकि पैटिनसन चार्ली का किरदार निभा रहे हैं, जो कैम्ब्रिज आर्ट म्यूज़ियम के डायरेक्टर हैं और उनके पास आर्ट हिस्ट्री में पीएचडी है।




## तापसी की 'अस्सी' का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** तापसी पन्नू स्टारर फिल्म 'अस्सी' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ये ट्रेलर मजबूत कहानी के साथ अच्छी स्टारकास्ट की झलक दिखा रहा है। ये ट्रेलर काफी प्रॉमिसिंग और मजबूत कहानी वाला नजर आ रहा है। ये फिल्म 20 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस ट्रेलर की एक टैगलाइन है 'उस रात वो घर नहीं पहंची', इसी से समझ में आता है कि ये कहानी क्या होगी। ट्रेलर एक कोर्टरूम ड्रामा है, जिसमें तापसी एक वकील के किरदार में नजर आने वाली हैं। फिल्म में तापसी एक रेप विक्टिम को न्याय दिलाने की कोशिश करने में लगी हैं। ट्रेलर से समझ आता है कि ये एक रेप विक्टिम की कहानी है, जो रात में अपने घर आ रही होती है और उसे रास्ते में कुछ लोग गाड़ी में ले जाते हैं और रेप कर फेंक देते हैं। इसके बाद शुरू होता है कोर्टरूम ड्रामा, जो हर किसी के दिमाग के पुर्जे हिला सकता है।



## 'धुरंधर' ने तोड़ा दंगल और पीके का रिकॉर्ड

**मुंबई।** रणवीर सिंह स्टारर फिल्म 'धुरंधर' 19वीं भारतीय फ़िल्म बन गई है, जिसने देश में 40 मिलियन से ज़्यादा टिकट बेचे हैं। यह एक ऐसा कारनामा है, जिसे कई लेजेंडरी ब्लॉकबस्टर फ़िल्में भी हासिल नहीं कर पाईं हैं। ट्रेड एक्सपर्ट्स ने फ़िल्म के लगातार थिएटर में चलने और देश भर में औसत टिकट कीमतों के आधार पर इन आंकड़ों का अनुमान लगाया है। 5 दिसंबर, 2025 को रिलीज़ हुई धुरंधर बहुत शानदार ओपनिंग नहीं की थी। इसने पहले दिन लगभग 30 करोड़ कमाए। लेकिन इसके बाद जो हुआ, वह वर्ड-ऑफ-माउथ से मिली सफलता का एक बेहतरीन उदाहरण था। फिल्म ने अगले हफ्तों में ज़बरदस्त ग्रोथ दिखाई, और अपने थिएट्रिकल रन के दौरान लगातार नए सिंगल-डे रिकॉर्ड बनाए।

## कल्कि 2898 एडी-2 में नजर आ सकती हैं साई पल्लवी



**मुंबई।** प्रभास की फिल्म कल्कि 2898 एडी को फैंस ने खूब पसंद किया। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन, दीपिका पादुकोण और कमल हासन जैसे स्टार्स थे। नाग अश्विन की फिल्म का दूसरा पार्ट बन रहा है, और इस बात को लेकर काफी अटकलें लगाई जा रही हैं कि सीक्वल में दीपिका पादुकोण की जगह कौन लेगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक, साई पल्लवी फिल्म के सीक्वल में दीपिका पादुकोण की जगह लेंगी। साई पल्लवी दीपिका पादुकोण को रिप्लेस कर रही हैं। फिल्म की टीम के एक रिप्रेजेंटेटिव ने कन्फर्म किया है कि दीपिका पादुकोण की जगह साई पल्लवी को लेने पर विचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा, अभी कुछ भी फाइनल नहीं हुआ है। लेकिन हां, दीपिका के बाहर होने के बाद, मेकर्स रोल के लिए साई पल्लवी पर विचार कर रहे हैं। उन्हें लगता है कि साई पल्लवी इस रोल के लिए परफेक्ट होंगी। हालांकि, साई पल्लवी को अभी फाइनल नहीं किया गया है। कृपया ऑफिशियल कन्फर्मेशन का इंतजार करें। कास्टिंग फाइनल होने के बाद प्रोड्यूसर्स एक स्टेटमेंट जारी करेंगे।" कल्कि 2898 एडी जून 2024 में रिलीज हुई थी। फिल्म ने दुनिया भर में 1042 करोड़ कमाए। प्रभास ने भैरव का रोल निभाया, अमिताभ बच्चन ने अश्वत्थामा का और कमल हासन ने विलेन सुप्रीम यास्किन का रोल निभाया।

## 29 साल बाद आमने-सामने होंगे सन्नी और अक्षय

मुंबई। ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स ने मुंबई में आयोजित अपने भव्य कार्यक्रम 'व्हाट्स नेक्स्ट ऑन नेटफ्लिक्स' में 2026 के लिए अपने प्रोजेक्ट्स की घोषणा कर दी है। इस पूरी लिस्ट में जिस फिल्म ने सबसे ज्यादा सुर्खियां बटोरीं, वह है सिद्धार्थ मल्होत्रा की 'इक्का'। इस लीगल ड्रामा की सबसे खास बात यह है कि इसमें सनी देओल और अक्षय खन्ना की जोड़ी पूरे 29 साल बाद स्क्रीन पर वापसी कर रही है। इससे पहले ये दोनों दिग्गज साल 1997 की ब्लॉकबस्टर फिल्म बॉर्डर में साथ नजर आए थे। सोशल मीडिया यूजर्स ने इक्का के पहले टीज़र पर तुरंत प्रतिक्रिया दी और सनी देओल और अक्षय खन्ना के परफॉर्मेंस की तारीफ की। एक यूजर ने लिखा, तारा सिंह और रहमान डकैत का क्रॉसओवर। एक और फैन ने कमेंट किया, उम्मीद नहीं थी कि नेटफ्लिक्स सनी और अक्षय के साथ कुछ बना रहा है। एक और कमेंट में लिखा था सनी देओल बनाम अक्षय खन्ना क्या कोलैब है।



## ओटीटी की दुनिया में नजर आएगी चाहत

**मुंबई।** टीवी और रियलिटी शो की दुनिया में अपनी पहचान बना रही एक्ट्रेस चाहत पांडे ने ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भी डेब्यू किया है। हंगामा ओटीटी पर रिलीज हुई नई वेब सीरीज 'हसरतें सीजन 3' में उन्होंने एक चुनौतीपूर्ण किरदार निभाया है। उनका किरदार कई मायनों में महिलाओं की जटिल भावनाओं, उनकी इच्छाओं और उनके संघर्ष को बयां करता है। सीरीज के नए एपिसोड 'नया किराएदार' में चाहत पांडे ने स्मिता नाम की गृहिणी की भूमिका निभाई है। स्मिता एक ऐसी महिला है, जो अपने पति के अचानक गायब होने के बाद अकेली और भावनात्मक रूप से असुरक्षित महसूस करती है। उसे अपनी दबंग सास के साथ रहना पड़ता है, जिससे उसके जीवन में दबाव और भी बढ़ जाता है। समाज की निगाहें, ऑफिस में हो रहे उत्पीड़न और अपनी अधूरी इच्छाओं को दबाने की मजबूरी ने उसकी जिंदगी को थमा दिया है। लेकिन कहानी में बदलाव तब आता है, जब उसके घर में समर्थ नाम का एक युवा म्यूजिशियन किरायेदार बनकर आता है। उनकी बढ़ती दोस्ती स्मिता के भीतर छिपी हुई भावनाओं को फिर से जागृत करती है। जैसे-जैसे स्मिता समर्थ के करीब जाने लगती है, अचानक उसके पति की वापसी हो जाती है। स्मिता को अब यह तय करना होता है कि वह समाज की बनाई गई मर्यादाओं और पारिवारिक जिम्मेदारियों में बंधी रहे या अपनी खुशी और व्यक्तिगत स्वतंत्रता को चुने।



## शाहिद की 'ओ रोमियो' से लेकर तापसी की 'अस्सी' तक शामिल

# फरवरी में मनोरंजन का तड़का, रिलीज होंगी कई फिल्में

एजेंसी ▶▶| मुंबई

जनवरी सनी देओल की फिल्म 'बॉर्डर 2' के साथ धमाकेदार तरीके से खत्म हो रहा है। लोग फरवरी में आने वाली नई फिल्मों का इंतजार कर रहे हैं। अगला महीना कई मजेदार हिंदी फिल्में लेकर आ रहा है। इसमें शाहिद कपूर की 'ओ रोमियो' से लेकर तापसी पन्नू की 'अस्सी' तक शामिल हैं।

### ओ रोमियो

विशाल भारद्वाज ने 'ओ रोमियो' को निर्देशित किया है। इसमें शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म बनाने वालों ने कुछ दिन पहले ट्रेलर जारी




किया, जिसमें उस्तारा और अफशा की दुनिया की झलक है। साजिद नाडियाडवाला के बैनर तले बनी यह रोमांटिक एक्शन थ्रिलर 13 फरवरी को रिलीज होगी। मुख्य कलाकारों के अलावा, फरीदा जलाल, तमन्ना भाटिया, नाना पाटेकर, दिशा पटानी, अविनाश तिवारी और विक्रांत मैसी भी हैं।

आवश्यकता है हरिभूमि

हरिभूमि भोपाल में शेड्लिंग के कार्य के लिए एक योग्य व्यक्ति की ज़रूरत है अपने बायोडोटा के साथ सम्पर्क करें

मिलने के समय (11:00 से 02:00) शाम (6:00 से 8:00)

पता :- हरिभूमि कार्यालय 4 फ्लोर, मानसरोवर कॉम्प्लेक्स, एम.पी. नगर, भोपाल

मो.: 8770833858




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930